फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष 34, अंक 46, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 16
फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 15




### यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा : मोदी

# पूर्वांचल में खत्म हुआ माफियाराज

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट व अलीगढ़ को दिया एयरपोर्ट का तोहफा
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का भी हुआ लोकार्पण
- आजमगढ़ से 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ से प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करते हुए इंडी गठबंधन को जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, माफियाराज, तुष्टिकरण और कट्टरपंथ का पोषक ठहराया। कहा कि अब उप्र. से माफियाराज और कट्टरपंथ खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते कहा कि उत्तर प्रदेश पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

मोदी ने प्रदेश के पांच जिलों में नए एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और विकास से जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पीएम ने कहा कि प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। ये आंकड़े और जमीनी हकीकत बोल रहे हैं। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। मोदी ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने भोजपुरी में कहा कि ...आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला...। पिछले चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया। इसलिए बौखलाए हुए हैं, आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। वो ये भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। हिन्दुस्तान के हर कोने से आवाज आ रही है, हर कोई कह रहा है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार'।


आजमगढ़ में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को प्रतीक चिन्ह देते मुख्यमंत्री योगी।

#### प्रधानमंत्री ने प्रदेशवासियों को दिया तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने 3,628 करोड़ से प्रदेश के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। 108 करोड़ से महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ 11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबलपुर, ग्वालियर, पुणे, कोल्हापुर, दिल्ली और आदमपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। 8,176 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। 131 करोड़ से चार टावर लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का भी लोकार्पण हुआ।

#### रिकॉर्ड निवेश, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से यूपी की पहचान

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं। यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का इंतजार भी खत्म हो गया है। काशी, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। यह गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

#### मुख्यमंत्री बोले- माफिया के गढ़ में अब अपराध नहीं, मनी की हो रही बौछार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण ही नहीं, बल्कि विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम का आभार जताया। विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ पूरा प्रदेश जुड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, ओमप्रकाश राजभर, योगेंद्र उपाध्याय, दारा सिंह चौहान, सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' आदि मौजूद रहे।

## कूनो में 5 चीता शावकों का जन्म



- अब देश में चीतों की संख्या बढ़कर 26 हुई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता 'गामिनी' ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है।

## सुभासपा प्रदेश सचिव की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, संतकबीरनगर



- रविवार शाम भाजपा कार्यालय में हुई बैठक से लौटी थीं घर
- चेहरे और गर्दन पर किए गए कई वार, लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार** : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव की रविवार शाम उनके बेडरूम में हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उनके चेहरे और गर्दन पर कई वार किए जाने के निशान मिले हैं।

सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर (30) पत्नी अच्छेलाल राजभर कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले की निवासी थीं। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने के बाद शाम लगभग 4 बजे घर लौटी थीं। उनके पति काम पर गए थे, जबकि बेटा खेलने गया था। शाम लगभग 5.30 बजे मोहल्ले की एक महिला उनके घर किसी काम से गई। दरवाजा खुला से वह नंदिनी के कमरे में पहुंची तो फर्श पर उनकी खून से लथपथ लाश पड़ी थी। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और पुलिस बल के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी मौका मुआयना किया। घटना को लेकर सुभासपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।

## एक नजर

### आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ सात आईईडी बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और सात आईईडी बरामद किए तथा एक वायरलेस सेट जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह ठिकाना सुरनकोट इलाके में दारा सांगला में एक गुफा के अंदर था। पुलिस और सेना के संयुक्त खोज दल ने इसका भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंबल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

### न्यायमूर्ति खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले महीने लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

### सीआईएसएफ को दी स्थापना दिवस की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को उसके स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में उनका समर्पण और सतर्कता अद्वितीय है। भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में शामिल सीआईएसएफ की स्थापना 1969 में की गई थी तथा इसे अहम सरकारी तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को गौरवशाली स्थापना दिवस की बधाई।

### मादक पदार्थ गिरोह की जांच को मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की प्राथमिकी समेत विभिन्न प्राथमिकियों पर संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एनसीबी ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 3,500 किलोग्राम 'स्यूडोएफेड्रिन' की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार को 36 वर्षीय जाफर सादिक को गिरफ्तार किया था।

## लालू यादव का करीबी सुभाष गिरफ्तार

**अवैध रेत खनन केस**

पटना, एजेंसी



- ईडी के छापे में दो करोड़ से अधिक नकदी और कागजात जब्त

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार किया है। सुभाष यादव को राजद प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को राज्य की राजधानी में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे। यादव को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया और जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ रुपये नकद और कई कागजात जब्त किए गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रेत खनन गिरोह के अहम सिंडिकेट सदस्य होने के आरोपी यादव को सोमवार को पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। सुभाष यादव राजद के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। धनशोधन का यह मामला बिहार पुलिस द्वारा 'ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' (बीसीपीएल) और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज की गई 20 प्राथमिकियों से जुड़ा है।

### मादक पदार्थ गिरोह की जांच को मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की प्राथमिकी पर संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एनसीबी ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 3,500 किलोग्राम 'स्यूडोएफेड्रिन' की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार को 36 वर्षीय जाफर सादिक को गिरफ्तार किया था।

## पटरियों पर धरने पर बैठे किसान

**रेल रोको आंदोलन**

चंडीगढ़, एजेंसी


पटियाला में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान आंदोलनकारी।

- ट्रेनों के चक्के थमने से स्टेशनों पर यात्री रहे परेशान
- हरियाणा में किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 'रेल रोको' आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठे। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। धरना-प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चला।

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 27 दिन से अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने देश भर में रेल रोको आंदोलन चलाया। पंजाब में 52 और हरियाणा में तीन स्थानों पर ट्रेनों को रोका गया। हरियाणा के सिरसा में रेलवे ट्रैक को बाधित करने जा रहे तकरीबन 45 किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसानों ने अमृतसर, लुधियाना, तरनतारन, होशियारपुर, फिरोजपुर, फजिल्का, संगरूर, मनसा, मोगा और बठिंडा समेत 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया। जालंधर कैंट और पटियाला स्टेशन के ट्रैक पर भी किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया।

किसानों के धरने के कारण रेलवे की ओर से कुछ गाड़ियों को व्यास व लुधियाना से ही वापस भेज दिया। इनमें शान-ए-पंजाब, अमृतसर एक्सप्रेस, अजमेर एक्सप्रेस, अमृतसर चंडीगढ़ शामिल हैं, जिन्हें व्यास और लुधियाना रेलवे स्टेशन से वापसी के लिए रवाना कर दिया गया। ऐसे में जिन यात्रियों की ओर से अमृतसर से इन गाड़ियों से जाना था, उन्हें दिक्कत हुई।

#### धनारी में किसानों ने बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर को रोका

**संभल।** एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन असली ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर धनारी में बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर को करीब आधा घंटे तक रोके रखा। दोपहर करीब 12 .26 बजे बरेली से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन धनारी पहुंची तो किसान ट्रैक पर पहुंच गए। भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में किसान ट्रैक पर बैठ गए। कुछ किसान ट्रेन से उतरकर रेल ट्रैक पर बैठे। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।

## राज्यकर्मियों का डीए 4% बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 12 लाख पेंशनरों को भी मिलेगा वृद्धि का लाभ

**अमृत विचार** : राज्य कर्मियों और पेंशनरों को जनवरी 2024 से चार प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी को स्वीकृत दी गई है। राज्य के खजाने पर लगभग 314 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। वित्त विभाग की ओर से यह स्वीकृति दे दी गई है और संभवत सोमवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा। ऐसे में 10 लाख राज्यकर्मियों और आठ लाख शिक्षकों का वेतन बढ़ जाएगा। साथ ही 12 लाख पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा शनिवार को कर दी गई थी। वित्त विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया की स्वीकृति मिलने के बाद इस संबंध में बस आदेश जारी होने की औपचारिकता ही बाकी है।

## 35 हजार में बिका एक नींबू



- तमिलनाडु के इरोड गांव स्थित एक मंदिर में हुई थी नीलामी

**इरोड (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में इरोड के एक गांव स्थित मंदिर में हुई नीलामी में एक नींबू 35 हजार रुपये में बिका। इरोड से 35 किमी की दूरी पर स्थित शिवगिरि गांव के पास पझापूसियन मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को नींबू और फल सहित अन्य वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं। बाद में इनकी नीलामी की जाती है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि नीलामी में कम से कम 15 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और इरोड के एक श्रद्धालु को एक नींबू 35 हजार रुपये में बेचा गया। मंदिर के पुजारी ने नीलाम किए गए नींबू को सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को सौंपा।

## टीएमसी ने बंगाल में सभी सीटों पर उतारे प्रत्याशी

कोलकाता, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- इंडिया गठबंधन को लगा झटका कांग्रेस को अभी भी उम्मीद

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। पश्चिम बंगाल से लोकसभा की सभी सीटों पर टीएमसी द्वारा प्रत्याशी उतारे जाने से विपक्षी इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। इसके बावजूद कांग्रेस को अभी भी सीटों के बंटवारे पर समझौता होने की उम्मीद है।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। बसीरहाट सीट से पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है। सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं। नए चेहरों में 12 महिला और 26 पुरुष शामिल हैं। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर सीट से नामांकित किया गया है, जो राज्य कांग्रेस प्रमुख और पांच बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है। महुआ मोइत्रा को कृष्णानगर सीट से जबकि पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को बर्धमान-दुर्गापुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह मामले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 22 किलोग्राम अफीम के साथ नौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि झारखंड निवासी अभिराम उर्फ एलेक्स को 12 किग्रा अफीम के साथ रांची से गिरफ्तार किया गया है। जालंधर के मनी, पवन और सिकंदर तथा होशियारपुर के बलिहार को पांच किलो अफीम, तीन वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है। जालंधर की अमरजीत कौर और सन्नी को गिरफ्तार किया गया है। वे हवाला के जरिए ड्रग मनी के वितरण में शामिल थे। वेस्टर्न यूनियन संचालक अमित शुक्ला को फगवाड़ा से और दिल्ली के प्रमोद को गिरफ्तार किया गया है।

## दुधवा : खतरे में डॉल्फिन, जांच वाली फाइल ही गायब

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी



- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं खुला मौत का राज तो किया था विसरा सुरक्षित
- फील्ड डायरेक्टर ने बिठाई थी जांच लेकिन अब फाइल का ही पता नहीं

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन खतरे में है। 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित होने के बाद से दुधवा में कई डॉल्फिन की मौत हो चुकी है लेकिन मौत की वजह जानने को लेकर अधिकारी संजीदा नजर नहीं आ रहे। 24 फरवरी 2024 को भी एक डॉल्फिन का शव गिरजा बैराज में मिला था। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई इसकी जांच फाइल ही गायब हो गई है। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने 16 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है और एक सप्ताह में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट नंबर वन में 22 फरवरी 2024 को डॉल्फिन का शव मिला था। वन विभाग की टीम ने दो चिकित्सकों डॉ. दयाशंकर और डॉ. दीपक से पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉल्फिन की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी तो विसरा आईवीआरआई बरेली भेजने के लिए सुरक्षित कर लिया गया था। हैरानी की बात है कि 16 दिन बाद भी विसरा आईवीआरआई नहीं भेजा जा सका। आशंका जताई जा रही थी कि अवैध रूप से मछली का शिकार होने के चलते डॉल्फिन की मौत हुई है तो यह बड़ा मामला होगा। बहरहाल इससे संबंधित जांच रिपोर्ट ही गायब हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी गेरुआ और घाघरा नदी से मछली के शिकार की सच्चाई सामने आने से जिम्मेदारों की न सिर्फ पोल खुल जाएगी, बल्कि कई पर कार्रवाई भी हो सकती है। कार्रवाई से बचने को जांच रिपोर्ट गायब कर देने की चर्चा हो रही है।

#### डॉल्फिन के कारण प्रतिबंधित है मछली का शिकार

डॉल्फिन को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली गेरुआ और घाघरा नदी में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। डॉल्फिन की सुरक्षा के लिए इन नदियों में मछली का शिकार प्रतिबंधित है फिर भी चोरी-छिपे मछलियों का शिकार होता है। कई बार डॉल्फिन भी इनके जाल में फंस जाती है। माना जा रहा है की मछलियों के अवैध शिकार के दौरान ही डॉल्फिन की मौत हुई है।

> गिरिजा बैराज में डॉल्फिन की मौत की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता लगा रहे हैं। वैसे विसरा जांच के बाद भी काफी हद तक हकीकत सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। - **ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व।

#### पहले भी जान गवां चुकी हैं चार डॉल्फिन

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाव स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज में अब तक चार डॉल्फिन के शव मिल चुके हैं। मौतें और भी हुई होंगी लेकिन जिनके शव मिल गए, उन्हीं की जानकारी सामने आ पाई। वर्ष 2014 में एक डॉल्फिन का शव उतराता मिला। कुछ दिन बाद एक और डॉल्फिन का शव मिला। इसके आठ साल बाद नवंबर 2022 में महीने भर के अंदर दो डॉल्फिन के शव क्रमशः गेट नंबर एक और तीन में मिले थे।

## एक नजर

### सपा ने बनवाया था आजमगढ़-मुरादाबाद एयरपोर्ट : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजमगढ़ और मुरादाबाद का एयरपोर्ट नेताजी और समाजवादी पार्टी ने बनाया था, जिसका उद्‌घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को किया। सपा प्रमुख ने कहा कि डबल इंजन की सरकार एयरपोर्ट नहीं बना पा रही। रसूलाबाद में एक हवाई पट्टी बनाई थी, सरकार बनते ही उस पर हवाई जहाज उतार दिया। आज वहां पूरी हवाई पट्टी पर बबूल उग गया है। ये केवल दिखावा है। चुनाव आ गया है तो दिखाना है कि हमने कुछ काम किया है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य हो सकते हैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी से हाल ही में निकलकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य से रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। सपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। सपा ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 17 सीटें देने की घोषणा की है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सूत्रों का कहना है कि सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को लखनऊ स्थित स्वामी प्रसाद मौर्य के आवास पर पहुंचे। मौर्य ने स्वयं सोशल मीडिया 'एक्स' पर फोटो पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि दोनों ने औपचारिक भेंट वार्ता में इंडिया गठबंधन के विस्तार पर सकारात्मक चर्चा की।

# पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दामों पर बेचा : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



रविवार को देवरिया में कार्यक्रम के दौरान लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री दया शंकर सिंह, मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दाम पर चीनी मिली बेच दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने के साथ औद्योगिकरण, विश्वविद्यालय, कॉलेज, सड़कें-पुल आदि तमाम सौगात दी। गोरखपुर समेत शहरों को इज ऑफ लिविंग के लिए ऐसा स्मार्ट बनाने का निर्देश दिया कि दुनिया सीखे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम की 482 करोड़ रुपये की 253 विकास परियोजनाओं, देवरिया को 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं और कुशीनगर में 2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 50 साल की गारंटी वाली सड़कें बनवा रही है। गोरखपुर शहर की सुंदरता में रामगढ़ताल की चर्चा करते हुए कहा कि जो रामगढ़ताल 7 साल पहले गंदगी और अपराध का गढ़ था, जिसके समीप सर्किट हाउस में किसी वीआईपी को ठहराने से पहले पीएसी लगानी पड़ती थी, वह आज सेल्फी और शूटिंग का केंद्र बन गया है। कहा कि आज गोरखपुर के पास सबकुछ है। इसे संजोने और संवारने का काम नगर निगम का है।

▸▸ **इज ऑफ लिविंग के लिए शहरों को स्मार्ट बनाने की जरूरत : मुख्यमंत्री**

देवरिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आम जनमानस 'फिर एक बार मोदी सरकार' का संकल्प ले चुकी है। अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

कुशीनगर में योगी ने कहा कि भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। योगी ने सवाल भी पूछा कि क्या सपा, बसपा या कांग्रेस की सरकार होती तो राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि आज देश की आवाज है, 'फिर एक बार मोदी सरकार।' अगर विकास और समृद्धि चाहिए तो इसके लिए लक्ष्मी जी की कृपा भी चाहिए और लक्ष्मी जी कमल पर बैठकर ही आती हैं।

**ये भी रहे उपस्थित**

कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, सांसद सांसद रविकिशन शुक्ला, सांसद विजय कुमार दुबे, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी, सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक सादर डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक विवेकानंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

## उपेक्षित पिछड़ी जातियों को 2.57 लाख सीएम आवास

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सात साल में कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया। खास बात ये है कि बड़ी संख्या में उपेक्षित मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास दिए गए हैं।

दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, चेरो को 5,367, बैगा को 1,584, नट को 2,220, बोक्सा को 164, और पछइया लोहार को 17 व गढ़इया लोहार को 11 आवास प्रदान किए गए हैं।

वहीं, 71,257 आवास दिव्यागंजन को प्रदान किए गए हैं तो दैवीय आपदा से अपना मकान गंवाने वालों को भी 78,101 आवास प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा कुष्ठ रोग से पीड़ित 5,021, जेई/ एईएस को 674 और कालाजार पीड़ितों को 249 आवास आवंटित किए गए।

# भाजपा सरकार ने शिक्षकों को अपमानित किया : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ **कहा, नई शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से करेगी दूर**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिरा है। नई शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से दूर करेगी। प्राथमिक, माध्यमिक, पॉलिटेक्निक और आईटीआई में छात्रों का एडमिशन कम हो रहे हैं। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। छात्रों की परीक्षाएं रद्द करनी पड़ रही है। भाजपा सरकार ने शिक्षकों को अपमानित करने का काम किया है।

अखिलेश रविवार को सपा मुख्यालय में राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों और शिक्षक सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र बचाने में शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक, बेरोजगार, नौजवान और किसान इस बार भाजपा को सत्ता से हटाएंगे। भाजपा और आरएसएस सबसे बड़ी परिवारवादी है। इनका कोई सिद्धांत नहीं है।

उन्होंने कहा कि मोहम्मद आजम खां ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने विश्वविद्यालय बनवाया। समाजवादी सरकार ने वित्तविहीन शिक्षकों के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट दिया था। भाजपा सरकार ने इसे भी रोक दिया। समाजवादी सरकार ने शिक्षामित्र को समायोजित किया था, जिससे उन्हें अन्य शिक्षकों की तरह सम्मान मिल सके। शिक्षामित्र को समायोजित करने का वही रास्ता है जो समाजवादी सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत छात्रों को नौकरी देने की नहीं है। नौकरियों के फार्म दिखावा करने के लिए निकाला जाता है। बैठक में शिक्षक सभा ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया। शिक्षक सभा ने तय किया है कि लोकसभा चुनाव में शिक्षक सभा के प्रतिनिधि क्षेत्र में जाकर पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांग पुरानी पेंशन बहाल होनी चाहिए, वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय मिलना चाहिए, शिक्षा का स्तर सुधारना चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्वकुलपति प्रो. बी पांडेय ने की। बैठक से पहले अखिलेश ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**दबाव में पद छोड़ रहे अधिकारी**

अखिलेश यादव ने चुनाव आयुक्त द्वारा इस्तीफा दिए जाने के सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार में कई बार संवैधानिक संस्थाओं पर बैठे अधिकारियों को दबाव में पद छोड़ना पड़ा है। आखिर संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव किसका है।

# अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका के नाम पर रहा फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


राहुल गांधी


प्रियंका गांधी

▸▸ **प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा**

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश कांग्रेस को मिलीं 17 सीटों को लेकर रविवार को प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारे जाने पर जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में बाकी सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हुआ।

पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी की पहली सूची में वायनाड से प्रत्याशी बनाए गए राहुल गांधी को अमेठी से भी चुनाव मैदान में उतारने पर जोर दिया गया। जब पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के अस्वस्थ रहने व स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप रायबरेली से प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाने पर चर्चा हुई। इसी तरह, वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फिर से प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। वह पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 के चुनाव में उन्हें 14.44 फीसदी वोट मिले थे।

सहारनपुर में 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे इमरान मसूद को इस बार फिर प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। सूत्रो ने बताया कि अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली को उतारने की तैयारी है। वे बसपा से निष्कासित किए जा चुके हैं।

सीतापुर में भाजपा से इस्तीफा देकर सपा व बाद मे कांग्रेस में आए पूर्व विधायक राकेश राठौर को प्रत्याशी बनाने की तैयारी है। इसी प्रकार, बाराबंकी से तनुज पुनिया, झांसी से पूर्व सांसद प्रदीप जैन, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, महराजगंज से विधायक वीरेंद्र चौधरी व अमनमणि त्रिपाठी व फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार प्रत्याशी हो सकते हैं।

कानपुर से आलोक मिश्र, अजय कपूर व विकास अवस्थी के नाम पर विचार चल रहा है। मथुरा से पूर्व विधायक प्रदीप माथुर व पंडित राजकुमार रावत, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और अजय कुमार लल्लू, बांसगांव से कमल किशोर व अनूप प्रसाद, बुलंदशहर में बंशी सिंह के नाम पर विचार चल रहा है। प्रयागराज सीट पर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नाम पर विचार चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावना को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा मोना आदि शामिल हुए।

## भाजपा-लोकदल के नेताओं ने समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हरदोई से भाजपा नेता पूर्व विधायक ओमेन्द्र वर्मा के साथ आये उनके समर्थकों ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में जनपद बहराइच के राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष डॉ. अजीमुल्ला खान के साथ आये लोगों ने भी कांग्रेस का दामन थामा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, डॉ. सीपी राय, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, अंशू अवस्थी, सचिन रावत, विक्रम पांडेय मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामनाथ वर्मा, साजिद हुसैन मंसूरी, शिवराज वर्मा, हरी सिंह, सईद अहमद, आरिफ बेग, अब्दुल अजीज, सगीर अहमद, समीर खान, आरए सिद्दीकी, अलिफ सिद्दीकी, मो. जैद, मो. आसिफ पूर्व बीडीसी सदस्यों के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# व्यापारियों की बदौलत देश की अर्थ व्यवस्था हुई मजबूत : नितिन अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन अपने कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को राजनीति में भागीदारी की बात करता है। देश व प्रदेश की राजनीति में व्यापारियों के आने से मजबूती मिलेगी। यही वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान परिस्थितियों में देश को विश्व पटल पर आगे बढ़ाने में सक्षम हैं। ये बातें संगठन के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कही।

वे मैरियाड बैंक्वेट्स में आयोजित उप्र उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश के विकास में व्यापारियों के योगदान को भूलाया नही जा सकता है। व्यापारियों की जी तोड़ मेहनत की बदौलत हमारी अर्थ व्यवस्था में मजबूती आती है। हमारा रुपया विश्व की अर्थव्यवस्था में 15वें नम्बर पर पहुंच गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री/पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह हमारी जीडीपी बढ़ रही है। व्यापारियों के सहयोग से हम जल्द ही 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के पार हो जाएंगे।

**सपा-बसपा सरकारों में व्यापारियों का होता था शोषण**

यह हमें नहीं भूलना चाहिए कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनी हो या बहुजन समाज पार्टी की सरकार हो व्यापारियों पर फर्जी मुकदमें, व्यापारियों को जेल में डाला गया, और व्यापारियों का उत्पीड़न हुआ है। आज भाजपा की सरकार में व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है।



## एक नजर

### जनपदस्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत द्वारा सोमवार को ऑफ़िसर्स क्लब में पूर्वाह्न 11 बजे से जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी-2024 का शुभारम्भ किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस पुष्प प्रदर्शनी में कलात्मक पुष्प सज्जा तथा मौसमी फूलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा जनपद में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी अपराह्न 4 बजे प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

# 10 रुपये में लखनऊ तो 25 में पहुंचिए अयोध्या

**सहूलियत**

- पैसेंजर ट्रेनों का 30 से घटकर 10 रुपये हुआ किराया
- लोगों को सस्ते किराये में मिलेगा यात्रा करने का मौका

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी




**कुछ स्टेशनों का किराया**

बाराबंकी से दरियाबाद तक 10 रुपये
बाराबंकी से बड़ागांव तक 15 रुपये
बाराबंकी से देवराकोट तक 20 रुपये
बाराबंकी से अयोध्या धाम 25 रुपये
बाराबंकी से लखनऊ 10 रुपये

**हजारों यात्रियों को मिलेगा लाभ**

रेल मंत्रालय ने कोविड के दौरान पैसेंजर ट्रेनों का जो किराया बढ़ाया था, उसे कम कर दिया है। इससे अब लखनऊ जाने के लिए यात्रियों को मात्र 10 रुपए देने होंगे। वहीं अयोध्या के लिए पैसेंजर ट्रेन का किराया 25 रुपये होगा। इससे अब हजारों यात्रियों को लाभ मिलेगा।

–**पीयूष कुमार**, स्टेशन मास्टर, बाराबंकी रेलवे स्टेशन

**अमृत विचार :** रेलवे ने सामान्य टिकट पर यात्रा की सुविधा बहाल कर दी है। अब रेल यात्री दस रुपये में भी रेल सफर कर सकेंगे, जबकि कोरोना काल में रेल मंत्रालय ने न्यूनतम किराया तीस रुपये कर दिया था। रेल मंत्रालय के इस प्रयास से अब यात्री बाराबंकी रेलवे स्टेशन से मात्र 10 रुपए में लखनऊ की यात्रा तो वहीं अयोध्या धाम के लिए मात्र 25 रुपये किराया देना पड़ेगा। इस सहूलियत से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

मेमू और पैसेंजर ट्रेनों से लखनऊ, उन्नाव कानपुर के साथ ही अयोध्या, गोंडा आदि शहरों के लिए जाना सस्ता हो गया है। रेलवे ने कोरोना संक्रमण काल से पहले का न्यूनतम किराया 10 रुपये निर्धारित कर दिया है। अभी तक न्यूनतम किराया 30 रुपये लग रहा था। कोरोना संक्रमण के दौरान रेल प्रशासन द्वारा इनका भी किराया एक्सप्रेस ट्रेन के बराबर कर दिया गया था। रेलवे की ओर से फिर से पैसेंजर ट्रेनों के किराये में संशोधन कर दिया गया है। इससे बाराबंकी के हजारों ट्रेन यात्रियों को लाभ मिलेगा। बाराबंकी से लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, अयोध्या, बस्ती गोंडा आदि शहरों के लिए पैसेंजर और मेमू ट्रेनें चलती हैं। किराया कम होने का यात्रियों को लाभ मिलेगा।

# शारदा नहर में मिला युवती का शव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम हराहरी सरांय रज्जन गांव के समीप शारदा सहायक समानान्तर ब्रांच दरियाबाद नहर में रविवार को लगभग 22 वर्षीया युवती का शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची टिकैतनगर पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रविवार की भोर उधर से गुजरे ग्रामीणों की नजर शारदा सहायक समानान्तर नहर में उतराते शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची टिकैतनगर पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# ट्रेलर में घुसी अनियंत्रित बाइक, दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**हादसा**

- रोजगार के सिलसिले में दिल्ली जा रहे थे दोनों
- रामनगर थाना क्षेत्र के लखनऊ गोंडा हाईवे पर हुई दुर्घटना

**अमृत विचार :** लखनऊ-गोण्डा हाईवे पर तेज़ रफ़्तार बाइक अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के मुताबिक दोनों युवक रोजगार के सिलसिले में दिल्ली जाने के लिए निकले थे। सड़क हादसे में एक ही गांव के दो युवकों की मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया। रामनगर थाना अंतर्गत ग्राम कंधई तारापुर निवासी देशराज (18) पुत्र शिवमूरत व चंद्रेश (30) पुत्र प्रकाश रोज़गार के सिलसिले में दिल्ली जाने की बात कह कर शनिवार की देर शाम बाइक से निकले थे। रात के करीब साढ़े दस बजे रामनगर थाना अंतर्गत लखनऊ-गोण्डा हाइवे पर स्थित कटियारा नेता ढाबा के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखचे उड़ गए और दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे रामनगर के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने तत्काल एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया है। देशराज के बड़े भाई राहुल ने बताया कि देशराज गांव के ही चंद्रेश के साथ दिल्ली जाने के लिए शनिवार की देर शाम घर से निकला था।इस हादसे से परिवारवालों में कोहराम मच गया है।

## 30 लीटर शराब के साथ तीन बंदी

**बाराबंकी अमृत विचार:** तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। फतेहपुर पुलिस टीम ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक, देवा ने 10 लीटर के साथ एक और असंद्रा पुलिस ने एक आरोपी को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

**तमंचे और कारतूस के साथ तीन धरे गए : बाराबंकी: अमृत विचार:** अपराध व अपराधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को तीन अलग-अलग थानों से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने तमंचे व कारतूस बरामद किये। सुबेहा, असंद्रा व टिकैतनगर पुलिस ने आरापियों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# चुनाव तैयारियों की एसपी ने की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर एसपी ने एएसपी और सीओ को शांतिपूर्ण चुनाव कराने का टास्क सौंपा। शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार में एसपी ने बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की।

पूर्व के चुनाव विवादों की जानकारी व कार्रवाई के साथ अराजकतत्वों के पाबंद करने की कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चुनाव निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना पुलिस के सामने चुनौती है। इसे स्वीकार करते हुए सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। इसको लेकर चुनाव की तैयारी समय से पूरी कर लें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह व सभी सीओ मौजूद थे।



नवीन मंडी में निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**डीएम-एसपी ने इलेक्शन डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रविवार को इलेक्शन डिस्पैच सेंटर (नवीन मंडी) पहुंचकर स्थलीय निरिक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने दलबल के साथ नवीन मंडी मे बनाए गए इलेक्शन डिस्पैच सेंटर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जो भी कमियां मिलीं, उसे दूर करवाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ .अरुण कुमार सिंह व पुलिस विभाग के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

# 23 लाख मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए लगभग तैयारियां पूरी कर लीं गई हैं। जिले के मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए जिले को 189 सेक्टरों में बांटा गया है। वहीं, सेक्टरों पर मजबूत पकड़ रखने के लिए 20 जोन बनाए गए हैं। जबकि 1702 मतदान केंद्रों पर 23 लाख से अधिक मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता लग सकती है। ऐसे में जिला प्रशासन स्तर से ईवीएम व चुनाव आयोग के सामान्य दिशा-निर्देशों को लेकर कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं, चुनाव के दौरान कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए निर्वाचन आयोग स्तर से भी तैयारियां पूरी की गईं हैं। बूथ स्तर पर तैयारी के लिए जिले को जोन व सेक्टरों में बांटा गया। अधिकारियों ने बताया कि 189 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। वहीं, 19 जोनल मजिस्ट्रेट पूरे चुनाव के दौरान नजर रखेंगे। इसके अलावा प्रत्येक मतदान बूथों पर चार-चार मतदान कर्मी लगाए जाएंगे। वहीं 10 प्रतिशत अतिरिक्त कर्मी रिजर्व में रहेंगे। कुल मिलाकर जिले में 1702 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराया जाएगा। वहीं 2615 मतदान बूथों पर मतदान होगा। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के साथ ही चुनाव कार्मिकों को सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दे दी गईं हैं।

**तैनात होंगे 189 सेक्टर व 29 जोनल मजिस्ट्रेट**

189 सेक्टर, 29 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। वहीं जिले के 1702 मतदान केंद्रों के 2615 मतदान बूथों पर शांति व निष्पक्ष रूप से मतदान कराया जाएगा। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के बाबत जिलाधिकारी स्तर से सभी दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। बीते शनिवार को डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार सिंह ने ईवीएम गोदाम का निरिक्षण भी किया था। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार पांडे ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।

**विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभ- | पुरुष | महिला | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| कुर्सी | 213719 | 188798 | 402522 |
| रामनगर | 184210 | 161131 | 345346 |
| बाराबंकी | 210435 | 186692 | 397157 |
| जैदपुर | 211181 | 191551 | 402743 |
| दरियाबाद | 218539 | 197099 | 415647 |
| हैदरगढ़ | 182819 | 165610 | 348431 |

**कुल मतदाताओं की संख्या 23,11,846 है।** (स्रोत- जिला निर्वाचन कार्यालय)

# सऊदी अरब भेजने के नाम पर ढाई लाख ठगे

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा देकर सगे भाइयों ने तीन युवकों से ढाई लाख रुपये ठग लिये। नौकरी न मिलने पर जब युवकों ने अपने रुपये मांगे तो उन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ितों को भगा दिया।

फतेहपुर निवासी उस्मान व अरमान ने तीन युवकों रेहान, इलहाज और लियाकत से करीब ढाई लाख रुपये हड़प लिए। नौकरी न मिलने पर जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर सभी को भगा दिया। साथ ही दोनों का पासपोर्ट भी रख लिया। शिकायतके बाद जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ितों ने कोर्ट से गुहार लगाई। इसके बाद अदालत के आदेश पर आरोपी सगे भाइयों उस्मान, अरमान और तीन अन्य के विरुद्ध पुलिस ने फतेहपुर कोतवाली में केस दर्ज किया है।



स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित आरएसएस के शाखा संगम में व्यायाम करते स्वयंसेवक। अमृत विचार

# व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है संघ की शाखा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर में जगह - जगह लगने वाली सभी 26 बस्तियों की शाखाओं को एक साथ लगाने का अभिनव प्रयोग हुआ।

सभी शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह अपने ध्वज एवं सैकड़ों स्वयंसेवकों के साथ स्टेडियम में एकत्रित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह ने कहा कि संघ की शाखाओं में व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक क्षमताओं का विकास होता है। संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला है। उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार की 1925 में शुरू की गई शाखा के 99 वर्ष की लंबी यात्रा का सारांश नगर की शाखा संगम में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शाखा हमारी कार्य पद्धति की प्रमुख विशेषता है। वसुधैव कुटुंबकम् भारत का दर्शन है और सर्वे भवन्तु सुखिनः भारत की सनातन परंपरा रही है। विश्व कल्याण के लिए भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भेदभावमुक्त समरस समाज की स्थापना संघ का लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हंसानंद आश्रम के स्वामी अमृतानंद तीर्थ महाराज ने की। संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रचारक सुदीप, नगर संघ चालक विष्णु प्रताप, प्रभात, अनुपम, शैलेंद्र, अजय, शुभम, यशपाल, पारितोष, कपिल, आशीष, अमितेश, अविनाश, सर्वेश, शिवम आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते आरएसएस के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह।

**नियमित कार्यक्रमों की प्रस्तुति को सभी ने सराहा:** संघ के शाखा संगम कार्यक्रम में शाखाओं पर होने वाले नियमित कार्यक्रम की प्रस्तुति का आम नागरिकों ने खूब लुत्फ उठाया।इन कार्यक्रमो में शाखा लगाना, खेलकूद, समता, योग एवं आसन, गीत, सुभाषित अमृत वचन आदि शामिल रहे।वरिष्ठ स्वयंसेवकों के खेलकूद विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

**आह्वान** निजी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में आए फिल्म अभिनेता ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ

# बैंक की जगह खुलवाएं बच्चों की तालीम का अकाउंट : रजा मुराद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रख्यात फिल्म अभिनेता रजा मुराद रविवार को एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बाराबंकी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें उनका बैंक की जगह तालीम का अकाउंट खोलना चाहिये। क्योंकि बैंक खाता कभी भी धोखा दे सकता है। लेकिन तालीम वह खजाना है, जिसे कोई लूट नहीं सकता। बच्चों के ऊपर मां-बाप के बराबर ही एक शिक्षक का भी हक होता है। मां-बाप संस्कार देते हैं, लेकिन उनको तालीम एक शिक्षक ही देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अब बच्चियों की तालीम पर काफी ध्यान दिया जाता है। जिसका नतीजा है कि बच्चियां भी खुद को हर क्षेत्र में साबित करके दिखा रही हैं।



पत्रकारों से वार्ता करते फिल्म अभिनेता रजा मुराद। अमृत विचार

रजा मुराद ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने सवाल किया कि अभी तक उन्हें भारत रत्न सम्मान से क्यों नहीं नवाजा गया। इस दौरान रजा मुराद ने विश्वप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की हवेली को भी राष्ट्रीय स्मारक बनाये जाने का समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने भोजपुरी फिल्मों और उनके गानों में परोसी जा रही अश्लीलता पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड का इस पर अंकुश लगाना काफी जरूरी है।

वहीं आगामी लोकसभा चुनाव पर अपनी राय देते हुए रजा मुराद ने कहा कि जनता ही जनार्दन है, जिसे वह चाहेगी उसी को कुर्सी पर बिठाएगी। पूरा चुनाव जनता पर ही निर्भर करेगा। अगर किसी राजनीतिक दल ने अच्छा काम किया है, तो जनता उसे मौका जरूर देती है। लेकिन केवल डायलॉगबाजी से कुछ नहीं होने वाला। क्योंकि डायलॉगबाजी से अभिनेताओं का तो काम चल सकता है, लेकिन सियासतदानों को जमीन पर काम करके दिखाना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि उत्तर प्रदेश में उन्होंने दोबारा सरकार बनाई है। जिससे साबित होता है कि यकीनन उन्होंने जनता का विश्वास हासिल किया है।

# छह लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रविवार को छह लाख की स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। ग्राम कटरा बाजार थाना क्षेत्र जैदपुर निवासी महेश प्रसाद को जैदपुर पुलिस ने 60 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में छह लाख रुपए बताई जा रही है । गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज़ कर लिया गया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

**गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो गिरफ्तार: बाराबंकी:** गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। सुबेहा पुलिस ने रामबरन गौतम उर्फ बन्ने व हैदरगढ़ पुलिस ने प्रभाकर तिवारी निवासी ग्राम शिवराज पुर को गिरफ्तार किया।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### 30 ग्राम मार्फीन के साथ आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कोतवाली नगर पुलिस टीम ने कोठी के बिबियापुर थाना क्षेत्र कोठी निवासी संजय कुमार वर्मा को 30 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया।

### श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद

हैदरगढ़ ,बाराबंकी, अमृत विचार :श्री नारायणी नमो नमो हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या के दिन हलुआ का प्रसाद वितरण श्री दादी जी की आरती के बाद नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित रविंद्र कुमार अग्रवाल के पेट्रोल पंप पर हुआ। इस मौके पर राजेंद्र झुनझुनवाला, दिलीप झुनझुनवाला,उदय नारायण अग्रवाल उपस्थित थे।

# खेती की लागत कम करने में जुटी सरकार

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण, जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर के कसया में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। इसका जिले के उप कृषि निदेशक कार्यालय सभागार में एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सोलर पम्प अनुदान हेतु चयनित 100 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कृषकों को सोलर पम्प योजना के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार कृषकों की खेती में लगने वाली लागत को कम करने पर पूरे मनोयोग से काम कर रही है। अनुदान पर सोलर पम्पों को उपलब्ध कराना इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। जनपद बाराबंकी में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 349 कृषकों को सोलर पम्प अनुदान के लिये चयनित किया गया है। जिसमें से मौके पर उपस्थित 98 कृषकों को सोलर पम्प के चयन पत्र भी उपलब्ध कराये गये।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य डा. अवधेश वर्मा, संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या मण्डल अवतीन्द्र कुमार मिश्र, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजितराम, भूमि सरंक्षण अधिकारी गोमती डा. कौशलेन्द्र पाल सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी अरुणेश प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



उप कृषि निदेशक कार्यालय में किसान को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव



विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बें के गढ़ी मोहल्ला स्थित राजीव मेमोरियल आदर्श विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रेहान कामिल ने कहा कि बच्चों ने बम बम भोले पर झांकी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा दहेज प्रथा पर जिस तरह से झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया उससे यह बात साबित होती है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। कुछ करने की तमन्ना होनी चाहिए। मंजिल दूर नहीं है। आरएसएस के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय दास ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री सुनीत कुमार अवस्थी, सभासद दीपेश श्रीवास्तव, हरिओम शुक्ला, डॉ. अनिल द्विवेदीतथा विद्यालय के प्रधानाचार्य घनश्याम मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने अतिथियों क आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि सीताकांत मिश्र ने किया।

### चाकू के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

रुपईडीह, गोंडा : मारपीट के आरोप में कौड़िया के सिसैया दलेल निवासी मनसब व बबलू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया इसी प्रकार बहराइच के ज्ञानापुर गांव निवासी रामूराव के कब्जे से पुलिस द्वारा एक अदद अवैध चाकू बरामद किया गया है।

# भाजपा ने सत्ता में रहने का हक खोया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और इंडिया गठबन्धन के लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने रविवार को क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान वह विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में विकास खण्ड सिद्धौर के डफरापुर चौराहे पर आयोजित गठबन्धन की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान, मजदूर विरोधी भाजपा ने सरकार में बने रहने का हक खो दिया है। भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या कर रहा है। नौजवान, बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। मजदूर अपना घर चलाने की स्थित में नहीं है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। इस सरकार को हटाने के लिये ही इंडिया गठबन्धन बना है। आम चुनाव में इंडिया गठबन्धन का प्रत्याशी आपके सहयोग से भाजपा प्रत्याशी को करारी शिकस्त देगा। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद थे।



हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मिलते प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया। अमृत विचार

# पीएम के कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आजमगढ़ की विकास रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बुढ़वल रेलवे जंक्शन पर देखा गया। आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रविवार को प्रदेश में बेहतर रेल संरचना मोदी सरकार की गारंटी को लेकर रोजा-सीतापुर कैंट के बुढ़वल खंड के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण तथा लाइन क्षमता का विस्तार का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से वर्चुअल माध्यम से किया।

इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बुढ़वल रेलवे स्टेशन के मीटिंग हॉल में एलईडी स्क्रीन लगाकर देखा गया। आजमगढ़ मे आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 34700 करोड़ की लागत से 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए कई लोग मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)



ग्राम सुनहरा में इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण करते विधायक साकेंद्र वर्मा।

### विधायक ने किया इंटरलॉकिंग व संपर्क मार्ग का लोकार्पण

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : केन्द्र व प्रदेश सरकार सभी वर्गों को लाभान्वित करने का काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास वहां के मार्गों से ही दिखाई देता है। ये विचार ग्राम सुनहरा में विधायक निधि से बनाई गई इंटरलाकिंग के लोकार्पण के दौरान विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही है। इसके बाद ग्राम घेरी, धरौली, असोहन, सरवा, छंगूर पुरवा, दोदे पुरवा, गढ़ी, सोनहरा, भीखनपुर, रंजीतपुर व लोहरपुर में बने संपर्क मार्गों का भी विधायक ने लोकार्पण किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रंगनाथ त्रिपाठी, महंत हेमंत दास, आशीष सिंह, देशराज वर्मा, पिंटू सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए

**मुशायरा**

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत बेलहरा में सूफी संत हजरत अजीद खां (रह.) उर्फ बाजिद बाबा के सालाना उर्स के मौके पर ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फ़तेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद क़मर ने की। कार्यक्रम का संचालन आसिम काकोरी ने किया।

कार्यक्रम में नामचीन शायरों ने अपने अपने कलाम से समां बांधा। शायर हस्सान साहिर फ़तेहपुरी ने पढ़ा- 'फ़क़त बदन की सफ़ाई से कुछ नही हासिल,'सफ़ाई दिल की ज़रूरी है बंदगी के लिए। विकास बौखल ने पढ़ा-किसी खंजर से न तलवार से जोड़ा जाए,सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। वसीकुर्रह्मान शफ़क़ ने पढ़ा- हर एक क़ौम को साथ लेकर चलेंगे, कभी हम से गंदी सियासत न होगी। रिज़वान जमाली ने पढ़ा-ज़र्फ़ का वो मक़ाम क्या जाने, बादशाहत ग़ुलाम क्या जाने। इस दौरान सना लहरपुरी, काविश रूदौलवी, फ़ैज़ ख़ुमार, अब्दुक हुदा फ़ैज़ी, अली बाराबंकवी आदि शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। आयोजन के मुख्य अतिथि रहे दिलशाद वारसी, जिबरान खां व इरफान प्रधान का नसीर खां, रिज़वान जमाली और अब्दुल हक़ ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



मुशायरे में कलाम पढ़ते शायर। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# गड्ढामुक्त होने के 3 माह बाद ही मार्ग जर्जर

बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरकार भले ही दावे कर रही हो कि सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा रहा है । लेकिन अधिकारियों व ठेकेदारों की साठगांठ के चलते गड्ढा मुक्त की गई सड़कें तीन महीने के भीतर ही बदहाल हो रही हैं। इसकी वजह से जहां आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवालिया निशान क्षेत्र की जनता लगा रही है ।

लगभग तीन माह पहले मरम्मत की गई सड़क पुनः बदहाली का शिकार हो गई है। मामला ग्राम रकसहा से ओहरामऊ संपर्क मार्ग का है। 3 माह पहले इस मार्ग पर बने गड्ढों को भरने हेतु मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था।

ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग करने के चलते तीन माह में ही सड़क पुनः गड्ढों में तब्दील हो गई । ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।



गड्ढामुक्त होने के तीन माह बाद ही रकसहा-ओहरामऊ संपर्क मार्ग का हाल। अमृत विचार

# ललिता किन्नर को सौंपी गई गणेशपुर की गद्दी

रामनगर बाराबंकी

**अमृत विचार :** गद्दी पर कब्जे को लेकर किन्नरों के दो गुटों में चल रहा विवाद रविवार को थम गया। गणेशपुर की गद्दी ललिता किन्नर को सौंप दी गई। इसके बाद किन्नरों ने ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए जुलूस निकाला। बताते चलें कि थाना रामनगर के कस्बा गणेशपुर में गद्दी को लेकर ललिता किन्नर एवं चांदनी किन्नर के बीच विवाद चल रहा था । इसमें पप्पू नाम के व्यक्ति पर जबरदस्ती पैसा वसूलने अवैध तरीके से रहने का आरोप था। इस मामले में दोनों गुटों में विवाद और मारपीट भी हुई थी। दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। इसमें ललिता पक्ष के किन्नर थाने पहुंच गये। दूसरे गुट के लोग नहीं आए और कोतवाल के द्वारा दूरभाष पर बात किए जाने पर दूसरे पक्ष ने राजी होकर अपनी सहमति दे दी। इसके बाद ललिता किन्नर को गणेशपुर की गद्दी सौंप दी गई। इस फैसले के बाद किन्नरों ने नाचते-गाते हुए रामनगर थाने से बुढ़वल चौराहे तक जुलूस निकाला।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

**प्रकोप** पशुपालकों का आरोप-कागजों तक ही सीमित है टीकाकरण अभियान

# गोवंशों में तेजी से फैल रहा खुरपका व मुंहपका संक्रमण

हरख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गोवंशों में तेजी से खुरपका, मुंहपका संक्रमण रोग तेजी से फैल रहा है। इसकी वजह से गोवंश पालकों में हड़कंप मचा हुआ है। गोपालक अपने पशुओं के बचाव को लेकर चिंतित हैं। पशुपालक बचाव के लिए अलग-अलग टोटके आजमा रहे हैं। ताज़ा मामला हरख की ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद के मैकूपुरवा का है। यहां के निवासी गोशाला संचालक विनय कुमार बताते हैं कि उनके आधा दर्जन पशुओं में खुर पका मुह पका रोग फैला हुआ है जिससे पशु बीमार व चलने में असमर्थ हैं । इस प्रकरण को लेकर पशुधन प्रसार अधिकारी पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं । यही कारण है कि पशुपालकों को निजी चिकित्सकों को बुलाकर इलाज कराने को विवश हैं। इसका फायदा उठाते हुए निजी पशु चिकित्सक पशुपालकों से मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। क्षेत्र के पीरपुर धौरहरा, चकसार, सेठमऊ, तीरगांव, टिकराघाट, हरख मानपुर, रसूलपुर करौंदी, नेवली, गल्हामऊ, सतरिख, शरीफाबाद, जाटा बरौली, इब्राहिमाबाद सहित अधिकांश गांवों में पशुओं में यह रोग फैला हुआ है। पशुपालकों का आरोप है कि टीकाकरण कागजों तक ही सीमित रह जाता है। इस संबंध में हरख क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी भानु प्रताप ने बताया कि टीकाकरण समय-समय पर होना आवश्यक है । गांवों में इलाज के लिए टीम भेजी जाएगी। साथ में टीकाकरण की भी जांच करायी जाएगी।



खुरपका संक्रमण से ग्रसित मवेशी की देखरेख करता पशुपालक। अमृत विचार

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने की उठाई मांग

रुपईडीह गोंडा : मोहन टपरा गांव से सिसैया मोड़ तक जाने वाली सड़क का निर्माण न होने से क्षेत्रीय जनता परेशान है। इस मार्ग पर यात्रा करने वाले आनंद शुक्ल, पंकज मिश्र, दीपेंद्र श्रीवास्तव, देवनारायण पाठक, राजेश, विकास आदि ने मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग संपूर्ण समाधान दिवस में की है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश



## 1.50 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरी

- बालिकाओं को स्नातक स्तर तक निःशुल्क शिक्षा
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2.75 करोड़ शौचालयों (इज्जत घर) का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित
- बदायूं, लखनऊ एवं गोरखपुर में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना
- पॉक्सो अधिनियम एवं महिला अपराधों के मामलों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम
- पीएम स्वनिधि योजना से 2 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 54.44 लाख से अधिक माताएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवार लाभान्वित
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 17.82 लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित
- 58,000 महिलाओं की बीसी सखी के रूप में नियुक्ति
- 31.28 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को ₹1,000 की मासिक पेंशन
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3.26 लाख से अधिक जोड़ों का विवाह, अनुदान राशि ₹35,000 से बढ़कर ₹51,000 हुई







## महिलाएं बनीं विकास में भागीदार

## डबल इंजन की सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# गांधी परिवार को जवाब देगा मोदी का परिवारः अजय अग्रवाल

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले रायबरेली में भाजपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने मोदी का परिवार यात्रा की शुरुआत किया। इस दौरान जगतपुर ब्लॉक के धोबहा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मोदी हमको परिवार मानते हैं, हम भी इस देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपना परिवार मानेंगे और एक दूसरे की भलाई के लिए जीवन पर्यंत कार्य करेंगे। भाजपा नेता ने विपक्ष के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग मोदी के लिए यह प्रश्न उठा रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि देश की 140 करोड़ जनता मोदी का परिवार है और मोदी भी हर एक व्यक्ति के परिवार का हिस्सा है। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि इंदिरा गांधी और राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड केस में जमानत पर हैं और एक न एक दिन उनको जेल जाना ही। रायबरेली के विकास के लिए कुछ ना करके भोली भाली जनता के साथ उन्होंने जो छल और विश्वासघात किया है इसका माकूल जवाब यहां की जनता इस बार लोकसभा के आम चुनाव में देगी। सोनिया गांधी को बढ़ती उम्र के चलते उन्हें राजनीति से पूरी तरह संन्यास ले लेना चाहिए था और यह केवल शर्मनाक हार का डर था कि जिस क्षेत्र से वह पिछले 20 वर्षों से सांसद थी उसको छोड़कर राज्यसभा के द्वार से संसद पहुंच गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान राम विष्णु चौधरी और अध्यक्षता भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने की।


सभा को संबोधित करते भाजपा नेता अजय अग्रवाल व मौजूद लोग।

# भाजपा में ब्राह्मण चेहरा की दावेदार से बढ़ी सरगर्मी

▸▸ लोस चुनाव के लिए टिकट को लेकर मजबूत दावेदारी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सरगर्मी तेज हो गई है, जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी इस प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर कमल खिलाने के लिए बेताब दिख रही है। वही कांग्रेस अपनी इस परंपरागत सीट को किसी भी तरह से छोड़ने को तैयार नहीं है।

कांग्रेस ने भी रायबरेली और अमेठी को लेकर पूरी तरह संजीदा है और इन दोनों संसदीय क्षेत्र गांधी नेहरू परिवार का भावनात्मक लगाव होने के कारण अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाने की कवायद में जुट गई है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से एक ब्राह्मण चेहरे को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बनाने की फिराक में है। ऐसे में कई ब्राह्मण चेहरों के नाम सामने आ रहे हैं, इनमें कुमार विश्वास, डॉ. मनोज पांडे और राजेश दीक्षित प्रमुखता से सामने आए हैं। सपाई से हाल ही में भाजपाई बने मनोज पांडे भी लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं।

प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, कौशांबी, उन्नाव, रायबरेली से चुनाव लड़ने की उनकी चर्चा जोरों पर है। हालांकि रायबरेली में आपसी गुटबाजी और राजनीतिक तालमेल बेहतर न होने के कारण कहीं ना कहीं डा. मनोज पांडेय अभी तक मजबूती से दावेदारी नहीं की। वहीं रायबरेली के बैसवारा क्षेत्र के मूल निवासी राजेश दीक्षित ने दावेदारी करके सरगर्मी को बढ़ा दिया है। वह रायबरेली में एक बड़ा ब्राह्मण चेहरा बन सकते हैं। 2021 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा देकर भाजपा के प्यारे बने राजेश दीक्षित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी अड्डा सहित कई बड़े नेताओं के करीब माने जाते हैं और रायबरेली के प्रबुद्ध वर्ग में भी उनकी अच्छी पैठ है।

प्रियंका गांधी या राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव होने की स्थिति में एक युवा चेहरा होने के नाते राजेश दीक्षित भाजपा के लिए मजबूत प्रत्याशी बन सकते हैं। बहरहाल रायबरेली संसदीय क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी लगातार बढ़ती के जा रही है। पार्टियों द्वारा संभावित प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पर लोगों की निगाहें लगी हुई है।

## जीत के लिए एक मजबूत प्रत्याशी की तलाश

भाजपा को जीत के लिए एक मजबूत प्रत्याशी की तलाश है। अंदरखाने में ऐसे प्रत्याशी को तलाशा जा रहा है जो सभी को लेकर साथ चल सके। युवाओं में गहरी पैठ रखने के साथ ही संगठन का भी राजेश दीक्षित का काफी अच्छा अनुभव है। उच्च शिक्षा के साथ-साथ प्रतिष्ठित परिवार से इनका रिश्ता है। स्थानीय भाजपाइयों को भी एकजुट करने में इन्हें दिक्कत नहीं होगी। जातीय संतुलन भी साधने में कामयाब हो सकते हैं। इसलिए भाजपा हर हाल में रायबरेली में भगवा लहराना चाहती है जिसके कारण चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार पर पार्टी गंभीरता के साथ फोकस कर रही है। माना जा रहा है की रायबरेली में ब्राह्मण वोट के लिए भाजपा किसी ब्राह्मण को ही चुनाव मैदान में उतरकर कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर सकती है।

# श्रीश चंद्र दीक्षित पर्यावरणीय पार्क का राज्यमंत्री ने किया भूमि पूजन

▸▸ देवानंदपुर में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना से 15 करोड़ रुपये होंगे खर्च

अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** रविवार को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने नगर क्षेत्र के देवानंदपुर में पं. श्रीश चंद्र दीक्षित पर्यावरणीय पार्क का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उद्यान मंत्री ने उनके पुत्र डॉ. विजय दीक्षित के साथ इस पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

श्रीश चंद्र को याद करते हुए उद्यान मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक राजनीतिज्ञ और प्रशासनिक अधिकारी होने के नाते देश और समाज को बहुत कुछ दिया है। उनके जीवन दर्शन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यमंत्री ने कहा कि इस पार्क के विकसित हो जाने से आसपास के लोगों को शुद्ध हवा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। पार्क में लोगों के घूमने फिरने के साथ योगस्थल और औषधीय पौधों का भी रोपण किया जाएगा। जिससे वनस्पति विद्यार्थियों को भी लाभ होगा। उद्यान मंत्री ने कहा कि इस पार्क का उद्देश्य लोगों की सेहत का ध्यान रखना है।

जिससे स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को भी बचाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने जनपद स्तरीय गोष्ठि को भी संबोधित किया। जिसमें जनता की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया ।एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत 15 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी।

उद्यान विभाग की ओर से एक करोड़ 63 लाख रुपसे अवमुक्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा 30 एकड़ में बनने वाले पार्क के निर्माण के लिए डेढ़ वर्ष का समय नियत है, लेकिन 6 माह में ही लोगों के घूमने लायक बना दिया जाएगा। इस पार्क को दर्शनीय स्थल के रूप में बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, अरविंद श्रीवास्तव, मीतू श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, धीरेंद्र श्रीवास्तव, दिग्विजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


पं. श्रीश चंद्र दीक्षित पर्यावरणीय पार्क के भूमि पूजन पर दीप प्रज्ज्वलित करते राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी व अन्य।

## सीनियर महिला खो-खो में छह खिलाड़ियों का चयन

संवाददाता, रायबरेली : उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्त्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन आमंत्रण सीनियर महिला खो खो प्रतियोगिता के लिए लखनऊ मंडल की महिला खो-खो टीम में जिले से छह खिलाड़ियों को चुना गया है। चयनित ऊषा सिंह, स्वाती त्रिपाठी, अर्चिता, शांती, विनीता और पूनम 11 से 13 मार्च तक ललितपुर में हो रहे उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

लखनऊ मंडल कि जनपद रायबरेली की खिलाड़ियों के चयन पर जिला ओलंपिक संघ के यशवंत सिंह, विनोद शुक्ला, डॉ एसएम सिंह, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अभिषेक द्विवेदी, राजेश कुमार सिंह, राधेश्याम सिंह, माता प्रसाद वर्मा, खो खो के अंतरराष्ट्रीय रेफरी सत्य प्रकाश तिवारी, नवनीत वर्मा, बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सुनीता सिंह, ईश्वर दीन चौधरी आदि ने खुशी जताई है।

# अपराध पर अंकुश लगाने में विफल खाकी, नपा प्रकरण में ढुलमुल रवैया

▸▸ नपा कार्यालय में असलहा लहराने के मामले में मामूली धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नपा कार्यालय में दबदबा कायम करने की खातिर असलहा लहराकर युवक को पीटे व धमकाए जाने के मामले में एक सप्ताह बाद भी एक मुल्ज़िम पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इससे पीड़ित तो दहशत में है ही कर्मचारी भी संभावित अनहोनी को लेकर भयभीत हैं। फिलहाल, इस मामले में पुलिस मौन है। आला अधिकारी भी मुंह खोलने में कतरा रहे हैं।

लगभग एक सप्ताह पूर्व सुपर मार्केट स्थित नगर पालिका कार्यालय में टैक्सी स्टैंड के टेंडर को लेकर लगभग आधा दर्जन दबंगों ने नगर पालिका में असलहों से लैश होकर एक युवक पर धावा बोलने की कोशिश की थी, लेकिन दबंग सफल नही हो पाए। इस पूरे मामले में युवक की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज किया गया था। इतना गंभीर मामला होने के बाद भी पुलिस अभी तक नाकामयाब नजर आ रही है। इतना ही नहीं मामले में कठोर कदम उठाने के बजाये पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा लिखकर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी। वही एक अभियुक्त को अवैध असलहे में जेल भेज दिया। लगभग एक सप्ताह पूर्ण होने को है, लेकिन पुलिस नामजद फरार अभियुक्त से कोसों दूर है।

गौरतलब है बीते दिनों सुपरमार्केट के नगर पालिका कार्यालय में टैक्सी स्टैंड के टेंडर को लेकर कुछ दबंगों ने एक युवक पर असलहा लगा दिया। जब इस पूरे मामले की सूचना युवक ने शहर कोतवाल को दी तो मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल राजेश सिंह ने नगर पालिका से दो चार पहिया वाहन बरामद करने के साथ ही दो लोगों को पकड़ा था। पुलिस लगभग एक सप्ताह से इस मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन पूरे मामले का सुराग नहीं पता कर पाई।

साथ ही एक नामजद आरोपी तक पहुंचने में नाकामयाब दिख रही है। इससे साफ जाहिर होता है शहर कोतवाली की लचर कार्यशैली के चलते अपराधी, माफिया व गुंडे मनबढ़ हो गए हैं। जिसकी वजह से आए दिन घटनाएं कारित हो रही है। नगर पालिका मामले की जानकारी लेने के लिए जरिये दूरभाष शहर कोतवाल व अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# शिक्षक खुद को जलाकर फैलाता है ज्ञान की रोशनीः बृजलाल


शिक्षक सम्मान समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा में 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रहे शिक्षकों का सम्मान समारोह और शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कनौजिया, विशिष्ट अतिथि राही के खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल ने सेवानिवृत्त होने जा रहे पूर्व माध्यमिक विद्यालय हिलगी के प्रधानाध्यापक शफीकुर्रहमान उर्फ गुड्डू व प्राथमिक विद्यालय पूरे जमादार के इंचार्ज प्रधानाध्यापक सैय्यद मो. शहाब हाशमी को अंगवस्त्र, भारत का संविधान देते हुए फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। बीईओ वीरेंद्र कनौजिया और बृजलाल ने कहा कि शिक्षक वह मोमबत्ती होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा की रोशनी के पूरे समाज को रोशन करते रहते हैं। काम से ही व्यक्ति की पहचान होती है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि जिस दिन से सेवा में आ जाते हैं, उस दिन से सेवानिवृत्त की तिथि तय हो जाती है लेकिन हमारे साथियों का काम समाज शिक्षा की अलख जगाना है जो कि सदैव जारी रहता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पौराणिक काल से ही गुरु ज्ञान के प्रसार के साथ-साथ समाज के विकास का बीड़ा उठा रहे हैं। डीपीए के प्रदेश महामंत्री अशोक प्रियदर्शी व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के प्राण तत्व है एवं समाज के सफल मार्गदर्शन होते हैं। जिला स्काउट मास्टर शिव शरण सिंह, उर्दू शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मोईनुल हसन, शिक्षक राम प्रकाश अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, शशिप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि आपकी इस यात्रा के दौरान हजारों बच्चों का भविष्य बना है। इस मौके पर रामनरेश पाल, बेग साहब, धर्म कुमारी, शैल श्रीवास्तव, अनीता, फात्मा, शिवाकांत, रामेश्वरनाथ, ऊषा सिंह, करुणा यादव, रामभरत राजभर, गरिमा सिंह, ऊषा, कमल अहिरवार, हेमलता, अर्चना बौद्ध, महफूज, डॉ0 मनोज, राजेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार, कृष्णाशंकर यादव, धर्मेन्द्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# आक्रोशित लोगों ने चालक और क्लीनर को पीटा

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** ओवरलोड ट्रक ब्रेकर पर झटका लगते ही दो हिस्सों में बंट गया। गनीमत रही कि आसपास कोई नहीं था। इससे आक्रोशित लोगों ने चालक और क्लीनर की पिटाई कर दी। किसी तरह दोनों ने भाग कर जान बचाई। पुलिस का कहना है कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पिटाई के बाबत जानकारी नहीं है।

पूरी घटना डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के घुरवारा की बताई जा रही है।ओवरलोडिंग की वजह से आए दिन घटनाएं देखने को मिल रही है। रविवार को भी ऐसी ही एक घटना देखने को मिली जब डलमऊ-रायबरेली राजमार्ग पर रायबरेली की ओर आ रहा ट्रक स्पीड ब्रेकर पर पहुंचते ही दो भागो में विभक्त हो गया। गनीमत रही कि उस समय उसके आसपास कोई नहीं था। घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए। ट्रक चालक और क्लीनर की पिटाई कर दी। उनका कहना है कि ओवरलोड के कारण ऐसा हुआ है। वहीं चौकी इंचार्ज नितिन मलिक का कहना है कि ट्रक चालक और क्लीनर की ओर से ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई है।


दो हिस्सों में बंटा ट्रक और बिखरा मलबा।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में छह मेधावियों का चयन


राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में चयनित बच्चे। अमृत विचार

**सरेनी, रायबरेली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सरेनी परिसर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र की अध्यक्षता में 250 छात्रों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा तीन चरणों में कराई गई।

मूल्यांकन के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छह छात्रों को जिले स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य और उनकी प्रतिभा में निखार लाने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार आयोजन किया गया है। एआरपी आनंद प्रकाश तिवारी, जितेंद्र कुमार, विमल विनोद विक्रम, अनूप कुमार, कीर्ती, राकेश द्विवेदी, अंशुमान मिश्रा, शिवबहादुर, दीपिका, हिमांशु, रमेशचंद्र, शशांक, संतोष कुमार, विशाल, गुरुसेवक, विजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

**सरेनी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी लालगंज में पढ़ती है। आरोप है कि शनिवार की शाम को छोटा गेगासों गांव का रहने वाला अनुज शुक्ला स्कूल के पास पहुंचा और किशोरी से बाइक में बैठने का आग्रह किया। जान पहचान होने के चलते किशोरी बाइक में बैठ गई। आगे चलकर युवक खड़ंजा मार्ग में बाइक ले गया और किशोरी से छेड़खानी करने लगा। मना करने पर मारपीट भी किया। इस बीच सूचना पर किशोरी के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ के मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

## सदर विधायक अदिति ने सनही में नव निर्मित गौशाला का किया उद्घाटन

**संवाददाता, रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने राही ब्लॉक के सनही ग्राम पंचायत में नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गोवंशो का संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इन गौशालाओं के बन जाने से पशुओं को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर को निर्देश देते हुए कहा कि इस ब्लॉक की सभी गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। साथ ही पशुओं के भोजन, पानी, चरनी, प्रकाश और चिकित्सा की व्यवस्था की जाए।

सभी पशुओं को पौष्टिक और गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जाए। खंड विकास अधिकारी राही ने बताया कि इस ब्लॉक में नवनिर्मित गौशाला के बन जाने से छह गोशालाएं हो गई हैं, जिनमें लगभग 2200 पशुओं को संरक्षित करने की क्षमता है। वर्तमान में 1900 गोवंश इसमें संरक्षित किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर सदर विधायक ने राही ब्लाक के जनेसरा में सुरेश के घर से कमलेश के घर तक के नाली निर्माण के कार्य का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा की उनके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जनता सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा और यह प्रयास किया जाएगा कि विकास समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नसीराबाद, रायबरेली।** कमला बालाजी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक संध्या सिंह और प्रधानाध्यापक समरेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह का प्रबंध समिति द्वारा स्वागत किया गया। स्वाती, रौनक, साहिबा, सोनाक्षी, सिंधुजा, एकता, अंजली, प्रियांशी, आयुषी, सृष्टि आदि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छोटी-छोटी बच्चियों ने "देश मेरे", 'जागा हिंदुस्तान', "कर हर मैदान फतेह", "आरम्भ है प्रचण्ड" आदि गीतों पर समूह नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। भावना, गीता, गायत्री, मंजू, रत्ना, पूनम, सुनीता आदि मौजूद रहे।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

# बच्चों ने खूब मचाया धमाल, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि ने किया पुरस्कृत

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** छतोह ब्लॉक के ग्राम कूढ़ा में स्थित एमबीएस एजुकेशन होम में रविवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यकम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षाविद जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी 'मनीषी' ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यकम में केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, सलोन विधायक अशोक कुमार, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, पूर्व प्रमुख नरेंद्र बहादुर सिंह का विद्यालय की प्रबंध समिति ने बुके भेंटकर स्वागत किया।

अतिथियों के लिए आस्था, शिखा, साकेत, काजल, मोहिनी व सांची ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद अनुभव, अमित, अंश, नितेश, आयुष, अमन, पलक, निष्ठा व सबा ने कीजो केसरी के लाल..., शिवांगी, मानस, इंदू, तृप्ति, आयुषी, संगीता, सलोनी, अनामिका, सिया, शिवी, आदर्श, ऋद्धी, वर्षा, अनुप्रिया, प्रियल व शिवांगी ने मुझे माफ करना ओ साई राम.. मोहिनी, सोनम, यशी, प्रतिज्ञा, रौली ने बेटी हिंदुस्तान की ...रमेश, तैयबा, प्रतिज्ञा, सांची, काजल, सोनम, मोहिनी, श्याम, तन्मय ने ऑल इज वेल.. आस्था, शिखा व साकेत ने कहते हैं हमको प्यार से इंडिया वाले... गीतों पर लोगों की जमकर तालियां बटोरी। साजिदा, तैयबा, अस्मिता, अंशिका, इमरान व शिखा ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया। शिखा, अनिकेत, श्रेया, सांची, सुहानी, साकेत, आस्था, काजल व मोहिनी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और कृतिका, दीपांशु, अनुभव, आशीष, रमेश, शुभम व अनुज ने दुर्व्यसनो की सभा नाटक से लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अंशुमान सिंह, सुधांशु शुक्ला, विषुव मिश्रा, महेश सोनकर, राघवेंद्र पांडेय, नरेंद्र बहादुर सिंह, अमर चौरसिया, पिंटू सिंह, राहुल सिंह, अंकेश सिंह, अभय तिवारी, उप प्रधानाचार्य जितेंद्र मिश्रा, अजय सिंह, नीलम मिश्रा, दीपा मिश्रा, अंजीता, शिवानी सिंह, मंजू सिंह, विनय सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्य संजय सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन रमेश सिंह ने किया।


लोकार्पण करते प्रतिनिधि विजय गुप्ता, संजय राय, अशोक कुमार व अन्य।


वार्षिकोत्सव में केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता, महामंत्री संजय राय, शिक्षाविद जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी, विधायक अशोक कुमार, विशाल सिंह व अन्य।


वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## प्रशासनिक कक्ष का किया लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री संजय राय, विधायक अशोक कुमार, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने प्रशासनिक कक्ष व विधायक निधि से निर्मित दो कक्षों का लोकार्पण किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# संदिग्ध हालात में ईंट भट्ठे पर फंदे से लटकता मिला श्रमिक का शव

- लखनऊ जिले के गोसाईंगंज स्थित भट्ठे में काम करता था
- परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

खीरों, रायबरेली



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को लखनऊ जिले के गोसाईंगंज में स्थित एक ईंट-भट्ठे पर संदिग्ध परिस्थितियों में खीरों क्षेत्र के गांव नुनैरा निवासी एक ईंट भट्ठा श्रमिक का शव फंदे से लटकता मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीण भी घटना से सवाक हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज लखनऊ भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

परिजनों ने बताया कि नुनैरा निवासी कृपा शंकर पासवान (38) पुत्र गंगाराम पासवान गोसाईंगंज के एक ईंट भट्ठे में मिस्त्री का कार्य करता था। वह आसपास के कई गांवों के अन्य श्रमिक भी साथ ले जाता था। उक्त ईंट भट्ठे पर श्रमिकों की आवश्यकता थी।

ईंट भट्ठा मालिक ने श्रमिकों की मांग की। वह कुछ श्रमिकों को ले गए थे। लेकिन आवश्यकता के अनुरूप श्रमिक नहीं उपलब्ध करा सका। आरोप है कि इसी के चलते ईंट भट्ठे के मालिक ने उसको शनिवार को धमकी देते हुए खरीखोटी सुनाई। इसके बाद रविवार को सुबह उसी ईंट भट्ठे पर फंदे से लटकता हुआ उसका शव मिला। साथी श्रमिकों ने घटना की सूचना परिजनों को दी तो परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजन तत्काल गोसाईंगंज के लिए रवाना हो गए। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। इस हृदय विदारक घटना से मृतक की मां सियादुलारी, पिता गंगाराम पासवान, पत्नी साधना, बेटे अभिषेक, गोलू और बेटी अंजलि सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। स्थानीय पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है।

## सड़क निर्माण में धांधली के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



सड़क निर्माण में धांधली पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के हरदोई गांव के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में धांधली को लेकर ठेकेदार और लोकनिर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। महराजगंज-बछरावां मुख्य मार्ग से हरदोई गांव तक एक किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। रविवार को मानकों की अनदेखी कर बनाई जा रही सड़क पर तारकोल व गिट्टी का मिश्रण मानक अनुरूप नहीं है।

जगह-जगह उधड़ती सड़क देख कर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में ठेकेदार ने जमकर खेल किया है। मानक से कम और घटिया निर्माण सामग्री लगाई है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण महेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क निर्माण के चार दिन पहले जिम्मेदारों से बात हुई थी। फिर भी गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पर जेई भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को उन्होंने मानक के अनुसार सड़क बनाने का आश्वासन दिया।

## सार-संक्षेप

### युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में छह पर केस

**संवाददाता, रायबरेली।** शनिवार रात गदागंज थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक को गोली मारने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार मजरे धूता गांव निवासी अतुल सिंह ने दुर्गेश शुक्ला निवासी सुदामापुर, निहाल सिंह निवासी बनपुरवा, रामू यादव निवासी पूरे पवारन, सौरभ सिंह निवासी पूरे सूबेदार, रिशु सिंह निवासी जट का पुरवा व प्रशांत शुक्ला निवासी गोविन्दपुर माधव पर आरोप लगाया है कि शनिवार रात वह एक गांव से वापस अपने घर जा रहा था, तभी सरदारगंज मोड़ के पास विपक्षियों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे जैसे ही उसने विरोध कर आगे बढ़ा तो पीछे से उसके ऊपर फायर कर दिया गया। युवक को रात में ही इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। उधर गदागंज पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ अरुण नौहार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

### शिवगढ़ से बाला जी, मथुरा, वृन्दावन पहुंचा भक्तों का जत्था



शिवगढ़ से धार्मिक स्थलों के लिए रवाना होता श्रद्धालुओं का दल।

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र से श्रद्धालुओं का जत्था बालाजी, मथुरा, वृंदावन पहुंचा। यहां पर जत्थे में शामिल लोगों ने बालाजी महाराज, मां वैष्णो देवी, राधा-कृष्ण, श्री बांके बिहारी, यमुना जी के दर्शन कर आशीर्वाद मांगा। गौरतलब हो कि शनिवार की देर शाम शिवगढ़ क्षेत्र के गढ़ी मजरे देहली गांव के रहने वाले रविशंकर के नेतृत्व में दर्शन के लिए निकले क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती से एकल विद्यालय की पूर्व आचार्या बहन सारिका, शिक्षक प्रदीप गुप्ता, अंजली, सुमन, जान्हवी, आयुषी, आर्यन, तान्या,अग्रिमा सहित दर्शनार्थियों के जत्थे ने रविवार की प्रात: सबसे पहले मेहंदीपुर राजस्थान पहुंचकर बालाजी महाराज, शनि देव सहित विभिन्न मंदिरों में माथा टेक कर आशीर्वाद मांगा। इसके बाद मथुरा, वृंदावन पहुंचे भक्तों के जत्थे ने मां वैष्णो देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके साथ ही भक्तों ने प्रेम मंदिर, राधा कृष्ण, बांके बिहारी मन्दिर, तुलसीवन में दर्शन किया। गोवर्धन पर्वत, यमुना जी सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचे। वहीं प्रदीप गुप्ता, जान्हवी ने बताया कि सच्चे मन से बालाजी, मथुरा, वृंदावन जाने से मन को शांति मिलती है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में किसानों की सेहत की हुई जांच

**सूची, रायबरेली।** जेएफ हब द्वारा जय किसान जंक्शन पर किसानों के लिए निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के एरिया मैनेजर अनिल कुमार मौर्या द्वारा किया गया। शिविर में किसानों और उनके परिवारों को मुफ्त चिकित्सा जांच और दवा प्रदान करने के साथ-साथ खेती के नवीनतम तकनीक, उच्च गुणवत्तायुक्त संतुलित उर्वरक आदि के बारे में बताया गया। डॉ. डीएन (जनरल फिज़िशियन) और नेत्र विशेषज्ञ डॉ निखलेश एवं डा. ऋषि ने रोगियों की जांच की। शिविर में 250 लोगों की जांच के साथ ही चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इस मौके पर स्टोर मैनेजर शुभम शुक्ला, स्टोर सहायक विवेक पाण्डेय, सूची स्टोर मनैजर विवेक अवस्थी और मोहमद जावेद आदि प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना

**लालगंज, रायबरेली।** प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की ओर से जिले के सरेनी सहित पांचों विधानसभा के लालगंज, डलमऊ गेगासो, बेनी माधवगंज, सरेनी, खीरों आदि 22 मंडलों से टूरिस्ट बसों के द्वारा तीर्थ यात्री अयोध्या धाम दर्शन करने गए हैं। भाजपा जिला मंत्री विजय सिंह टप्पू की देखरेख में जनपद से राम भक्तों को अयोध्या बसों से भेजा जा रहा है। अब तक दो हजार राम भक्त अयोध्या दर्शन करने जा चुके हैं। रविवार को बस से जाने वालों में संतोष सिंह, इंद्रजीत सिंह, चंद्रकांत, डलमऊ मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल, राजकुमार सिंह, संजीव पांडे आदि ने खुशी जताई।

### कांग्रेस नेता ने चौपाल में गिनाये कांग्रेस सरकार के कार्य

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के बीक चरुहार, पूरे लोधन का पुरवा, मटियारा चौराहा, धीरनपुर, रसूलपुर, धरावां आदि गांव में नुक्कड़ सभा, चौपाल और जनसंपर्क कर लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कांग्रेस सरकार के दौरान हुए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रायबरेली में आज सभी प्रकार की सुविधाएं हैं, चाहे चिकित्सा, शिक्षा की बात हो यह सब गांधी परिवार की देन है। सोनिया गांधी ने एम्स जैसा बड़ा हॉस्पिटल रायबरेली को दिया। रेलवे कोच कारखाना दिया जिसमें तमाम नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। कांग्रेस ने ही मनरेगा की योजना लाई थी, जिससे देश के तमाम नौजवानों एवं जरूरतमंदों को गांव में ही रोजगार मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद लोधन का पुरवा निवासी संगम लोधी और नेवादा पट्टी निवासी पूर्व प्रधान रमेश यादव की दुखद मृत्यु पर घर पहुंचकर पीड़ित जनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, ज़िला सचिव मो. फ़रूखी, भिखारी मिश्रा, मो. अकबर, अमर यादव, लल्लू राम नेता, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्थगन आदेश के बावजूद हो गया पक्का निर्माण

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एसडीएम न्यायालय द्वारा विवादित भूमि पर स्थगन आदेश पारित करने के बावजूद रात में जबरन पक्का निर्माण कर लिया गया। दूसरे पक्ष ने मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके विधिक कार्रवाई का अनुरोध किया है। मामला तहसील क्षेत्र के रोहनिया गांव का है। गांव की भूमि संख्या 3175 में गांव के अशोक कुमार शह खातेदार है। उनका आरोप है कि इस भूखंड के दूसरे खातेदार अवैध रूप से उनकी भूमि पर कब्जा कर रहे है। इस मामले में बंटवारे का एक वाद एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें उपखंड मजिस्ट्रेट ने बीती 6 मार्च को स्थगन आदेश जारी किया था। इसके बावजूद शनिवार की रात विवादित भूमि पर जबरन पक्का निर्माण कर लिया गया है। इससे पूर्व कोतवाली में भी दोनो पक्षों के मध्य आपसी सुलह हुई थी कि मामले के निस्तारण तक विवादित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखी जाए। बावजूद इसके जबरन निर्माण किया गया है। पीड़ित ने रविवार को मामले की शिकायत कोतवाली में की है।

### भागवत कथा का आयोजन आज से

**सरेनी, रायबरेली।** क्षेत्र के चिंताखेड़ा मजरे दौलतपुर में संगीतमय भागवत कथा 11 मार्च से प्रारंभ होगा, जो 18 मार्च तक चलेगा। यह जानकारी आयोजक सत्य नारायण त्रिवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन कथा के बाद आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## सनातन संस्कृति के मूल्यों का अनुकरण कर जीवन को बनाएं सार्थक

- पारा खुर्द स्थित बाबा मनीराम दास कुटी पर चल रहा श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ व रामचरित मानस सम्मेलन

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के पारा खुर्द गांव स्थित बाबा मनीराम दास कुटी पर आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ व रामचरित मानस सम्मेलन के तीसरे दिन रविवार को मानस किंकर रामप्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा करने के साथ ही जीवन के पूर्वार्द्ध में ब्रह्मचर्य के साथ शिक्षा ग्रहण कर जीवन में सनातन संस्कृति के मूल्यों का अनुकरण करके ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

इसके अलावा उन्होंने भगवान शनि व महाबली हनुमान के प्रसंग का वर्णन किया। अंतिम दिन की मानस कथा का शुभारंभ संघ के अवध कानपुर काशी गोरक्ष प्रांत के क्षेत्र धर्मजागरण प्रमुख अभय सिंह द्वारा शुभारंभ हुआ। हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अमरजीत, जिला प्रचारक उन्नाव जितेंद्र कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह, अवधेश मिश्रा, अजीत सिंह, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष से शिक्षा व्यवस्था पर की चर्चा

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी से औपचारिक मुलाकात की। कहा कि प्रधानाचार्य परिषद भी भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। लोकसभा चुनाव के लिए वह 356 माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर विभिन्न शिक्षक दलों के साथ संपर्क कर उन्हें भाजपा का कमल रायबरेली जनपद में खिलाने हेतु सक्रिय करेंगे। डॉ नरेंद्र सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि सभी शिक्षक संगठन साथ है। योगी सरकार में शिक्षा व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। शिक्षा व्यवस्था सुधरी है और योगी सरकार ने शिक्षकों के हित में बहुत सारे कार्य किए हैं, जिसके कारण शिक्षक बिरादरी रायबरेली में भाजपा का परचम लहराने में मदद करेगी।

# 20 साल बाद माइनर में पानी देख खिल उठे किसानों के चेहरे

- सिंचाई विभाग की मेहनत से अन्नदाताओं की मुश्किल आसान, करीब 15 गांवों को मिलेगा लाभ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अन्नदाताओं की समस्या को भांपते हुए सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों ने एक ऐसा कदम उठाया, जिससे उनकी काफी पुरानी समस्या दूर हो गई। जी हां, हम बात कर रहे हैं राही ब्लाक क्षेत्र से गुजरे रघुनाथपुर कटैली माइनर की। उपेक्षा के कारण इसकी दशा काफी खराब थी। पानी नहीं आने से किसानों को सिंचाई के संकट से जूझना पड़ रहा था। समस्या के बारे में सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों को पता चला तो उसमें पानी छोड़े जाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की। पानी आने के साथ ही किसानों के मुरझाये चेहरे खिल उठे।

सिंचाई विभाग की ओर से शारदा पोषक नहर के नीचे बना 150 मीटर रघुनाथपुर कटैली माइनर का अंडरपास पिछले 20 वर्षो से बंद था। पानी नहीं आने से किसानों को काफी परेशानी होती थी। स्थानीय लोगों ने कई बार गुहार लगाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

अधिशासी अभियंता यश कुमार के निर्देशन में सहायक अभियंता संदीप कुमार पांडेय और जेई जागेश कुमार गौतम ने अथक प्रयास किया। इसका लाभ आसपास के करीब 15 गांव के लोगों को मिलेगा। अधिशासी अभियंता यश कुमार ने कहा कि शारदा पोषक नहर के नीचे अंडरपास के कारण काफी चुनौती थी, लेकिन हम लोगों ने किसानों के हितों को देखते हुए ठान लिया था कि हर हाल में पूरा करेंगे। माइनर में पानी से आने से काफी आत्मिक संतुष्टि मिली।

# निर्धन कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह

ऊंचाहार, रायबरेली



वर-वधू को आशीर्वाद देते आयोजन समिति के पदाधिकारी व अतिथिगण।

**अमृत विचार।** समाजसेवी संस्था द्वारा तीसरी बार आयोजित पांच निर्धन कन्याओं के विवाह आयोजित किया गया। बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। वहीं खाने-पीने का भी विशेष ख्याल रखा गया। जयमाल के दौरान पांचों जोड़ो को कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के बाबूगंज बाजार स्थित जायसवाल मैरिज लॉन में समाजसेवी संस्था सत्यमेव जयते सेवा संस्थान द्वारा तीसरी बार पांच निर्धन कन्याओं के विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंड बाजे के साथ बारात पहुंची तो आयोजकों ने भव्य स्वागत किया। जयमाल कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा कार्यक्रम में मौजूद अन्य लोगों द्वारा पांचो जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आने वाले लोगों का संस्था के अध्यक्ष राकेश जायसवाल व संरक्षक अजय गुप्ता द्वारा स्वागत किया गया।

पांचों जोड़ों के लिए शादी में मिलने वाले दहेज के सामान की व्यवस्था की गई थी। संस्था के संरक्षक अजय गुप्ता ने बताया कि तीसरी बार पांच निर्धन कन्याओं के विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें संस्था के लोगों के अलावा क्षेत्रीय लोगों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है।

इस शादी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ऊंचाहार के अलावा डलमऊ, सलोन, लालगंज की निर्धन कन्याओं का विवाह कराया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राकेश जायसवाल, संरक्षक अजय गुप्ता, महामंत्री सुनील साहू, कोषाध्यक्ष विनोद मौर्य, उपाध्यक्ष विजय सोनी, सदस्यों में मनकेश मौर्या, राजदेव साहू, राजेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**बछरावां, रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह और प्रधानाचार्या सुधा सिंह द्वारा गणेश जी का माल्यार्पण करके संयुक्त रूप से किया गया।

इसी कड़ी में विभिन्न कक्षाओं में विशेष स्थान अर्जित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। प्राथमिक वर्ग में कक्षा एक में आराध्या सिंह, त्रिशा सिंह एवं वेदिका पटेल, जूनियर वर्ग में कक्षा 8 में शिवेन सोनी,आरव चौधरी, सानंदा जैन एवं अर्पित पटेल, प्रखर सिंह एवं अग्रिमा सोनकर, कक्षा 11 कॉमर्स वर्ग में रौनक साहू, खुशी सिंह एवं ध्रुव चौधरी व विज्ञान वर्ग में तनिष्क सिंह, श्रद्धा एवं प्रखर वर्मा को पुरस्कृत किया गया।

प्रबंधक अग्रज सिंह ने अपने उद्बोधन में अवगत कराया कि जिस प्रकार एक बच्चे के भविष्य को संभालने में जितना एक अध्यापक का योगदान होता है उतना ही उनके माता-पिता का भी योगदान होता है।

# फाउंडेशन के सदस्यों को किया सम्मानित



बड़ा मठ में सम्मानित सनातनी गंगा फाउंडेशन के सदस्य। अमृत विचार

**डलमऊ, रायबरेली।** पतित पावनी मां गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए जगह-जगह लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गंगोत्री से चलकर बिहार तक लगभग 80 दिनों की यात्रा के दौरान सनातनी गंगा फाउंडेशन के सदस्य शनिवार को गंगा तट डलमऊ पहुंचे। यहां पर संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ पर रात्रि विश्राम किया। गंगा आरती और केवटों को अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया और रविवार की सुबह अग्रिम यात्रा के लिए प्रस्थान किया गया।

गंगा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि 16 जनवरी को अखंड ज्योति जलाकर गंगोत्री से चलकर 8 अप्रैल को बिहार पहुंचकर पदयात्रा का समापन किया जाएगा। यात्रा का उद्देश्य जगह-जगह रुक कर मां गंगा के आंचल को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना है, जिसके क्रम में शनिवार को डलमऊ गंगा तट पहुंचकर कस्बा वासियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को गंगा को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। इसी क्रम में 22 सदस्य टीम के साथ बड़ा मठ के स्वामी दिव्यानंद महाराज के आयोजन में डलमऊ कस्बे के केवट को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रबंध निदेशक ने एमएलसी और डीआईओएस को किया सम्मानित

लालगंज, रायबरेली।



सम्मानित करते सीएमपीएस प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल, इंटरमीडियट परीक्षा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज लालगंज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी को बुके देकर सम्मानित किया।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक और उनकी पूरी टीम के कुशल मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत के कारण जनपद में परीक्षा सकुशल संपन्न हो हुई है। हाईस्कूल, इंटर बोर्ड की परीक्षाओं को ईमानदारी पूर्वक और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने में एमएलसी उमेश द्विवेदी का भी सहयोग सराहनीय रहा है। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि नकलविहीन परीक्षाओं के कारण रिजल्ट भी बढ़िया आएगा।

# वार्षिक परीक्षा फल पाकर चहके नन्हे-मुन्ने

लालगंज, रायबरेली




पुरस्कृत बच्चों के साथ सहप्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह एवं प्रधानाचार्य अंजू सिंह।

**अमृत विचार।** एसजेएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध तंत्र समिति द्वारा मां वीणावादिनी का माल्यार्पण करके किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की सह-प्रबंधिका डा. अनुश्री सिंह ने विद्यालय प्रबंध तंत्र समिति की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सतत प्रयासों की जानकारी देते हुए समारोह में आये समस्त अभिभावकों व क्षेत्र वासियों को आने वाले पर्व होली की बधाई दी।

वहीं विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए और छात्रों को समाज का कुशल मार्गदर्शक बनाने के लिए विद्यालय व अभिभावक दोनों का योगदान होना अति आवश्यक है। विद्यालय के प्रबंध तंत्र समिति द्वारा समस्त कक्षाओं के सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

चतुर्थ व पंचम श्रेणी के छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें अपने पाल्यो की शिक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। का योगदान सराहनीय रहा।

# 1102 छात्र-छात्राओं ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

- विबग्योर पब्लिक स्कूल के चंदौली, खोया मंडी और शक्ति नगर शाखा में हुआ इम्तिहान

संवाददाता, रायबरेली



विबग्योर पब्लिक स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स में रविवार को स्वर्गीय प्रभात कुमार वर्मा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर के 1102 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में चंदौली शाखा के केंद्र पर 455, खोया मंडी शाखा पर 377 और शक्ति नगर शाखा पर 270 छात्र छात्राएं शामिल हुए।

विद्यालय प्रबंधक मुदित वर्मा ने बताया कि विबग्योर ग्रुप आफ स्कूल के संस्थापक प्रबंधक स्वर्गीय प्रभात कुमार वर्मा जी की स्मृति में पांच वर्षों से निरंतर प्रत्येक वर्ष कक्षा 6, 9 एवं 11 के लिए इस छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें अत्यंत गरीब, बेसहारा, वंचित एवं जागरूकता का अभाव होने के कारण जो विद्यार्थी मेधावी होते हुए भी अपनी शिक्षा सुचारू रूप से आगे नहीं बढ़ा पाते हैं। ऐसे 20-20 मेधावी विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष यह छात्रवृत्ति दी जाती है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को सारी सुविधा निशुल्क प्रदान की जाती हैं। इस परीक्षा का परिणाम कक्षा 6 एवं 9 का 18 मार्च और कक्षा 11 का परीक्षा परिणाम 19 मार्च को विबग्योर की प्रत्येक शाखा पर प्रकाशित किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत, एक घायल

## वाहनों की बेहिसाब रफ्तार और सड़कों पर घूमते छुट्टा मवेशी बन रहे हादसों की वजह

शाहाबाद, हरदोई,

**अमृत विचार।** सड़कों पर रफ्तार के जुनून में लोग एक-दूसरे की जान ले रहे हैं। हर रोज दुर्घटनाओं में लोग जान गंवा रहे है। इसी क्रम में बीते 24 घंटे में जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत व एक घायल हो गया।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्रों में हुई, जहां दो घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी में पहली दुर्घटना शनिवार की रात तकरीबन 12:20 बजे हुई। जनपद शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ग्राम नौसारा निवासी धर्मेंद्र (30) रोजा मिल में मजदूरी करता है। वह देर रात्रि अपने ननिहाल चठिया जा रहा था। गढ़ी के पास किसी वाहन से टक्कर होने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। धर्मेंद्र विवाहित था, उसकी पत्नी कल्पना सहित 15 और 2 वर्ष के दो बच्चे हैं। दूसरी घटना ग्राम लोनी के पास की है। यहां रविवार की सुबह वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। बाइक सवार अरविंद (28) शाहपुर बिनौरा माजरा गुलरिया थाना हरियाणा का रहने वाला था। शाहजहांपुर के गांव दिलावलपुर में बहन को छोड़ने गया था रविवार को सुबह 7 बजे वह दिलावरपुर से घर के लिए निकला। लोनी मिल के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। अरविंद अविवाहित था। दोनों मृतकों की सूचना सीएचसी द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तीसरी घटना संडीला कोतवाली क्षेत्र में हुई, जहां अचानक बाइक के सामने छुट्टा मवेशी आ जाने से महिला की गिरकर मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुंदरपुर निवासी मुश्ताक अली ने बताया की शनिवार को उसकी पुत्री शमा निवासी ग्राम तिलकपुरवा थाना बघौली अपने पुत्र अय्यूब के साथ बाइक से गांव से संडीला जा रही थी। उन्नाव रोड स्थित रामाभट्ठे के पास अचानक जानवरों का झुण्ड सामने आ गया। जिससे बाइक झुण्ड से टकरा गयी जिससे उसकी शमा उछलकर सड़क पर गिर गयी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गयी ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान रविवार की उसकी मौत हो गई।

चौथी घटना टड़ियावां थाना की है, जहां गोवंश को बचाने में बाइक पलट गई, हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की मौत हो गई। टड़ियावां थाने के नयापुरवा मजरा अलीशाबाद निवासी 40 वर्षीय विशुन कुमार शादी-बारातों में टेंट लगाने में मजदूरी करता था। शनिवार की देर रात शहर से काम पूरा करने के बाद वह बाइक से वापस अपने घर जा रहा था। उसी बीच सीतापुर रोड पर कोतवाली देहात के कस्तूरी पुरवा गांव के पास अचानक सड़क पर सामने से गोवंश आ गया। जिसे बचाने की कोशिश में उसकी बाइक सड़क पर पलट गई और बाइक सवार विशुन कुमार बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया।देर रात को हुएइस हादसे का पता होते ही वहां पहुंचे राहगीरों की मदद से युवक को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही उसके घर-परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। युवक का इलाज किया जा रहा था उसी बीच उसकी मौत हो गई। विशुन कुमार अपने तीन भाइयों मे बड़ा था,उसके परिवार में पत्नी रुबी के अलावा बेटे शिवम और सुधांशु है। पुलिस हादसे की गहराई से जांच कर रही है।

पांचवीं घटना बावन क्षेत्र में हुई। यहां नहर पुल के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछल गयी। जिससे बाइक सवार विवेक सिंह गिर गया। इसका हेलमेट दूर जा गिरा, सिर में गम्भीर चोट आई। इलाज के लिए उसे मेडिकल कालेज हरदोई भेजा गया। उसका इलाज चल रहा है।

एक नजर

### इनर व्हील क्लब ने किन्नर को किया सम्मानित

**हरदोई, अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक ऐसी मां को सम्मानित किया है जिसको ईश्वर ने मां बनने से वंचित कर रखा था। किन्नर काजल हमेशा बेटियों की शादी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। काजल को शुरू से एक बेटी को गोद लेने की इच्छा थी। एक दिन काजल को पता चला कि एक दंपति के छह बेटियां हैं, सातवीं बेटी ने भी जन्म लिया है और दंपति उसका पालन पोषण करने में असमर्थ है। काजल ने उस बेटी के पालन पोषण की इच्छा जताई। उस दंपति ने अपनी बेटी को काजल को पालन पोषण के लिए दे दिया, अब काजल उस बच्ची का पालन पोषण एक मां की तरह कर रही है। आज वह बच्ची 5 साल की हो चुकी है और जो की एक स्कूल में भी पढ़ने जाती है। काजल उस बेटी के भविष्य के लिए अपना मकान भी नाम कर दिया है, ताकि काजल के न रहने पर उसकी उस बेटी को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो सके। क्लब द्वारा काजल को माला पहनाकर स्वागत किया तथा सम्मान पत्र दुपट्टा व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। समाज को काजल से सीख लेने का उदाहरण भी दिया। हर व्यक्ति अगर काजल की तरह सोच रखेगा तो बेटियां कभी बोझ नहीं होगी। इस अवसर पर प्रेसिडेंट रागिनी तिवारी, चार्टर प्रेसिडेंट व जेड पीसी चित्रा बाजपेई,जेड पीसी व आई पीपी राखी दुवेदी, उपाध्यक्ष सुप्रिया सेठ, सचिव रूपाली खन्ना, कोषाध्यक्ष पारुल तिवारी, आईएसओ सोनिया मिश्रा , एडिटर शिल्पी पांडे, क्लब सदस्य डॉ शिवानी मिश्रा, नेहानारायण, इंदू शुक्ला, पूजा जैन, रेनू शुक्ला, सीमा गौर नीलम, चेतना व संगीता श्रीवास्तव व किन्नर समुदाय से काजल, रिंकी व प्रियंका उपस्थित रही।

### युवक पर अपहरण का मुकदमा किया दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा :** किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाया गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज की है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भाई की बरात से एक दिन पहले बहन की हुई मौत

हरदोई




**अमृत विचार।** भाई की शादी और तेल पूजन की रस्म में शामिल होने के लिए भाई और पति के साथ बाइक से जा रही जा रही बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसे विदा कराने आया भाई और साथ जा रहा पति, दोनों ज़ख्मी हो गए। उन दोनों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

हरियावां थाने के कोरिगवां निवासी रामू की सीतापुर जिले के रुस्तम नगर थाना महोली निवासी तोताराम के यहां ससुराल है। रामू खेती-बाड़ी का काम करता है। उसकी पत्नी धन देवी के दो बेटे है। सोमवार (12 मार्च) को धन देवी के छोटे भाई ईश्वर चंद की बारात थी। रविवार को तेल पूजन होना था। धन देवी का छोटा भाई राम भजन बहन धन देवी को विदा कराने आया हुआ था। रविवार की सुबह राम भजन अपनी बहन धन देवी,छोटे भांजे और बहनोई रामू के साथ बाइक पर सवार होकर वापस घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में पिहानी कोतवाली के हरई गांव के पास पीछे से तेज़ रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सभी बाइक सवार जख्मी हो गए। आनन-फानन में उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां धन देवी की मौत हो गई ।जबकि पति रामू व भाई रामभजन और का इलाज चल रहा है। हादसे की खबर सुनकर शादी के घर में मातम पसर गया। कल तक जहां खुशियां झूम रहीं थी,वहीं हर तरफ मातम छा गया।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** खरीददारी करने पैदल जा रहे युवक को ईंटों से लदे ट्रैक्टर-ट्राली ने ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे वह ज़ख्मी हो गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच कर रही है।

पचदेउरा थाने के अनंगपुर निवासी 18 वर्षीय शादाब पुत्र चेयरमैन अपने तीन भाइयों मे सबसे बड़ा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। शादाब ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करता था। उसके पिता चेयरमैन ने बताया शनिवार की शाम शादाब गांव में ही किराने की दुकान पर कुछ खरीददारी करने के लिए पैदल जा रहा था। उसी बीच रास्ते में ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर को वहीं छोड़कर भाग निकला। ज़ख्मी युवक को पहले अनंगपुर के स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया,जहां डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। घर वालों ने शादाब को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को कोतवाली शहर की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

## मतदान हम सभी का लोकतांत्रिक दायित्व

**हरदोई, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आज आर्य कन्या पाठशाला में मतदाता सूची का वाचन किया गया। कॉलेज में उपजिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा द्वारा मतदाताओं को आगामी चुनावों में शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी गयी। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि हमारा वोट सच्चे लोकतंत्र का आधार है। मतदान हमारा लोकतान्त्रिक अधिकार व उत्तरदायित्व है।

# संस्कार विहीन होता जा रहा समाज : कौशल

हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के आरआर इंटर कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। जियमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में जगह-जगह लगने वाली सभी शाखाएं एक साथ लगी। सभी शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह अपना ध्वज एवं अपनी शाखा के स्वयंसेवकों को लेकर निश्चित स्थान पहुंचे।

कार्यक्रम का उद्घाटन ध्वज प्रणाम के साथ हुआ। उसके बाद सभी शाखाओं ने नियमित आसन-व्यायाम, सूर्य नमस्कार आदि से समां बांध दिया। वातावरण वन्देमातरम, भारत माता की जय से गुंजायमान रहा। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक कौशल किशोर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो की धर्मसभा में जो गर्व से को हम हिन्दू हैं का उद्घोष किया था वह सोये हुए हिन्दू समाज को जगाने के लिए किया था। पहले मुगलों और फिर अंग्रेजो की 700-800 वर्ष की पराधीनता के कारण हमारे राष्ट्र के गौरव, संस्कार, अस्मिता पर जो चोट लगी थे, उसने हिन्दू समाज में आत्महीनता का भाव पैदा कर दिया था, उसे मिटा कर आत्मविश्वास भरने का पहला प्रयास था।

कहा कि पहले हमारे गांव-गांव सभाएं होती थीं जो सुरक्षा के साथ-साथ समाज को संस्कार और दिशा देने का काम करती थीं। लेकिन आज वह सभाएं मिटती चली जा रही हैं। पाश्चात्य सभ्यता की आंधी में समाज संकार विहीन होता जा रहा है। ऐसे समय समाज को दिशा देने का कार्य संघ के स्वयंसेवक कर करें। चरित्र और संस्कार की जो शिक्षा पहले गाँव की सभाओं से मिलती थे वो शाखा से मिले। इसके लिए आवश्यक है सभी स्वयंसेवक आत्मबल से, अनुशासन से, शारीरिक रूप से मज़बूत हों. प्रत्येक स्वयंसेवक को प्रतिज्ञा, प्रार्थना संगठन मन्त्र, कल्याण मन्त्र, भोजन मन्त्र, कंठस्थ होने चाहिए। समय समय पर परिवार में भी शाखा लगानी चाहिए ताकि जो चरित्र निर्माण शाखा में होता है वो परिवार में भी हो। हमारे शाश्वत संकार अगली पीढ़ी में भी पहुंचें। अगर शाखा एक परिवार है तो हर परिवार भी एक शाखा होनी चाहिए। संघ के नगर कार्यवाह विनय पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ऐसे कार्यक्रम होने से प्रत्येक शाखा की स्थिति पता लग जाती है कि शाखा द्वारा किन कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। शाखाओं में आपसी मेल मिलाप से सभी में एक सामंजस्य भी बना रहता है। शाखा संगम में विभाग संघ चालक शिवस्वरूप, नगर प्रचारक विशाल, जिला प्रचारक रवि प्रकाश, जिला प्रचार प्रमुख प्रभाकर गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पुस्तक यादों के मंजर का हुआ विमोचन

हरदोई




पुस्तक का विमोचन करते साहित्य प्रेमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद की प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में वरिष्ठ कवि श्रवण कुमार मिश्र "राही" की द्वितीय काव्य कृति "यादों के मंजर" का विमोचन समारोह सदन सभागार में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात कवि उदयराज सिंह ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। आगत अतिथियों का स्वागत कृतिकार श्रवण कुमार मिश्र "राही" ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदन अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी ने कहा कि राही जजनपद के लोकप्रिय कवि और साहित्यकार हैं। उनकी रचनाएं आनंदित करने के साथ ही समाज को उचित राह दिखलाने में सहायक हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार ब्रजराज सिंह तोमर ने कहा कि राही का काव्य आशावादी दृष्टिकोण लेकर चलता है। विविधता से ओत-प्रोत उनकी रचनाएं सहज ही पाठकों को आकर्षित करती हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. अखिलेश वाजपेयी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात राही अपनी मूल प्रवृत्ति में वापस लौट आए हैं। राही के गीत लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य करेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। विशिष्ट अतिथि जमाल बाराबंकी ने कहा कि राही काव्य विधा में पूर्णतः पारंगत हैं। उनके सभी गीत बहुत लाज़वाब हैं। यह कृति उनके बहुआयामी चिंतन को प्रकट करती है। समारोह का संचालन सदन के मंत्री व साहित्यकार मनीष कुमार मिश्र ने तथा आभार प्रदर्शन कृतिकार के सुपुत्र अनुराग मिश्र ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीमा गुप्ता असीम, आलम रब्बानी, श्रवण तिवारी, सरिता अग्रवाल, अविनाश चंद्र गुप्ता, अनूप पुरी, विनय मिश्रा, बुद्धिसागर शुक्ला, डा सुरेश अग्निहोत्री सहित अनेक साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

# मोबाइल दुकान में चोरी का आरोपी पकड़ा गया

कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र संडीला के फेस 2 में मोबाइल शॉप की गुमटी में चोरों ने शुक्रवार की रात ताला तोड़कर मोबाइल, रिपेयरिंग मशीन, एसेसरीज आदि चोरी कर ले गए थे। कछौना पुलिस ने मोबाइल शॉप में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को जेल भेज दिया।

शनिवार को अनुज कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी उसरहा थाना कछौना द्वारा कोतवाली पर तहरीर दी गई कि कोतवाली कछौना के ग्राम फेस-2 एरिया ग्रीन प्लाई फैक्टी के सामने उसकी मोबाइल की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में रखे मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया। कछौना पुलिस टीम को शनिवार की रात में मुखबिर से सूचना मिली कि मोबाइल दुकान में चोरी की घटना से संबंधित एक व्यक्ति दलेल नगर क्रॉसिंग पर कहीं जाने की फिराक में हाथ में एक बोरी में कुछ सामान लेकर खड़ा है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को दलेल नगर क्रॉसिंग के पास पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना राजेश (23) निवासी ग्राम डम्मरखेड़ा मजरा उसरहा कोतवाली कछौना बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी का तमाम सामान बरामद किया गया।

## स्वीप आइकन बनीं पूनम



**हरदोई, अमृत विचार।** आने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए आइकन बनाए गए है जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी पूनम तिवारी को स्वीप आइकन बनाया है। वह पूरे जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। जिलाधिकारी ने उनको आइकन बनाते हुए यह अपेक्षा की है कि वह मतदान को बढ़ान में सहयोंग करेंगी। गौरतलब हो कि पिछले चुनावों में जिले में हुए चुनाव में लोगों ने कम दिलचस्पी दिखाई जिससे मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा। इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में स्वीप आइकन, पीडब्लूडी आइकन व थर्ड जेण्डर आइकन जिलाधिकारी ने नामित किए। यह आइकन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करेंगे।

## दवा खाने से महिला की हालत बिगड़ी, मौत

हरदोई, अमृत विचार। मानसिक बीमारी की दवा खाने से महिला की तबियत बिगड़ गई। घर वाले उसे सीएचसी ले गए। जहां से डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया ।लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पिहानी कोतवाली के भोगियापुर निवासी गिरीश कुमार की 38 वर्षीय पत्नी सुमन देवी का मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। शनिवार को दवा खाने के बाद उसकी तबियत बिगड़ गई ।इसका पता होते ही घर वाले उसे इलाज़ के लिए पिहानी सीएचसी ले गए,जहां डाक्टरों ने उसकी हालत देख कर उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। सुमन को मेडिकल कालेज पहुंचाया जाता,लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। पति गिरीश कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी सुमन का काफी दिनों से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। घर पर रखी दवा खाते ही उसकी हालत बिगड गई थी। सुमन के दो बेटे गौरव व राहुल और एक बेटी रागिनी है।

## उत्तर प्रदेश में मिल रहे बदलाव के संकेत : ऊषा वर्मा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी और पूर्व सांसद उषा वर्मा ने कहा है उत्तर प्रदेश में बदलाव के संकेत दिखाई पड़ रहे हैं आने वाले समय में यूपी से भाजपा का सफाया हो जाएगा। पूर्व सांसद पाली बाईपास स्थित विक्रांत पाली क्लीनिक पर कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने बताया जो भाजपा के पक्ष में नहीं है उसके घर ईडी और सीबीआई भेजी जा रही है। तानाशाही का दौर चल रहा है। मुद्दों के बारे में पूछे गए प्रश्न पर पूर्व सांसद ने कहा जिन मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई थी। समाजवादी पार्टी उन्हीं मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में है। उन्होंने बताया भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया, बेरोजगारों को नौकरी देने का वादा किया परंतु भाजपा सरकार अपने किसी भी वादे पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने बताया किसानों को उनकी उपज का मूल्य नहीं मिल रहा है, बेरोजगार दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। शिक्षा के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें की जा रही हैं लेकिन शिक्षा के नाम पर कहीं भी न तो स्कूल बनाए जा रहे हैं। पेपर लीक मामले पर सपा प्रत्याशी ने कहा उनके पास देने के लिए नौकरियां नहीं है इसीलिए पेपरों को लीक करने का योजना बद्ध ढंग से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कहा कि सपा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है।

सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का हुआ निस्तारण

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अजय कुमार श्रीवास्तव, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शमशुल हक, अपर जिला जज प्रीती श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज हेमेन्द्र कुमार सिंह, समस्त न्यायिक अधिकारी व बैंक अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तराधिकार प्रकृति के 12 वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 155 वाद, पारिवारिक मामलों के 47 वाद, फौजदारी के 11627 वाद, विभिन्न प्रकृति के 94 तथा उपभोक्ता फोरम द्वारा 30 मामलों का , स्थाई लोक अदालत द्वारा 05 एवं जिला प्रशासन द्वारा 5126 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते व अभिस्वीकृति के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना वादों में 2,10,85,000 रुपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़ित पक्षकारों को दिलवाई गई। ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से जिला प्रशासन के विभागों द्वारा 3,50,743 रुपये मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ अपर जिला जज सुधाकर दुबे ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय परिसर में बैंकों के कैम्प लगाए गए, जिसमें विभिन्न बैंकों ने बैंक ऋण से संबंधित 1104 वादों का निस्तारण किया एवं कुल ऋण धनराशि 13,92,50,000 रुपये का समझौता किया गया व भारत संचार निगम द्वारा छह वादों का निस्तारण किया गया। प्राधिकरण सचिव ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 3,68,949 वादों का निस्तारण किया गया तथा समझौता धनराशि 17,64,10,812 रुपये रही। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में समस्त न्यायिक अधिकारियों, बैंक-बीमा कंपनी का भी योगदान रहा।

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ हुई परामर्श बैठक

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को कछौना बीआरसी सभागार में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ परामर्श बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजय मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज मोहन रोड लखनऊ के विद्यार्थी सोनू गुप्ता ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में आने वाली विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जनपद हरदोई में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने की आवश्यकता है। शासन स्तर से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए तो ध्यान दिया जा रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारियों के द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही जनपद हरदोई में दिव्यांग बच्चों के द्वारा उनकी शिक्षा में जो उपकरण इस्तेमाल होते हैं, वह उपकरण उन्हें नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने उन उपकरणों के बारे में वहां पर बैठे अभिभावकों को बताया जिसमें उन्होंने सक्षम म अव म 5 के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस डिवाइस से अगर कक्षा में कोई शिक्षक कुछ बोल करके किताब से पढ़ रहा है तो इस डिवाइस की सहायता से वह शिक्षक के द्वारा बताई जा रही बातों को रिकॉर्ड करके बाद में भी बार-बार सुन करके उसे चीज को याद कर सकता है। उन्होंने कहा अगर हम लोगों के पास स्मार्टफोन होता तो हमें पढ़ने में और भी सहूलियत होती। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि उन्हें स्मार्टफोन वितरित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत कछौना प्रशासन के स्तर से दिव्यांग जनों के लिए कोई कार्य नहीं किए गए हैं।

### चाची को किस करके फोटो खींची, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के एक मोहल्ले में भतीजे द्वारा चाची को किस करते हुए फोटो वायरल की धमकी देना और बुरी नीयत से चाची को दोबारा पकड़ने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया उसका जेठ का लड़का दो माह पहले उसे घर में अकेले पाकर घुस आया था और उसने उसे किस करते हुए फोटो खींच लिया था। लोकलाज के भय से उसने ये बात किसी को नहीं बताई। शुक्रवार को दोपहर को वह फिर उसके घर में घुस आया और अकेली पाकर उसकी किस वाली फोटो को वायरल करने की धमकी देकर बुरी नियत से उसे पकड़ कर खींचने लगा ।विरोध करने पर उसे धमकी देकर चला गया ।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर आरोपी शाहान के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

### बालिकाओं ने प्रतियोगिता में दिखाया दम

**मल्लावां-बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के सदा तालाब ग्राउंड पर नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अपना दम दिखाया। नेहरू युवा केंद्र द्वारा सदा तालाब ग्राउंड पर बालिकाओं के लिए रन प्रतियोगिता में 25 बालिकाओं ने भाग लिया। रन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राधा पटेल, द्वितीय स्थान पर बीना देवी, तृतीय स्थान प्रिया पाल ने पाया। विजयी बालिकाओं को टी शर्ट, कैप व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। ऐसे में कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा के निर्देश पर किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विप्रप्रधान, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी डॉ मेराज खान, प्रदीप कुमार, अजहरुद्दीन सभासद प्रतिनिधि एनवाईवी सीमा देवी, वीरेंद्र सिंह रहे। इसके अलावा बिलग्राम स्थित एपीएस डिग्री कॉलेज में शनिवार को नारी फिटनेस दिवस के रूप में बनाया गया। जिसमें डाभा गांव सभी बालिकाओं ने 200 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि डा. केशनपाल राठौर जिला पंचायत सदस्य ने प्रतिभागियों से परिचय कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम — दिव्य कृपाल पीजी कॉलेज गोसवा में आयोजित सत्संग में आध्यात्मिक गुरु ने श्रद्धालुओं को बताए सार्थक जीवन यापन के तरीके

# ऐसे काम करें जिनसे जीवन सार्थक हो सकें : मोहन भैया

मल्लावां, हरदोई



सत्संग में बोलते मोहन भैया व मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार



**अमृत विचार।** दिव्य कृपाल पीजी कॉलेज गोसवा में सत्संग में आध्यात्मिक गुरु पूज्य देवेंद्र मोहन भैया ने बताया कि संत जो हमें सिखाना चाहता है। वो बाहरी चीज़ो के जुड़ाव से नहीं मिल सकता। हमारे जीवनकाल में प्रभु से जुड़ाव हो तभी जीवन की सार्थकता है। हमें जीवन में कुछ ऐसे काम करने चाहिए जिससे हमारा जीवन सार्थकता की ओर बढ़े।

रविवार को दिव्य कृपाल पीजी कॉलेज गोसवा में आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में पहुंची संगत को आशीर्वचन देते हुए। देवेंद्र मोहन भैया ने कहा कि हमारे जीवन की शुरुआत गुरुज्ञान से होती है। गुरु हमें क्या सिखाना चाहता है और हम उसकी बातों का किस प्रकार, कितना अनुसरण कर रहे हैं इसी से जीवन की सार्थकता है। मनुष्य का शरीर और मन ही उसके आत्मिक विकास का सबसे बड़ा साधन हैं। अगर हमारा मन बाहरी मोहमाया में फंसा रहेगा तो गुरुज्ञान की अनुभूति नहीं होगी। हमारी मनगति पर नियंत्रण जरुरी है।

आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन ने कहा कि कम उम्र में लोगों के साथ अनहोनी घटनाएं हो रही हैं। लोग समझते हैं कि जीवन में हमारे पास बहुत समय है परंतु परमात्मा का दिया हुआ समय निश्चित है। समय की गणना करने में प्रभु का तरीका अलग है और हमारा अलग, इसलिए जरुरी है कि हम समय को बर्बाद ना करें। हमारे जीवन की सार्थकता तब होगी जब हम अभी से चलना शुरु कर दें। स्वामी विवेकानंद जी ने भी कहा है कि तुम्हारा जीवन तब शुरु होगा जब तुम आंख खोलोगे, तुम जागोगे और तब तक चलते रहोगे जब तक लक्ष्य तुम्हारे कदमों में ना आ जाए। हमें गुरु पर उसी प्रकार भरोसा होना चाहिए जैसे किसी तीन-चार साल के बच्चे को अपनी मां पर होता है। बच्चे को यकीन होता है कि उसकी मां दुनिया की हर परेशानी से उसे बचा लेगी। बच्चा अपनी मां से कभी नहीं पूछता कि उसकी रक्षा के लिए उसकी मां योग्य है या नहीं।

### मन की गति का एकांत में करें आंकलन

कहा कि मन की गति का आंकलन हम एकांत में कर सकते हैं। यदि मन इधर उधर भागता है तो मन पर काम करने की आवश्यकता होती है। मन को सिखाना पड़ता है कि गुरु और गुरु की शिक्षाओं पर भरोसा किया जाए। धारणा से ही विश्वास बनता है। विश्वास धीरे धीरे अभ्यास से बनता है। गुरु के बताए नियम, गुरु का ध्यान धीरे धीरे जीवन का आधार बनाते हैं। मन को गुरु पर विश्वास और उसकी की आज्ञा से जोड़ना आवश्यक है। शरीर गुरु की बताई बातों का पालन करने का माध्यम है। इसलिए शरीर का स्वस्थ रहना भी आवश्यक है। हमारा आहार और विचार ही शरीर को साधना के योग्य बनाते हैं। अगर हम भोजन को औषधि की तरह लेंगे तो शरीर स्वस्थ रहेगा अन्यथा औषधि ही हमारा आहार हो जाएगी।

# एसपी ने दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस के जवानों को कराया अभ्यास

## दंगा व बलवा नियंत्रण में प्रयुक्त होने वाले यंत्रों का किया गया परीक्षण

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी के निर्देशन में रविवार को कस्बे में त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के गुर सिखाए गए। पुलिसकर्मियों ने जरूरत पड़ने पर सभी यंत्रों के इस्तेमाल का परीक्षण किया। इस दौरान कस्बे के हर चौराहे गली में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

अभ्यास के दौरान ड्रिल का रिहर्सल, पुलिसकर्मियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने, दंगे की स्थिति से निपटने और दंगों पर नियंत्रण के लिए तैयार किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी, एडिशनल एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह सीओ संतोष कुमार सिंह व कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ ने कोतवाली में दंगा नियंत्रण अभ्यास के रिहर्सल में प्रतिभाग करने वाले समस्त अधिकारी और कर्मचारी के साथ बैठक की गई। बैठक में रिहर्सल के दौरान सामने आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर अतिरिक्त कोतवाल हाकिम सिंह, कस्बा इंचार्ज रजनी त्रिपाठी, अरविंद कुमार, नितिन तोमर के साथ हरियावा, बेनीगज, टड़ियावां पुलिस बल के साथ एलआई यू इंस्पेक्टर मौजूद रहे।



मातहतों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी। अमृत विचार

### संवेदनशील स्थलों की सूची बनाकर कोतवाल खुद करें भ्रमणः सीओ

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक में सीओ हरियावां संतोष सिंह ने कहा कि हर थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर का अध्ययन कर उसके अनुरूप सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित की जा रही है। अवांछित तत्वों के विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी संवेदनशील क्षेत्रों व हाट स्पाट की सूची बनाकर कोतवाल खुद उनका भ्रमण करें और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करें। मौजूद किसान नेता राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा, अरुण गुप्ता, राज किशोर सिंह, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, मनीष शर्मा आदि सम्रांट व्यक्तियों से कस्बे की जानकारी हासिल की। सीओ ने पिहानी क्षेत 316 जगह लगने वाली होलिका दहन स्थल पर पुलिस की कड़ी ड्यूटी लगाने के निर्देश कोतवाल को दिए हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान ईद व होली के त्योहार भी पुलिस के सामने कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती होगी। सीओ ने कहा कि शांति समितियों की बैठकें करने के साथ ही उप निरीक्षक व पुलिसकर्मी धर्मगुरुओं से निरंतर संवाद व समन्वय बनाकर रखें। कहीं किसी प्रकार की समस्या होने की दशा में उसका समाधान समय से सुनिश्चित करा लिया जाए। इसके साथ ही रमजान व ईद के अवसर पर कहीं किसी नई परंपरा की अनुमति न प्रदान करने का कड़ा निर्देश भी दिया। रमजान 12 मार्च से संभावित है। इस मौके पर एल आई यू इंस्पेक्टर सिरीश सिंह कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी भी मौजूद रहे। बीते वर्षों में हुए विवादों/घटनाओं की समीक्षा करने के साथ ही ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल के प्रबंध का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों, मिली-जुली आबादी वाले क्षेत्रों व जुलुस मार्गो पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। सीओ ने सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित कराने के साथ ही ऐसे स्थानों पर नियमित गशत भी कराई जाए। पोस्टर पार्टी का गठन कर धार्मिक स्थलों की नियमित चेकिंग सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया।

## एक नजर

### मिलावटखोरों की खाद्य आयुक्त से शिकायत

**शाहाबाद, हरदोई।** होली पर्व नजदीक आते ही मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। पाउडर और केमिकल डालकर खाद्य पदार्थ तैयार किया जा रहे हैं, जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इन्हीं मिलावट खोरों की सक्रियता को लेकर शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर के रहने वाले विजय सिंह ने खाद्य आयुक्त को पत्र भेजकर शिकायत की है। बताया कि उधरनपुर के कुछ लोग शाहाबाद के जोगीपुर नौसारा में फिरोजपुर कालागाढ़ा मार्ग पर किराए का मकान लेकर मिलावटी खाद्य पदार्थों का काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त गिलजई और उधरनपुर में भी लोग मिलावटी मिठाइयां बना रहे हैं। पत्र में कहा गया है लोग पुराने मिलावटखोर रहे हैं। उनके यहां कई बार छापेमारी भी हो चुकी है लेकिन यह पाउडर और केमिकल से ही खाद्य पदार्थ बनाकर बाजारों में बिक्री कर रहे हैं।

### रोमांचक मुकाबले में आवास विकास ने दर्ज की जीत

**हरदोई, अमृत विचार।** सीएस एन पीजी कालेज में चल रहे बाबू मोहनलाल वर्मा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन दो मैच खेले गए। आवास विकास और अब्दुल पुरवा की टीमों ने दर्ज की शानदार जीत। पहला मैच सहारा -11 और अब्दुलपुरवा के मध्य खेला गया। अब्दुलपुरवा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहारा-11 की पूरी टीम 52 रनों पर ऑल आउट हो गई। दूसरा मैच आवास विकास एवं हरदोई टाइटन के बीच खेला गया। आवास विकास की टीम ने 12 ओवर में कुल 111 रन बनाए। हरदोई टाइटन की टीम 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।



हरियावां थाना में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व क्षेत्रीय जनता। अमृत विचार

### धार्मिक स्थलों पर रखी जाएगी कड़ी नजर, अराजक तत्वों पर होगी कार्रवाई

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** त्योहारों मे शांति सुरक्षा के दृष्टिगत मीटिंग की गयी थाना प्रभारी भावना भरद्वाज की अध्यक्षता मे धर्मगुरुओं थाना क्षेत्र के प्रधानो व सम्मानित जनो की मीटिंग बुलायी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि आगामी होली व ईद के त्योहार को पुरानी परम्परा के अनुसार ही मनाएं। होलिका दहन स्थलो पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। संवेदनशील स्थानों धार्मिक स्थलो हाट आदि जगहों पर भी पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी। अराजकतत्वों व शांतिभंग करने वालो के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी तरह की कोई अराजकता या अनुशासन हीनता शांतिभंग वाद-विवाद या नशा आदि का सेवन करता पाया गया तो उसको बक्शा नहीं जायेगा। अगर कोई शांतिभंग कर रहा है, तो उसकी सूचना यूपी-112 या थाने पर दें। मीटिंग मे उपस्थिति उपनिरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक ब्रह्मानंद सिंह, दीवान वकील खान, यूपी-112 पीआरवी जवान महिला हेल्प डेस्क की महिला आरक्षी, प्रधान प्रतिनिधि राजाबेटा, प्रधान प्रतिनिधि रामसेवक, रामकिशोर प्रधान प्रतिनिधि, योगेश श्रीवास्तव प्रधान प्रतिनिधि, अवनीश प्रधान प्रतिनिधि, संजीव मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

### प्रमुख स्थलों पर यूपी-112 की पीआरवी रहेगी मुस्तैद

**पिहानी।** एसएचओ धर्मराज सिद्धार्थ ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रमुख स्थानों पर यूपी-112 की पीआरवी मुस्तैद की जायेगी। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया की निरंतर निगरानी किए जाने के साथ ही विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित संदेशों व वीडियो पर सतर्क दृष्टि रखी जायेगी। भ्रामक व झूठी सूचनाओं का खंडन करने के साथ ही गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई हर दशा में की जाएगी।

### लैपटॉप व महत्वपूर्ण दस्तावेज किया बरामद

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के रहुला गांव निवासी संजीव कुमार पुत्र सुरेश पाल जो लखनऊ में रहकर अपनी पढ़ाई कर ता है। जो बीती 5 मार्च को संजीव ने बिलग्राम कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना दी थी कि एक शिफ्ट कार गाड़ी में व लखनऊ जाते समय उसका बैग गलती से छूट गया है जिसमें उसके दो लैपटॉप व महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं जिनका मिलना अति आवश्यक है तभी बिलग्राम पुलिस द्वारा शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए सीसीटीवी के माध्यम से कार व कार चालक के संबंध में अहम जानकारी जुटाकर कार चालक से बैग को बरामद किया जिसके बाद बिलग्राम पुलिस द्वारा संजीव को सूचना देकर संजीव को दो लैपटॉप व महत्वपूर्ण दस्तावेज सुपुर्द कर दिए। दस्तावेज व लैपटॉप पाकर संजीव काफी खुश दिखाई दिया। उन्होंने बिलग्राम पुलिस के कार्य की प्रशंसा की।

# खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली सीज

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद ब्लॉक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहा मिट्टी का खनन खनिज विभाग के लिए मुसीबत बना हुआ है। मिट्टी माफिया किसानों के इंतखाब खतौनी पर फावड़े से मिट्टी खनन का परमिशन लेकर बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन कर रहे हैं। शिकायत मिलने पर खनिज अधिकारी ने एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़े जाने के बाद सीज कर दिया।



सीज की गई ट्रैक्टर-ट्राली।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरहाई और फिरोजपुर खुर्द तथा कुतुबनगर की सीमा में पिछले काफी दिनों से फावड़ा से मिट्टी खनन का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा था। खनन माफियाओं ने ग्राम पंचायत नरहाई को तालाब में तब्दील कर दिया। उसके बाद चक पिहानी जो कुतुब नगर हिरौली ग्राम पंचायत में आता है यहां पर मिट्टी का खनन किया गया। खनन माफिया ने फिरोजपुर खुर्द में खनन का कार्य शुरू किया था। यह खनन माफिया किसानों के इंतखाब खतौनी पर पांच ट्राली या दस ट्राली का ऑनलाइन परमिशन लेकर सैकड़ों ट्रालियों की संख्या में मिट्टी का खनन कर डालते हैं। इसकी शिकायतें लगातार खनिज अधिकारी अजीत सिंह तक पहुंच रहे थी। मुखबिर की सूचना पर खनिज अधिकारी ने पाली बाईपास स्थित फिरोजपुर खुर्द मार्ग पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को रोका तो चालक ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर फरार हो गया। खनिज अधिकारी द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली लाया गया और पुलिस के सुपुर्द कर सीज करने की कार्रवाई की गई। फिलहाल खनिज विभाग की इस बड़ी कार्रवाई के बाद मिट्टी खनन माफियाओं में दहशत व्याप्त हो गई है।

### बीएसएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांति तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन जुट गया है। रविवार को लोनार कोतवाली के गांव सकरौली, नासौली डामर, जगदीशपुर और बावन में बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। अचानक पुलिस के सैकड़ों जवानों को देख क्षेत्रवासी किसी घटना को लेकर सहम गए। बीएसएफ जवानों ने स्थानीय लोगों को अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। एसपी केशवचन्द गोस्वामी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक लोनार आलोक मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार दोपहर बाद बीएसएफ व स्थानीय पुलिस बल द्वारा कस्बा व उसके आसपास के गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों को भरोसा दिलाया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन हर तरह से तैयार है। साथ ही लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे शांति, सहयोग व सौहार्द्र बनाये रखने की अपील की गयी।





लोकार्पण करते सांसद जय प्रकाश। अमृत विचार

### हर बूथ को बड़े अंतर से जीतना है : सांसद

**हरदोई, अमृत विचार।** सांडी विधानसभा के मंडल ब्रह्मनाखेड़ा में समस्त मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजकों तथा ग्राम प्रधानों की डब्बू ढाबा पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद जयप्रकाश ने समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति व बूथ प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।उन्होनें कहा हर एक बूथ को बड़े अंतर से जीतना है जिससे जीत का अंतर ज्यादा हो। बैठक में सांडी विधानसभा प्रभारी आशुतोष शुक्ला मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह मंडल महामंत्री राघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजू शुक्ला प्रधान शत्रुहन यादव जी, प्रधान आधार यादव सहित प्रधान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़कें मजबूत आर्थिक विकास का आधार: सांसद

**हरदोई, अमृत विचार।** सांसद जयप्रकाश ने विधानसभा सांडी के अंतर्गत विकास खंड अहिरोरी के ग्राम कन्हईपुर मे रविवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 6 सड़कों का विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सड़के हमारे मजबूत आर्थिक विकास का आधार हैं। तत्पश्चात् सांसद ने ग्राम अरवा गजाधरपुर में अमित प्रधान द्वारा आयोजित ग्राम प्रधानों तथा कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रतिभाग किया। वहां सांसद ने ग्राम पंचायत सचिवालय का लोकार्पण किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय ग्रामीण लोकतंत्र का प्रतीक बनकर उभरे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता, नीलम जी अधिशाषी अभियंता, मंडल महामंत्री प्रभाकर मिश्रा, प्रधान सुशील त्रिपाठी, प्रधान नीरज पांडेय, प्रधान सुभाष, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**किताब की बात** — नरेश अग्रवाल ने अपनी पुस्तक में राजनीतिक किस्सों का किया जिक्र

# न दूध पीता हूं न सांपों को पिलाता हूं

(पीके गुप्ता 'बबलू'), हरदोई

**अमृत विचार।** जिले की राजनीति से उठकर राष्ट्रीय राजनीति में छाए नरेश अग्रवाल जहां अपने समर्थकों के लिए सब कुछ करने को तैयार रहते हैं वही अपने बड़े से बड़े राजनीतिक विरोधियों को खरी खोटी सुनाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ते। ऐसे तमाम राजनीतिक किस्सो का जिक्र उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के 50 वर्ष पर प्रकाशित पुस्तक में किया है पुस्तक में लिखा है कि अमर सिंह सपा में उनके रहने के दौरान सदैव मेरा विरोध करते थे।

समाजवादी पार्टी में रहने के दौरान और अमर सिंह की सपा में तूती बोलने के दौरान भी एक किस्से का जिक्र करते हुए उन्होंने पुस्तक के लेखक देवकीनंदन



मिश्रा को बताया कि किस प्रकार अमर सिंह के विरोध के चलते उन्हें मंत्रिमंडल में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने स्थान तो दिया लेकिन उन्हें पर्यटन मंत्री जैसा विभाग दे दिया गया। बताया कि उन्होंने नेताजी से भी इस विषय में बात कर इस विभाग में ज्यादा कुछ न कर सकने पर विरोध जताया। मेरे विरोध जताने पर नेताजी ने कहा कि तुम मेरे पास आओ मैं तुम्हें बताता हूं, इस पर मैंने कहा कि इस समय तो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैं हरदोई जा रहा हूं, शाम को लौट कर आता हूं तो आपसे मिलूंगा। शाम को लौटते ही सीधे नेताजी के घर चला गया।

नेताजी के यहां पहुंचने पर मैंने देखा अमर सिंह भी नेताजी के पास बैठे थे, दोनों दूध पी रहे थे। नेताजी ने मुझसे पूछा, नरेश तुम भी दूध पियोगे, मैंने नेताजी से कहा कि मैं न तो दूध पीता हूं और नहीं सांपों को दूध पिलाता हूं। अमर सिंह मेरी इस बात पर बहुत भड़क गए। उस समय मैंने तय कर लिया था कि मेरी इस बात से अगर नेताजी नाराज हो गए तो मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगा, लेकिन नेताजी ने मुझे और अमर सिंह को समझाया और मुझसे कहा कि शांत रहा करो, तुम्हारा विभाग बदल दिया जाएगा। कुछ दिनों बाद लोकसभा के चुनाव हुए उत्तर प्रदेश से 39 एमपी जीते तो दिल्ली में पार्टी का दबदबा बढ़ा। इसके बाद मेरा विभाग बदल दिया गया और मुझे परिवहन विभाग दे दिया गया।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त ( सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस क्रांफ्रेस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय मे इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

# भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटैंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का मामला संबंद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फ़ूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसैस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

## प्रसंगवश

# गरचे टेलीफोन न बनता

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

# नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी क़ि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

## सोशल फोरम

# एक सांस की अहमियत



हफीज किदवई
लेखक

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ, धोखे, मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक, सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े, करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे ।

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया, जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें, उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है । लड़खड़ाते वक़्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक़्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक़्त ख़र्च किया, उनके पास आपके लिए ही वक़्त नहीं है । जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया, वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे । तो क्या करना है । मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए, मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे, तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा । कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता, तो कहता यार, सांसों के रंग को उकेरूंगा । मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक़्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो, बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना, कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए, दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा, फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही, मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

# किसे फिक्र है हमारी



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फिक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना ,दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत ,पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रहीं थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे , विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

# कल्कि धाम का शिलान्यास



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद, शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत, ललन हैं पेट, मुड़ने( मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

## एक नजर

### तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए कार्य शुरू

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर पंचायत सिधौली ने तहसील परिसर में अधिवक्ताओं और वादकारियों की सुविधा के लिए पांच इलेक्ट्रिक लाइट्स एवं ग्राम न्यायालय से लेकर निर्वाचन कार्यालय तक इन्टरलॉकिंग का काम शुरू कराया है। अधिवक्ता अनुराग पाण्डेय ने बताया कि इस कार्य की लम्बे समय से मांग की जा रही थी, क्योंकि शाम होते ही समूचा तहसील परिसर अंधकार में डूब जाता है। बता दें कि नगर पंचायत सिधौली के नरोत्तम नगर उत्तरी वार्ड के सभासद एवं अधिवक्ता दिग्विजय शुक्ला मुन्नन के प्रयासों से यह कार्य शुरू किया गया है।

# गणेश पूजन के बाद रामादल की शुरू होगी परिक्रमा

**नैमिषारण्य, अमृत विचार।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र धार्मिक नगरी नैमिषारण्य की चौरासी कोसी परिक्रमा सोमवार भोर होते ही मेला अध्यक्ष पहला आश्रम के पीठाधीश द्वारा डंका बजाने के साथ ही शुरू हो जाएगा डंका बजने के बाद भक्त जन चक्रतीर्थ पर स्थित श्री गणेश जी लड्डू के भोग लगाकर अपनी परिक्रमा की यात्रा आरंभ करेंगे। इस परिक्रमा में संपूर्ण देश के विभिन्न प्रांतों से लाखों भक्त आकर नव दिवसीय, 11 दिवसीय अपनी व्यवस्था अनुसार परिक्रमा करते है। सबसे ज्यादा परिक्रमा करने वालों में मध्य प्रदेश के भिंड मुरैना ग्वालियर इटावा मैनपुरी आदि लोग हैं।

### दर्श अमावस्या में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**नैमिषारण्य।** फाल्गुन अमावस्या जिसे दर्श अमावस्या भी कहते हैं, के अवसर पर तीर्थ नगरी में भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अमावस्या के मेले ने इस भीड़ को दुगुना कर दिया। प्रात :काल से चक्रतीर्थ, गोमती नदी के विभिन्न घाटों जैसे राजघाट, देवदेवेश्वर घाट रूद्रवर्त घाट पर भक्तों ने स्नान कर मां ललिता देवी के दर्शन करके अपनी यात्रा पूर्ण की। उसके बाद भक्तजन हनुमान गढ़ी, ब्यासगद्दि आदि मंदिरों में अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# दिव्यांगों को मिली मोटर ट्राई साइकिल व व्हीलचेयर

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

**मदद**

- रामलीला मैदान में हुआ आयोजन, सांसद, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया वितरण

**अमृत विचार।** नगर के रामलीला मैदान में रविवार को 1125 दिव्यांगजनो को उपकरण वितरण किया गया। जिसमें 201 मोटर ट्राई साइकिल, 800 ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, स्मार्ट केन, कृत्रिम हाथ पैर, बैसाखी, कान की मशीन आदि का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि तंबौर केपी सिंह कालेज में एडमिशन लेने वाले दिव्यांगों को 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। कार्यक्रम में विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, सेवता ज्ञान तिवारी, महमूदाबाद आशा मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने संबोधित किया। इस मौके पर एडीएम नीतीश कुमार, बिसवां एसडीएम मनीष कुमार, सीओ बिसवां उदयराज सिंह जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजकुमार एलिम्को कम्पनी के प्रशासनिक अधिकारी संदीप कुमार, चंदन तारा, सुंदरम तिवारी, आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, महासचिव बिंदू मौर्या आदि दिव्यांगजन उपस्थित रहे।



मोटर ट्राई साइकिल के साथ दिव्यांग व मौजूद सांसद सीतापुर, जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्षा, सेउता व महमूदाबाद विधायक।

# समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ भूख हड़ताल पर बैठे

## न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित कर रहे आत्मदाह, कोई नहीं है सुनने वाला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** रविवार को समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम ने समाजवादी पार्टी कार्यालय स्थित गाँधी पार्क में एक दिवसीय भूख हड़ताल की। मजदूर सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश व् प्रदेश की भाजपा सरकार में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का विकास हुआ है। पीड़ित न्याय के लिए भटक रहे हैं, आत्मदाह कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। इस दौरान समाजवादी पार्टी मजदूर सभा कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाकर प्रदर्शन भी किया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) के सम्मान की लड़ाई को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिलों में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सहयोग से भूख हड़ताल कर रही है। जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर रही है, जिस वजह से लोग बेरोजगार हो रहे हैं। शहर व देहात में अपराधी बेलगाम है यदि सरकार ने उनकी मांगों का संज्ञान नहीं लिया तो समाजवादी पार्टी बड़ा आन्दोलन करेगी। इस अवसर पर जिला महासचिव इकबाल हुसैन अंसारी, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष कौशल किशोर, अशफाक खां, चंद्रशेखर यादव, तौकीर अहमद खां, राकेश जोशी, जयसिंह यादव, महिला सभा जिला महासचिव पिंकी यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष संदीप कश्यप, महासचिव राना प्रताप सिंह, राजकिशोर गौतम, अरशद खां, छात्र सभा जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष मेराज अहमद, केश्काली भार्गव, गीता गोसमी, मधु शर्मा, उषा भार्गव, राजेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, छोटे लाल यादव, विनय यादव, उत्तम यादव, बिपिन यादव, शाश्वत जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गांधी पार्क में भूख हड़ताल पर बैठे मजदूर सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा विधायक ने गिनाईं उपलब्धियां

**महमूदाबाद।** आज के ही दिन 10 मार्च 2022 को आप सबके प्यार और आशीर्वाद से मिले जनसमर्थन को दो वर्ष पूर्ण हुए। आज महमूदाबाद की जनता गर्व से कह सकती है कि उनका ऐतिहासिक निर्णय सही रहा, बिना किसी भेदभाव, जाति, धर्म व पक्ष विपक्ष से इतर सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास बनाये रखा।

उक्त बातें प्रदेश में भाजपा सरकार के दो साल पूर्ण होने पर महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक आशा मौर्या ने अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहीं। लोक निर्माण विभाग से 128 रोड बनवाईं, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 48 असहाय मरीजों को वित्तीय सहायता दिलाई। साथ ही पत्रकारों के बैठने व बेहतर तरीके से काम करने के लिए कार्यालय बनवाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि गुड़ैचा से सदरपुर होते हुए बिसवाँ तक सड़क निर्माण कार्य, पोखरा तक सड़क निर्माण कार्य, नींबाडहरा तक सड़क निर्माण, मोतीपुर चैराहे से मीरानगर-महरौली तक सड़क निर्माण, सरैया से लौना, सरैया से भुड़कुड़ा तक रोड निर्माण, महमूदाबाद-रेउसा मार्ग से अगैया तक रोड निर्माण, पैंतेपुर से चांदपुर तक रोड व सड़क चैड़ीकरण व अनगिनत सड़कों के विकास कार्य पूरे हुए। आवासीय विद्यालय के रूप में बिलौली बाजार में 12वीं तक बेटियों के लिए कस्तूरबा विद्यालय व हॉस्टल की स्थापना की गई।

# युवाओं को स्वावलंबी बनाकर अन्य लोगों को रोजगार देना है मकसद

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को स्वदेशी जागरण मंच के जिला कार्यालय का उदघाटन डॉ. राजीव कुमार अखिल भारतीय विचार प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच व अनुपम श्रीवास्तव क्षेत्रीय संयोजक स्वदेशी जागरण मंच व सह संपर्क प्रमुख एवं मुख्य संरक्षक अचिन मेहरोत्रा स्वदेशी जागरण मंच एवं संरक्षक सुशील अग्रवाल, जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल व अभिषेक सिन्हा संपर्क प्रमुख अवध प्रान्त की गरिमामयी उपस्थिति में केशव ग्रीन सिटी में किया गया। तत्पश्चात स्वावलंबन से प्रेरित होकर युवा उधमी राहुल अग्रवाल व श्रवण बंसल के एक स्टार्टअप केशव नीर के नाम से वाटर एवं बॉटलिंग प्लांट का भी उद्घघाटन किया गया। साथ ही केशव ग्रीन सिटी में एक स्वावलंबन केंद्र का भी उद्घाटन किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी अंकित अग्रवाल ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को युवाओं तक पहुंचाकर एक सेतु का काम करते है, उन्हें आत्म निर्भर बनाना है जिससे युवा स्वावलंबी बन कर अन्य लोगों को रोजगार प्रदान करें और देश की जीडीपी बढ़ाने में सहयोग करें। इस अवसर पर डॉ. राजीव कुमार ने स्वावलंबन व स्वदेशी चीजों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि युवाओं को प्रेरित कर व स्वावलंबी बनाकर सीतापुर जिले का नाम देश के पटल पर जाना जाए। इसके पशचात मुख्य संरक्षक अचिन मेहरोत्रा ने बताया कि सभी की सहभागिता से वॉलिंटियर्स बनाने में सीतापुर अवध प्रान्त में एक नंबर पर रहा है। उद्धघाटन के अवसर पर मुख्य रूप से अग्रवाल सभा के संरक्षक प्रह्लाद राय अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यालयों के उदघाटन के अवसर पर प्रान्त समन्वयक अमित सिंह, जिला समन्वयक अमित बरनवाल, अविनेन्द्र विक्रम सेवा भारती प्रमुख, गरिमा श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, विजय गुलाटी, राजीव श्रीवास्तव, किशन सिंह, रामकुमार, अरुण चड्ढा, मात्र शक्ति से जिला संयोजक महिला बबिता गुप्ता, मनिला शुक्ल, ममता खेतान आदि उपस्थित थे।



अतिथियों को गौमाता का प्रतीक चिन्ह देते स्वदेशी जागरण के जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल।

# अनुशासन के साथ समय से पूरा करना है संगठन का कार्यः राजेश

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए युद्धस्तरीय तैयारी शुरू कर दी है। इसी को लेकर रविवार को जिला कार्यालय हाल में चुनाव प्रबंधन की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिला पदाधिकारी मंडलों के अध्यक्ष व भाजपा द्वारा स्थापित संवाद केंद्र के संवाद मित्र उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से संवाद मित्रों व मंडल अध्यक्षों का आपसी परिचय कराया गया, ताकि चुनाव के समय दोनों एक दूसरे का सहयोग प्राप्त कर अपना कार्य कर सकें।

जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने संगठन के पदाधिकारियों को व संवाद मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी चुनाव के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो चुकी है, ऐसे में हमारे संवाद मित्रों का दायित्व बढ़ जाता है। आज लगभग 300 से ज्यादा जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिन्हें आपको सकुशल जन-जन तक प्रसारित करना है। जिला अध्यक्ष ने सभी मोर्चों के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह ध्यान रखना है कि संगठन के कार्य को संपूर्ण अनुशासन के साथ समय से पूर्ण करना है इसमें कहीं भी कोई चूक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारीगणो व संवाद मित्रों जमीनी स्तर पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम का संचालन विश्राम सागर राठौर ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, संजय मिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, करुणा शंकर त्रिपाठी, नीरज वर्मा झल्लर, जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला मंत्री जया सिंह, उदित बाजपेई, विष्णु मौर्य जिला कोषाध्यक्ष, अजय विश्वकर्मा व कार्यालय मंत्री जितेंद्र मेहरोत्रा उपस्थित रहे।




बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देश देते भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

# विधानसभा के लोगों से चंदा लेकर करूंगा अपना नामांकनः कौशल

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र है प्रत्येक विधानसभा के दो हजार लोगों से एक रुपया चन्दा लेकर अपना नामांकन करूंगा। यह बात रविवार को एक गेस्ट हाउस के लॉन में प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य व भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की बैठक में सांसद कौशल किशोर ने कहीं। भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रथम बार सिधौली विधानसभा में पहुंचने पर सांसद कौशल किशोर का भाजपाइयों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

सिधौली पदमा लॉन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद कौशल किशोर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 में एक सशक्त केन्द्र सरकार का गठन होगा। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार देश हित में हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीब जनता को मुफ्त राशन देने वाली योजना को आगामी पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि क्षेत्र की जनता मुझे आशीर्वाद देकर तीसरी बार लोकसभा पहुंचे का कार्य करेगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सूर्यबक्श सिंह, ललित मिश्रा, अशोक सिंह, अमित मोहन,जगमोहन, सियाराम, आलोक तिवारी टिंकल, अतुल तिवारी, मनोज, राशिद खां, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



लोगों को संबोधित करते मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर। अमृत विचार

### सांसद को आशा बहुओं ने सौंपा ज्ञापन

आज करो अर्जेंट करो, हमको परमानेंट करो का नारा देते हुए रविवार को आशा बहू कल्याण समिति की तहसील अध्यक्ष मीना कुमारी के नेतृत्व में आशा बहुओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर को सौंपा।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों को पढ़कर सुनाई गई मतदाता सूची




मतदाता सूची पढ़कर सुनाती बीएलओ। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा किसी कारण से वोटर बनने से छूटे लोगों को मतदाता बनाने के लिए मतदान बूथों पर रविवार को भी बीएलओ ने ग्रामवासियों को मतदाता सूची दिखाई और उपस्थित लोगों को वोटर लिस्ट पढ़कर भी सुनायी। ग्राम सभा खैरूल्लापुर के गांव के ईरापुर प्राथमिक विद्यालय के मतदान केन्द्र पर ग्रामवासियों की भीड़ देखने में आई। मतदाता सूची में नाम देखने के लिए लोग आते जाते रहे। बूथ लेवल अधिकारी प्रेमवती ने सूची में दर्ज नाम और विवरण पढ़ कर सुनाये। संकुल शिक्षक अनवर अली ने इस मौके पर मौजूद लोगों से अपील की कि आगामी लोकसभा चुनावों में आप सब मतदान अवश्य करें और इस राष्ट्रीय कार्य के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### आजीविका मिशन के तहत एक सप्ताह में भेज दिया जाएगा पैसा



अधिकारी से वार्ता करते संगठनों के पदाधिकारी। अमृत विचार

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** ऑल इण्डिया पीपुल्स फ्रण्ट के नेता डॉ. बृजबिहारी एवं मजदूर किसान मंच की नेत्री सुनीला रावत के नेतृत्व में मनरेगा मजदूरों एवं स्वयंसहायता समूहों के पदाधिकारियों की एक बैठक उपजिलाधिकारी, सिधौली एवं अन्य अधिकारियों के साथ तहसील स्थित एस.डी.एम. कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों और नेताद्वय ने स्वयंसहायता समूहों और मनरेगा मजदूरों की समस्याएँ उपजिलाधिकारी और तहसील क्षेत्र के चारों विकासखण्डों के एडीओ (एस.एच.जी) और एडीओ (कृषि) के सामने रखी। इसके अतिरिक्त मनरेगा, ग्रामीण आजीविका, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं किसान सम्मान निधि के सन्दर्भ में चर्चा हुई। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि उनई और बहरीमऊ में आजीविका मिशन के तहत एक सप्ताह में खातों में पैसा भेज दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त हुसेनगंज, बहरीमऊ और मानपारा में यदि 31 मार्च तक मनरेगा मजदूरों को काम नहीं दिया गया तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। बैठक में नायब तहसीलदार आलोक कुमार तथा मजदूर किसान मंच के डा0 रामबली, लल्लन गौतम, ज्योति राज, रूबी प्रजापति, महेन्द्र प्रताप और डा0 ओमकारनाथ भी मौजूद रहे।

### करोड़ों रुपये की स्ट्रीट लाइटें वर्षों से पड़ीं बेकार

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** विधायक निधि से लगाए गये करोड़ों रुपए की स्ट्रीट लाइट वर्षों से बेकार पड़ी है। सार्वजनिक स्थानों पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब पड़े हैं। इसकी देखरेख करने के लिए कोई विभाग तैयार नहीं है। उतरौला तहसील के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, ऐतिहासिक मंदिर व मस्जिदों के पास विधायकों ने अपने फण्ड से स्ट्रीट लाइट के लिए बड़े बड़े पोलो पर हाई मास्ट के स्ट्रीट लाइटें लगवाई। लेकिन वह कुछ ही समय बाद खराब हो गई। स्ट्रीट लाइट के खराब होने के बाद कोई विभाग उसे ठीक कराने को तैयार नहीं है। स्ट्रीट लाइट के वर्षो खराब रहने पर सार्वजनिक स्थल पर अंधेरा रहता है। सरकार ने स्ट्रीट लाइट के देखरेख के लिए किसी विभाग को जिम्मेदारी नहीं दी।

## खेलकूद

### महिलाओं में प्रीति ने काजल सिंह को हराया, धौरहरा सांसद ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# नेपाल के लकी थापा ने राजस्थान के मौसमी को किया चित

झरेखापुर/तालगांव, सीतापुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अर्रोखेमाजितपुर गांव मे रविवार को खालसा विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। आयोजन के संरक्षक प्रकट सिंह व निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा ने फीता काटकर व पहलवानों से हाथ मिलाकर विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ किया। पहली कुश्ती पहलवान लकी थापा नेपाल व सूरजमल पहलवान ग्वालियर के बीच हुई। जिसमें लकी थापा ने सूरजमल को चित कर बाजी जीत ली।

वहीं अयोध्या हनुमान गढ़ी के पहलवान उमाशंकर की मौसमी पहलवान राजस्थान के बीच हुई कुश्ती में उमाशंकर बाबा जीते। मेरठ के राजा पहलवान व राजस्थान के शेरा पहलवान के बीच हुई कुश्ती में राजा पहलवान विजयी रहे। इलाहाबाद के संजय पहलवान व कानपुर के सोमवीर पहलवान बीच हुई कुश्ती में संजय पहलवान विजयी रहे। लकी थापा नेपाल व मौसमी पहलवान मध्य प्रदेश के बीच हुयी कुश्ती मे लकी थापा विजयी रहे। महिला पहलवान प्रीती लखनऊ व काजल सिंह दिल्ली के बीच हुई कुश्ती में प्रीती पहलवान विजयी हुयी। पंजाब के राजवीर पहलवान व हरियाणा के परवेज पहलवान के बीच हुई कुश्ती बराबर पर छूटी।

सभी जीते हुये पहलवानों को ग्राम प्रधान विक्रम सिंह व प्रकट सिंह ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दंगल कार्यक्रम मे पहुंचकर धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने महिला पहलवानों का उत्साहवर्धन किया तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। दंगल कार्यक्रम मे सांसद ने कहा कि मोदी सरकार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रही है इसलिए अब गांव-गांव खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिस देश को अच्छे खिलाड़ी मिल रहे हैं ऐसे आयोजन क्षेत्र में होने चाहिए।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख परसेंडी राजेंद्र प्रसाद, भाजपा नेता मनोज त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, प्रधान पिंकू सिंह, कपिल सिंह, फारूक, लतीफ अहमद, मंजीत सिंह, संजय वर्मा, रवी थापर तथा कोतवाली देहात के उप निरीक्षक राजपाल सिंह, कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार, कालीचरण, महिला कांस्टेबल सोनम मौजूद रहीं।



पहलवानों से हाथ मिलाकर कुश्ती प्रतियोगिता शुरू करते पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा। अमृत विचार

# चतुर्थ श्री रुद्र महायज्ञ एवं सप्तम श्री राम कथा की तैयारी जारी

**लहरपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी मंगलवार से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होने वाले चतुर्थ श्री रुद्र महायज्ञ एवं सप्तम श्री राम कथा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर के मोहल्ला अंबरसराय स्थित प्राचीन महाबीरन हनुमान मंदिर के नव निर्माण होने पर हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंगलवार से भव्य कलश यात्रा के साथ चतुर्थ श्री रुद्र महायज्ञ एवं सप्तम श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक रामसुंदर पांडे ने बताया कि मंगलवार को कलश यात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंगलवार को प्रथम दिवस पर मंदिर प्रांगण से एक भव्य कलश यात्रा क्षेत्र के सूर्यकुंड मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी जहां से पुन: जल लेकर कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पर पहुंचेगी इसके बाद श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन प्रारंभ हो जाएगा, इसके पश्चात 14 मार्च से श्री श्यामा श्याम रासलीला मंडल वृंदावन धाम मथुरा के द्वारा रात्रि बेला में रासलीला का आयोजन किया जाएगा और 18 मार्च सोमवार को कथा की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# मानकविहीन स्कूल को जारी हुई सिर्फ नोटिस

जायस, अमेठी

» प्राइमरी और जूनियर की है मान्यता, अलग-अलग एक ही परिसर में हो रहा शिक्षण कार्य

» बीईओ को दिए गए स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है शिक्षा विभाग

**अमृत विचार।** विकास खंड बहादुरपुर में जायस-जगदीशपुर रोड पर संचालित एक स्कूल का निरीक्षण बीईओ ने किया था। निरीक्षण के दौरान कई बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की गई थी। जांच में मिली अनियमितताओं पर विद्यालय प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा गया था। विद्यालय द्वारा बीईओ को दिए गए स्पष्टीकरण से शिक्षा विभाग सहमत नहीं है। स्कूल की मान्यता के प्रत्यावेदन की कार्यवाही करने की बात कही जा रही है, लेकिन उससे पहले शिक्षा विभाग अभी कागजों के खेल में उलझा है।

कोतवाली जायस अन्तर्गत मोलवीखुर्द के रहने वाले नंद कुमार ने शिक्षा विभाग को आइना दिखाने के लिए मोलवीखुर्द में मानक विहीन संचालित अवंति बाई लोधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बारे में जन सूचना अधिकार के तहत नौ बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। आरटीआई में मांगी गई सूचना के तहत बीते माह 22 फरवरी को बीईओ राकेश कुमार सचान ने अवंति बाई लोधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मौलवीखुर्द की विस्तृत जांच की थी। बीईओ की जांच में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाएं शैक्षिक योग्यता के मानक के अनुरूप नहीं मिले, पुस्तकालय में पर्याप्त पुस्तक एवं अन्य सामग्री नहीं थी, खेल कूद सामग्री और टीएनएल की व्यवस्था शून्य थी, विज्ञान प्रयोगशाला व विज्ञान सामग्री शून्य थी।



मानक विहीन चल रहे स्कूल का मुख्य द्वार।

संचालित कक्षाएं अव्यवस्थित थी, बालक-बालिकाओं के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई, स्कूल में बाउंड्रीवाल नहीं पाया गया, कक्षा एक से पांच तक की मान्यता में विद्यालय का पता मौलवी कला में अंकित है, कक्षा 6 से 8 तक विद्यालय की मान्यता का पता मोलवीखुर्द में अंकित है, निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 8 तक का शिक्षण कार्य मोलवीखुर्द में एक ही परिसर में पाया गया, जबकि मान्यता दोनों की अलग-अलग स्थानों पर है, बिना मान्यता के एलकेजी और यूकेजी की कक्षाएं भी संचालित पाई गई थी। विद्यालय प्रबंधक से इन सभी बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया था।

प्रबंधक ने 26 फरवरी को बीईओ को स्पष्टीकरण दिया था। लेकिन शिक्षा विभाग प्रबंधक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है। बीएसए संजय तिवारी ने नोटिस भेजकर कहा कि प्रबंधक द्वारा बीईओ राकेश कुमार सचान को दिए गए स्पष्टीकरण में स्पष्ट साक्ष्य नहीं है। एक सप्ताह का समय देते हुए बीएसए ने स्पष्ट साक्ष्य प्रस्तुत करने का समय दिया था, उसके बाद विद्यालय की मान्यता का प्रत्यावेदन की कार्यवाही करने की चेतावनी दी थी। बीएसए ने भी माना कि विद्यालय मानक विहीन संचालित किया जा रहा है।

# 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर देखे गए 2571 मरीज

मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिले में कुल 2571 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। आरोग्य मेले में कुल 76 गोल्डन कार्ड भी बनाये गए हैं। अमेठी जनपद की 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को कुल 2571 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं।

सीएमओ डा. अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में 30 स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें 56 डॉक्टर, 235 पैरास्टॉफ लगाए गए थे। इस दौरान 76 गोल्डेन कार्ड बनाए गए। 1 मरीज रेफर किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें शुगर, उच्च रक्तचाप, कोविड, मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई। दवा भी वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड भी बनाये गए। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। रविवार को जिले के सभी पीएचसी पर मुख्य मंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें 1108 पुरुष, 1119 महिला, 344 बच्चों का इलाज किया गया है।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेला सम्पन्न

**जगदीशपुर, अमेठी।** सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला संपन्न हुआ जहां सीएचसी अधीक्षक ने स्वयं सभी पीएचसी केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विकास खंड के अंतर्गत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज, कठौरा, नौडाड समेत समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले मे मरीजो की भारी भीड देखी गई। जहां खांसी जुकाम बुखार मलेरिया डायरिया आदि रोगियों को परीक्षण करने के उपरांत मौजूद चिकित्सकों ने नि:शुल्क दवाए वितरित किया।

मेले का निरीक्षण करने पहुंचे सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने मौजूद चिकित्सको को निर्देशित किया कि किसी मरीज के साथ कोई भेदभाव न किया जाए। आए हुए मरीजो को उपचार के उपरांत दवाए उपलब्ध कराई जाए। इसी क्रम में मरीजो को सलाह देते हुए डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने कहा कि मौसम परिवर्तित होने लगा है। जल्द ही ठंड से निजात मिल कर गर्मी का आगमन होने वाला है। फिलहाल सुबह शाम थोडा बहुत अभी सर्दी होली तक पडेगी। इसलिए ऐसे समय में सेहत के प्रति लापरवाही न बरती जाए। सडे गले व बासी भोजन से परहेज करके शुद्ध जल का उपयोग करें तथा सर्दी जुकाम सरदर्द होने या किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने पर चिकित्सकों की सलाह लेने के बाद ही दवा का सेवन करें, झोलाछाप डॉक्टरों से बचें। इस अवसर पर चिकित्सको समेत मरीजो की भारी भीड नजर आई।



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएचसी अधीक्षक

# मां के साथ दवा लेने गए युवक को दबंगों ने पीटा

» दो माह बाद घटना का वीडियो हुआ वायरल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमेठी।** अमेठी में दबंगो के हौसले बुलंद हैं। यहां दो महीने पहले मां के साथ दवा लेने गए युवक को दबंगों ने बीच सड़क लाठी-डंडे और लात घूंसों से जमकर पीटा था। सरेराह दबंगों की गुंडई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मां की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

यह पूरा मामला जगदीशपुर थाना इलाके का है। बाजारशुक्ल थाना इलाके के कलन्दरगढ़ मजरे ऊंचागांव की रहने वाली प्रवीन बानो तीन महीने पहले अपने बेटे अनस के साथ जगदीशपुर दवा लेने गई थी। इसी बीच उसका बेटा अनस एटीएम से पैसा निकालने गया, करीब तीन घंटे बाद अनस अपनी मां के पास पहुंचा और दोनों घर चले गए। वहां के बाद अनस दूसरे शहर काम करने चला गया। कुछ दिन बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दबंग युवक अनस को डंडों और लातों से बुरी तरह मार रहे थे। मां ने अपने बेटे को पहचान लिया और बेटे से फोन पर पूछा तो सारी बात सामने आ गई। अनस के मुताबिक एक आरोपी का नाम सफीर है जबकि तीन अन्य हैं। पिटाई और जानमाल की धमकी की वजह से अनस ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी नहीं दी थी। फिलहाल मां प्रवीन बानो की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जगदीशपुर कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने कहा कि ये वीडियो दो महीने पुराना है। मां की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है। मुख्य आरोपी सफीर कमरौली थाना इलाके के मंगरौरा गांव का रहने वाला है।

# आशाओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आशाओं का माड्यूल 6 व 7 पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्र अधीक्षक की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इसमें एचबीएनसी पर प्रशिक्षण टीम द्वारा आशाओं को प्रशिक्षित किया गया।

विकास खण्ड जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एचबीएनसी विषय पर आशाओं का प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवजात शिशुओं की मृत्यु, प्रसूता की मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में समुदाय स्तर पर तथा प्रसव पश्चात मां एवं नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें आशाओं द्वारा 1, 3, 7, 14, 21, 28 तथा 42वें दिन तक गृह भ्रमण करते हुए शिशुओं एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य की घरेलू स्तर पर स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने की निगरानी करती रहेंगी।

केन्द्र अधीक्षक डाक्टर प्रदीप तिवारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण छः मार्च से दस मार्च तक चलाया गया। इसमें 30 आशाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उनको हाथ धोने, डिजिटल थर्मामीटर से तापमान लेने, बच्चे का वजन करने तथा हाइपोथर्मिया से बचाव के लिए कम्बल में लपेटने के कौशल के बारे में ट्रेनरों द्वारा बताया गया। प्रशिक्षण समापन के पश्चात सभी 30 आशाओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

## नागेन्द्र मेमोरियल दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमेठी।** प्रदेश सरकार के जीएसटी विभाग में कमिश्नर व गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के अग्रणी समाजसेवी भूपेंद्र शुक्ल द्वारा अपने अनुज स्व. नागेन्द्र शुक्ल की स्मृति में सम्राट साईकिल रामगंज के मैदान में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया। 800 मीटर ब्वायज में 18 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें चैंपियन यादव जौनपुर प्रथम, इन्द्र कुमार भादर अमेठी द्वितीय और प्रवीण कुमार अमेठी तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर गर्ल्स में 13 लडकियों ने भाग लिया। जिसमें खुशी सिंह रायबरेली प्रथम, रिशा गोस्वामी सुल्तानपुर द्वितीय व नम्रता सिंह प्रतापगढ़ तीसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर ब्वायज में 35 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सरौली गौरीगंज निवासी अंकित प्रथम, मोहित यादव सुल्तानपुर द्वितीय व चंदन पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर गर्ल्स दौड़ में 19 बालिकाओं ने भाग लिया।

# राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की अहम भूमिका

मुसाफ़िरखाना, अमेठी

» गायत्री परिवार का जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण शिविर सम्पन्न

**अमृत विचार।** रविवार को गायत्री शक्तिपीठ मुसाफिरखाना के संयोजन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर मुसाफिरखाना के हाल में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत नूतन सिंह व सरोज सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन से हुई। सरोज सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए परिवार की विस्तृत व्याख्या के साथ परम पूज्य गुरुदेव के परिवार निर्माण के अभियान को सफल बनाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने महिलाओं को गायत्री मंत्र की दीक्षा लेने और अखण्ड ज्योति व युग निर्माण योजना के पाठक बनने का आवाहन किया। उन्होंने समाजिक विसंगतियों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि समाज निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। गर्भ से ही बच्चों में संस्कार के बीज डालने का गायत्री परिवार का अभियान आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी विषय पर विद्योत्मा तिवारी ने विस्तार से चर्चा की।

कुसुमलता ने प्रज्ञा गीत नारी को देवी मान उसे घर घर में पूजा जायेगा, वह युग जल्दी ही आयेगा के माध्यम से गायत्री परिवार के नारी सशक्तिकरण अभियान को गति देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मटियारी, जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष नकुल टण्डन, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश अग्रहरि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को नूतन सिंह, डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य उमाकान्त त्रिपाठी, युवा समन्वयक डॉ. दीपक सिंह, विजय बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सत्यम अग्रहरि व जया कौशल ने किया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, सरिता सिंह, प्रतिभा द्विवेदी, कुसमलता, सरोज, नंदिता, अनुपम, निशा पांडेय, वंदना सोनी, निशा त्रिपाठी, चिंतामणि, कोमल मिश्रा आदि सहित सैकड़ों महिलाओं व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

# नाटकों के जरिये बच्चों ने माता-पिता से जताया प्यार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर तहसील मार्ग पर स्थित गंगापुर रेलवे क्रासिंग के नजदीक स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में रविवार को पैरेंट्स डे का भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू के सुपुत्र ऋषभ राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपने अपने माता-पिता के प्यार में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे, अभिभावक, अध्यापक व अतिथि।

बागबान फिल्म के मुख्य गीत बागबान पर बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया। इसी क्रम में दिल को छू लेने वाला नाटक जिसकी थीम वृद्ध आश्रम थी, बच्चों ने बेहतरीन अंदाज में प्रस्तुत किया। जिस पर सभी ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं फिर नन्हे बच्चों ने फिल्म थ्री इडियट् के प्रमुख गाने पर नृत्य करके सभी का मन मोह लिया। जिनमें तरुणेश, आंकिमा, सुखप्रीत, आरूषि, सम्प्रीत, आर्यमन, अदिति, दिलराज, अनवी, अशपाल, यथार्थ आदि मौजूद रहे।

## बीमारी से महिला ग्राम प्रधान का निधन

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड ऐलिया की ग्राम पंचायत पड़रखा की महिला ग्राम प्रधान का शनिवार की शाम को लंबी बीमारी की वजह से इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतका प्रधान पूनम देवी की उम्र 50 वर्ष थी। बीमारी की वजह से उनका उपचार पीजीआई लखनऊ से चल रहा था। शनिवार को हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शाम 7 .30 बजे उनका निधन हो गया। जिसके बाद उनके पैतृक गांव पड़रखा में दोपहर को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र शुभम शुक्ला ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष शिवमंगल सिंह, टीपी सिंह, आदित्य सिंह सहित तमाम शुभचिंतकों ने नम आँखों से विदाई दी।

# युवक का फंदे से लटकता मिला शव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** रविवार की सुबह कमरे में युवक का लटकता शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को उतरवा विधिक कार्यवाही में जुटी है।

कुड़वार थाना क्षेत्र कुड़वार ग्राम पंचायत के पूरे रघुनाथ मिश्र (शुकुल का पुरवा) निवासी लालमणि शुक्ला का 30 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार शुक्ला शनिवार की शाम परिजनों के साथ भोजन के बाद अपने कमरे में सो गया। रविवार की सुबह जब आलोक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन जब उसके कमरे की तरफ गए तो अवाक रह गए। देखा कि आलोक का शव कमरे में लगी लोहे की सरिया मे साड़ी के सहारे लटक रहा था।

आलोक का शव लटकता देख परिजनों मे कोहराम मच गया। रोने की आवाज सुन पहुंचे पड़ोसियों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कब्जे में ले लिया। मृतक आलोक की पत्नी प्रियांशी मायके गई हुई थी। अभी करीब दो माह पहले उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी।

# कथा से पूर्व निकाली गई शोभा यात्रा

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** दादरा स्थित पौराणिक देवी हिंगलाज मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्रवचन कथा से पूर्व रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शोभा यात्रा को मंदिर प्रांगण से एडिशनल कमिश्नर जीएसटी भूपेंद्र शुक्ल ने फीता काट कर रवाना किया। यात्रा गांव की सड़को से गुजरती हुई भद्दौर घाट पहुंची। जहां याज्ञाचार्य यज्ञ देव पाठक व रत्नेश रामानुज ने विधिवत पूजन-अर्चन कर माता आदि गंगा गोमती की सामूहिक आरती उतारी। इस दौरान कलश यात्रा का गांव-गांव स्वागत किया गया। महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा की। ग्राम कोदैली के हनुमान जी मंदिर पर शोभा यात्रा रोककर श्रद्धालुओं ने मंदिर पर श्रीराम भक्त हनुमान नाम के जयकारे लगाये।

# ताला तोड़ चोरों ने उड़ाए लाखों के आभूषण व नकदी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चोरों ने नगर कोतवाली पुलिस को फिर चुनौती दी है। दिन दहाड़े ही नगर के घरहां क्षेत्र में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर व कैश उड़ा दिए हैं। पीड़ित परिवार जब घर पर पहुंचा तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सैफुल्लागंज के निवासी मेराज अहमद पुत्र रियाज अहमद ने नगर कोतवाली के घरहां खुर्द मोहल्ले में अपना मकान बनवाया है। मेराज किसी काम से लखनऊ निकल चले गए तो पत्नी सितारा बानो और पुत्र गुफरान अहमद ताला बंद कर अपने निजी आवास सैफुल्लागंज चले गए। जब मेराज अहमद अपने घर शाम को वापस आए तो देखा की घर के अंदर के घुसने वाला ताला टूटा है। उनके साथ उनकी बेटी भी थी।

बेटी भागकर जल्दी से अंदर कमरे की ओर गई तो दंग रह गई। उसकी आवाज पर जब मेराज अंदर घुसे तो उनके होश उड़ गए। बॉक्स का ताला टूटा हुआ था। सारा सामान बिखरा पड़ा था। मेराज की मानें तो उनके घर में नवंबर में शादी है। जिसको लेकर धीरे-धीरे घर में तैयारी चल रही थी। उन्होंने बताया लगभग 10 लाख के जेवर और कुछ कैश पर चोरों ने हाथ साफ किया है। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने थाना पीपरपुर का किया औचक निरीक्षण

**अमेठी।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना पीपरपुर के परिसर, कार्यालय, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया एवं मेस मेनू को जांचा गया। शिकायती प्रार्थना पत्रों व विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु थानाध्यक्ष पीपरपुर व उपस्थित पुलिस कर्मियों को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** अपराध एवं अपराधियों के घर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उ.नि. देवेंद्र सिंह चौहान मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मु.अ.सं. 44/24 धारा 323, 342, 308 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्तों उत्कर्ष सिंह पुत्र दुर्गेश सिंह व धर्मेन्द्र यादव पुत्र कंशराज यादव निवासी पिण्डारा ठाकुर थाना मुसाफिरखाना को अभियुक्तगण के घर के पास से घटना में प्रयुक्त वाहन होण्डा वेन्यू यूपी 32 एमबाई 8910 के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### क्रिकेट लीग मैच की हुई शुरुआत



क्रिकेट लीग मैच का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता।

**अमेठी।** जिला क्रिकेट संघ अमेठी के बैनर तले संघ के सचिव राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में और निदेशक प्रांजल तिवारी के संयोजन में अमेठी क्रिकेट को गति देने के लिए अमेठी क्रिकेट लीग का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। जिसमे अमेठी के अंतर्गत आने वाली सभी इच्छुक टीमें भाग ले सकती है। इसका प्रारूप 40 ओवर का होना है। इच्छुक टीमें और इच्छुक खिलाडी के साथ साथ जनपद के इच्छुक अंपायर स्कोरर भी जिला क्रिकेट संघ अमेठी के उपाध्यक्ष गोविंद मौर्य जिनका मोबाइल नंबर 8368030211 से सम्पर्क कर सकते है। पूर्व में बीती प्रतियोगिता स्वामी परमहंस जी महराज स्मारक में सभी पत्रकार बंधुओं का पूर्ण रूप से सहयोग रहा इसके लिए संघ परिवार सभी का आभार प्रगट करता है। उपरोक्त जानकारी जिला क्रिकेट संघ के निदेशक प्रांजल तिवारी ने प्रदान की।

### सावित्री बाई फुले को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुंशीगंज, अमेठी।** पुण्यतिथि के अवसर पर अम्बेडकर मिशन के कार्यकर्ताओं ने क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी सामाजिक सेवाओं का स्मरण किया। कन्या सुमंगला योजना का नाम सावित्री बाई फुले मंगल योजना करने के साथ सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय बालिका पुरस्कार शुरू करने की मांग की है। सामाजिक चिंतक डॉ. सुनील दत्त ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका थीं, उन्होंने गुलाम भारत में कठिन संघर्ष करके बालिकाओं और अपवंचितों की शिक्षा का व्रत निभाया, सही मायने में वे ही शिक्षा की देवी है। गुलाब चंद पुष्पाकर और मनोज माली ने कहा कि महात्मा फुले और माता सावित्री बाई फुले ने इस देश में महिलाओं की शिक्षा की नींव डाली। उनका इतिहास उत्तर भारत के लोगों के घर घर पहुंचना चाहिए। सरकार कन्या सुमंगला योजना का नाम सावित्री बाई फुले कन्या सुमंगला योजना करे।

### 60 फीसदी अनुदान पर किसानों को मिलेंगे सोलर पम्प

**गौरीगंज, अमेठी।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा, सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत सोलर पम्प के लिए आनलाइन आवेदन करने वाले 137 किसानों को रविवार को कृषि भवन ताला में सोलर पम्पों की खरीद के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। जिले में इस योजना के अन्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प की स्थापना को निर्धारित लक्ष्य 287 के सापेक्ष 170 किसानों ने आनलाइन आवेदन के बाद अंशदान की धनराशि जमा की थी। पहले आओ-पहले पाओ योजना के अन्तर्गत रविवार को उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी हरिओम मिश्र की उपस्थिति में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया कि सोलर पम्प की स्थापना के लिए सरकार की ओर से किसानों को साठ फीसदी अनुदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी-कृषि, कृषि भवन के कार्यालय के प्राविधिक सहायक फूल चंद, प्रगति शील कृषक राम आसरे, जमाल अहमद, मालती देवी आदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा श्रवण से होता है मानव जीवन धन्यः कथा व्यास

**जगदीशपुर, अमेठी।** भगीरथ पुरम मजरे कटेहटी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास मंगला देवी ने प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत कथा भाग्य वालों को ही सुनने को मिलती है, साक्षात कृष्ण स्वरूप श्रीमद्भागवत है। इसका श्रवण करने से ही जीवन धन्य हो जाता है और वेद वेदांत का जो सार है वही भागवत है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि यह ऐसी कथा है कि जिसने जीवन भर पाप किया तथा जिसका जीवन सदा गलत कामों में फंसा रहा ऐसे व्यक्ति भी अगर एक बार इसका श्रवण कर ले तो उसे पापों से मुक्ति मिल जाती है। मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं लेकिन गलती को समय रहते सुधार कर प्रायश्चित करना बहुत जरूरी है। ऐसा न होना पाप की श्रेणी में आता है। भागवत कथा जीवन के सत्य का ज्ञान कराने के साथ ही धर्म और अधर्म के बीच फर्क को भी बताती है। भक्त ध्रुव की अटल भक्ति की कथा के साथ कई प्रेरणा दायक प्रसंग व भजन सुनाए। जिसे सुनकर कथा पांडाल में उपस्थित श्रोता झूमने पर विवश हो गए। इस दौरान शिव नरेश उपाध्याय आरएल उपाध्याय, राघवेंद्र तिवारी, डॉक्टर प्रदीप तिवारी, प्रज्ञा बाजपेई, जय नरेश, शिवम उपाध्याय, शुभम और भक्त गढ़ मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुन मुग्ध हुए श्रद्धालु

**अमेठी।** आवास विकास कालोनी अमेठी में चल रही श्री मद्भागवत कथा के 5वें दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के वर्णन के साथ गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई गई। कथा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। वृंदावन धाम से आए कथा व्यास पंडित चक्र पाणि त्रिपाठी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने अपनी लीलाओं से बाल पन में ये सिद्ध कर दिया था कि वे नर रूप में नारायण हैं। पूतना के छल रूप को पहचान करके उसके वध से ब्रज वासियों को शांति मिली। व्यास ने गोर्वधन पर्वत को उठाकर जहां ब्रज वासियों की रक्षा की, वहीं इंद्र के अभिमान को नष्ट किए। कथा में व्यास ने कहा कि अभिमान हमेशा नष्ट हुआ है चाहे वह जिस रूप में रहा हो। कथा यजमान अमिता शुक्ल एवं दया शंकर शुक्ल ने आए हुए श्रोताओं का स्वागत किया। इस मौके पर निशांत पांडेय, कमलेश सिंह, अंबुज शुक्ल, अमित शंकर के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

### दो ट्रकों में गन्ने की लोडिंग, पुलिस ने पकड़ा

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के टिकरा में दो ट्रकों में गन्ने की लोडिंग हो रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों ट्रकों को खड़ा करवाकर जांच शुरू कर दी है। मौजूदा पेराई सत्र में जनपद में गन्ने की कमी देखते हुए जिले के गन्ना माफिया सक्रिय हैं। ऐसे में इन माफियाओं का हर गाँव में नेटवर्क फैला हुआ है। नेटवर्क के सहारे सबसे पहले छोटे कृषक चिन्हित होते हैं, जिसके बाद गन्ना माफिया से मुलाकात करवाकर उन्हें प्रभावित कर गन्ने की खरीद होती है। औने- पौने दामों पर कृषकों से गन्ना खरीदकर यह माफिया अपने वाहनों में भरकर जनपद के बाहर चीनी मिलों व खाण्डसारी इकाइयों में गन्ना बेंचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। ज्ञात हो कि गत वर्षों में गन्ना माफियाओं की अवैध खरीद पर प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाई की जाती रही है जिससे माफियाओं में दहशत व्याप्त थी।

### 57 लोगों की आंख में मोतियाबिंद की शिकायत

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के पुत्ती लाल मार्केट गोपालपुर भट्ठा चैराहा मिश्रिख रोड पर सीतापुर आँख अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञों ने आँख के रोगों के इलाज के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन स्थानीय सुखदेव सिद्धार्थ ने कराया। शिविर में 105 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 57 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। उन्हें गाड़ी से नि :शुल्क सीतापुर आँख अस्पताल मुख्य शाखा लेकर ऑपरेशन किया जायेगा और बाद में वापस गाँव तक छोड़ा जायेगा। बाकी मरीज अपनी सुविधानुसार सीतापुर आँख अस्पताल मुख्य शाखा पहुंचकर सात दिन के अन्दर पहुंचकर मुफ्त में इलाज करा सकते हैं। अगर किसी बच्चे जिसकी आंखो में तिरक्षापन, अनुवांशिक मोतियाबिंद या पलके गिरी हों, उन बच्चों को कैंप के माध्यम से नि :शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### विज्ञान व कला प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रदर्शित किए आकर्षक मॉडल



कल्पना मॉडल स्कूल डेरवा में बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान व कला प्रदर्शनी।

**जेठवारा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** कल्पना मॉडल स्कूल डेरवा में विज्ञान व कला के प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें मुख्य रूप से चंद्रयान-2 अग्नि मिसाइल,पवन चक्की,सोलर प्लांट सिस्टम,सूर्य व चंद्र ग्रहण की स्थिति समेत मॉडल प्रदर्शित किए। इसके अलावा मतदाता जागरुकता समेत आकर्षक रंगोली बनाये। मुख्य अतिथि एसओ जेठवारा धर्मेंद्र सिंह,प्रबंधक बलवंत सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों के हुनर की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। विज्ञान प्रदर्शनी में आयुष सिंह,ध्रुवी सिंह,आरव सिंह आदि,कला में खुशबू सरोज,इशानी मोदनवाल, साक्षी व रंगोली में निहालिका, आराध्या, असलीफा आदि का प्रदर्शन सराहा गया। शिक्षक आलोक सिंह,मो .सैफ,आर्यन सिंह,सुशील दुबे,किरण गुप्ता,रंजन श्रीवास्तव निर्णायक रहें। विकास गुप्ता, राहुल वर्मा,संतोष यादव,मोबिन अंसारी आदि मौजूद रहे।

### एकता व अखंडता को सुदृढ़ करने में युवाओं का विशेष योगदान



रायल इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर नौबस्ता में सम्मानित किये गए मेधावी।

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** रायल इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर नरायनपुर नौबस्ता के वार्षिकोत्सव स्वरांजलि में छात्र - छात्राओं ने प्रस्तुतियों से मनमोह लिया। शुभारंभ प्रबंधक संजय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। देशभक्ति से जुड़ा सामूहिक नृत्य एवं शिक्षा समाज की मूल आवश्यकता नाटक खूब सराहा गया। राजस्थानी नृत्य,गलती से मिस्टेक,मोनो एक्ट ने खूब वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि पीबीपीजी कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा .शिव प्रताप सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ उनकी रुचि से जुड़ी प्रतिभा को भी निखारना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमो से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। जोर देते हुए शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को आने वाले समय की चुनौतियों से सजग रहकर लड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। देश व समाज की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में युवाओं का विशेष योगदान रहता है। प्रिंसिपल दीपा सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आशीष सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन छात्र गिरेंद्र सिंह,सौरभ प्रजापति,अनुज यादव व छात्रा पलक शुक्ला,श्रेया पांडेय,अंतरा सिंह,गुनगुन ने किया। प्रधान संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा स्वामीनाथ शुक्ल,आलोक सिंह,धर्मवीर शर्मा,रिंकू मिश्र, सलमान खान,हरिकेश मिश्र, अरविंद यादव आदि मौजूद रहे।

### महिला की संदिग्ध दशा में मौत

**मनकापुर, गोंडा :** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिसई भीखपुर के मजरा डुढ़वा में एक विवाहिता का शव रविवार को फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच में जुटी है। क्षेत्र के मनकापुर गांव निवासी ज्वाला प्रसाद ने बताया कि 10 माह पहले उसने अपनी बेटी गायत्री उर्फ नवरात्रि ( 20 ) का विवाह जिगना चौकी अन्तर्गत ग्राम सिसई भीखपुर के मजरा डुडवा निवासी विफई के बेटे संजय के साथ किया था। ज्वाला प्रसाद का कहना है कि रविवार की सुबह उसे सूचना मिली कि उसकी बेटी की मौत हो गयी है। जब वह बेटी की ससुराल पहुंचे तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी जिगना शिव कुमार यादव मयफोर्स घटना स्थल पर पहुंचे और इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुँच कर जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बनगांई स्टेशन पर इंटरसिटी के ठहराव की मांग

**रुपईडीह गोडा :** गोंडा बहराइच रेल मार्ग पर चल रही इंटरसिटी का ठहराव बनगाँई रेलवे स्टेशन पर कराए जाने की मांग भाजपा के जिला मंत्री व पूर्वोत्तर रेलवे समिति के सदस्य हरीश कुमार शुक्ल ने मंडलीय रेल प्रबंधक से की है। बताया उनके इस मांग पर मंडलीय रेल प्रबंधक ने शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का शासन दिया है।

# दो वाहनों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत, कई घायल

## करछना के कटका में हुआ हादसा, पिकअप चालक गिरफ्तार

संवाददाता, नैनी प्रयागराज




**अमृत विचार:** करछना के कटका गांव के समीप रविवार दोपहर पिकअप और अप्पे गाड़ी मे भिडंत हो गई। इससे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

मेजा से सवारी भरकर शहर जा रही अप्पे को सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। इससे वहां चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। हादसे में 24 वर्षीया शांति पत्नी शिव सिंगार निवासिनी रामपुर हरगढ़, जिगना जनपद मीरजापुर के अलावा एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। बताया जाता हैं कि शांति गर्भवती थी। वह अपने ससुर राजमणि के साथ गांव रामपुर हरगढ़ से नैनी अपने मकान खरकौनी जा रही थी। वहीं घायल एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। मैदनिहा मेजा गांव की मीना पत्नी दिनेश कुमार अपने तीन बेटों व तीन बेटियों के साथ लवायन गांव में बर्थडे के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रही थी। जहां वह लोग कटका गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। दुर्घटना में मीना की तीन बेटियां व एक बेटा बाल-बाल बच गए। जबकि दो बेटे रंजीत व सोनू घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## खेत में मिली युवक की लाश, अज्ञात पर केस

**प्रयागराज। अमृत विचार :** पुरामुफ्ती के अहमदपुर पावन गांव में ईंट से कूंचकर युवक की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया। जानकारी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अहमदपुर पावन गांव निवासी अशोक कुमार 44 मजदूरी करता था। शनिवार सुबह वह बिना जानकारी दिये घर से निकल गया और शाम 4:30 बजे के करीब गंभीर रूप से घायल हालत में गांव के पास एक खेत में पड़ा मिला। जिसके बाद उसे घायल हालत में एसआरएन अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुरामुफ्ती थाना प्रभारी अजीत का कहना है कि मृतक के सिर में चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद जानकारी सामने आएगी।

# सीआरपीएफ के एएसआई का पार्थिव शरीर पहुंचा घर

संवाददाता, प्रतापगढ़


रोते-बिलखते परिजन।

**अमृत विचार :** छत्तीसगढ़ के सुकमा में सीआरपीएफ के एएसआई के पद पर तैनात बेल्हा के लाल प्रकाश नारायण (50) का पार्थिव शरीर रविवार रात करीब आठ बजे भंगवा पूरे नरसिंहभान गांव में उनके घर पर लाया गया। शनिवार को ड्यूटी पर हृदयगति रुकने से उनका निधन हो गया था। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को देख परिजन बिलखने लगे। घर पर मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं।

पार्थिव शरीर लेकर आए सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र अमेठी अभिषेक मिश्र, इंस्पेक्टर राज

### अंतिम संस्कार आज

कुमार शर्मा, कांस्टेबल दुर्गेश प्रताप सिंह समेत जवानों ने परिजन को ढांढस बंधाया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह समेत युवाओं व पुलिस ने वहां आकर फूल चढ़ाकर नमन किया। नगर कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि एएसआई का सोमवार को सुबह 10 बजे गांव की बाग में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### एसपी ने संभाल रखी है सर्राफ लूटकांड के खुलासे की बागडोर

**करनैलगंज, गोंडा :** करनैलगंज में सर्राफा व्यवसाई के साथ हुई लूटकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने खुद पर्दाफाश करने की बागडोर संभाली रखी है। बीते सोमवार को गोपी ज्वेलर्स में हुई लूट का खुलासा करने में पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। एसपी विनीत जायसवाल ने खुलासा करने को बहराइच सहित अन्य जिलों में स्थानांतरित हो चुके पुलिसकर्मियों को भी करनैलगंज पुलिस व एसओजी का सहयोग करने के लिए बुलाया है। दूसरी तरफ बहराइच की एसओजी व सर्विलांस की टीम को भी लगाया गया है। शनिवार को भी एसपी व अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस टीमों के साथ योजना तैयार की। लूट का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस हर पहलू पर विचार कर रही है। अब एसपी ने खुद बागडोर संभाली है। रविवार को बहराइच की पुलिस टीम, एसओजी व सर्विलांस की टीम भी करनैलगंज पहुंच गई। जिसको घटना की जानकारी देने के साथ ही टीम के साथ सहयोग में लगाया गया। दूसरी तरफ करनैलगंज के व्यापारी व सर्राफा एसोसिएशन ने घटना के शीघ्र अनावरण की मांग की है।

# तीन दिवसीय मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी शुरू

संवाददाता, प्रयागराज


राजकीय उद्यान में शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी देखते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, राजकीय उद्यान में तीन दिवसीय मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य रवीन्द्र गोयल, महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि इस कहा फल, शाकभाजी एवं पुष्प मानव जीवन का आधार है। पुष्पों के बिना मानव जीवन नीरस रहता है। पुष्प प्रेम के प्रतीक के साथ-साथ भाषा एवं मन की भावनाओं का भी द्योतक है। मंडलीय विजय विश्वास पंत ने कहा कि बसन्त के मौसम में आयोजित होने वाली मण्डलीय पुष्प प्रदर्शनी का शहर के लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस समय फूलों की ब्लूमिंग चरम पर होती है और लोग विभिन्न प्रकार के फूलों एवं उनसे निर्मित कलाकृतियों को देखने के लिए हजारों की संख्या में एकत्र होते है। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने भव्य पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया। उप निदेशक उद्यान द्वारा अवगत कराया गया कि इस प्रदर्शनी में मण्डल के सभी जिलों से प्रगतिशील किसान, उद्यान प्रेमी बड़ी उत्साह से अपने मेहनत को प्रदर्शित किये हैं। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों का प्रोत्साहन किया और कहा कि अगली बार और उत्साह से प्रदर्शनी में भाग लें। इस प्रदर्शनी को कुल-26 भागों में विभक्त किया गया था।

जिसमें कुल-370 प्रतियोगियों ने 1622 प्रविष्टियां प्रदर्शनी में लगायी। इसमें गमलों में मौसमी फूल, जैसे, जेरेनियम, फ्लाक्स, बरवीना, डहेलिया, कलेडुला, आदि शोभाकार एवं हरे-भरे पौध,कैक्ट्स एवं सकुलेन्ट पौधे, गमलों में सब्जियों के पौध गुलाब व अन्य पुष्पों के कट फ्लावर, महिलाओं व बच्चों द्वारा निर्मित पुष्प विन्यास, आकृतियां फलों के बने

### आयोजन

पदार्थ, बोनसाई, शहद, फोटोग्राफी व पेन्टिंग आदि की प्रतियोगितायें की गयी। इसके पूर्व में बंगलों के जजिंग का कार्य भी उद्यान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण पुष्पों द्वारा निर्मित विभिन्न आकृतियां थी। उत्तम ने बताया कि यह पुष्प प्रदर्शनी सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक प्रतिदिन आम जनमानस के लिए खुले रहेगी। प्रदर्शनी के विजेताओं को दिनांक मार्च सोमवार को शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण किया जायेगा। उद्घाटन में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजा एवं नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, विजय किशोर सिंह, अधीक्षक, राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी मौजूद रहे।

# सांसद प्रतापगढ़ पर भू माफिया को संरक्षण देने का आरोप, चिपकाए गए पोस्टर

संवाददाता, आसपुर देवसरा

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो है। प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता पर भू-माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। आरोप लगाते हुए पट्टी विधानसभा क्षेत्र में दीवारों पर पोस्टर चिपकाए गए हैं। आसपुर देवसरा के अमरगढ़, गौरमाफी, ढकवा, रामगंज, आसपुर देवसरा बाजार समेत अन्य कई बाजारों में पोस्टर चिपकाएं गए हैं। पोस्टर की तस्वीर के साथ सांसद के खिलाफ आरोप रविवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।



आसपुर देवसरा में सांसद संगम लाल गुप्ता के खिलाफ चिपका पोस्टर।

आरोप है कि भू-माफिया अनिल गुप्ता ने सांसद संगम लाल गुप्ता के सहयोग से कृषि बीज गोदाम अमरगढ़ की भूमि व बिल्डिंग पर कब्जा कर किया है। पोस्टर में बीज गोदाम के कर्मचारियों व क्षेत्रीय किसानों से गाली-गलौज करने का आरोप लिखा गया है। आगामी आम चुनाव में दांत खट्टा कर देने वाले भयंकर विरोध का दावा। राजकीय कृषि बीज गोदाम बचाओ संघर्ष समिति के नाम से रात के अंधेरे में अज्ञात लोगों द्वारा पोस्टर गया है। एसओ आसपुर देवसरा संतोष सिंह ने बताया कि इस संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं है। अभी तक कोई शिकायत भी नहीं मिली है। वहीं सांसद की तरफ से मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी।

# उत्तर मध्य रेलवे को मिलेंगी दो और वंदे भारत

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** संगम नगरी को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी आगामी 12 मार्च को रेल की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण नई एक और वंदे भारत की बड़ी सौगात देंगे।

उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक रविंद्र गोयल ने एनसीआर मुख्यालय बनी रविवार को बताया कि आगामी 12 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इसमें उत्तर मध्य रेलवे की कई परियोजना शामिल है। वह कुल 81 परियोजनाएं जिसमें से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के स्टाल भी शामिल है। कई नई ट्रेन व एक मॉलगाड़ी भी शामिल है। एक मेमो सेट कानपुर का एक रेल कोच नवीनीकरण का कारखाना भी है। उन्होंने बताया कि इस योजना में एक माल गोदाम है। इसमें महत्वपूर्ण यह है कि दो नई वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो खजुराहो से निजामुद्दीन चलेगी और दूसरी गोरखपुर से लखनऊ चल रही है। अब उसका विस्तार किया गया है। जो अब प्रयागराज से लखनऊ के लिए लिंक किया जाएगा। इसका संचालन गोरखपुर से भी किया जाएगा। यह ट्रेन लखनऊ होते हुए अयोध्या के लिए भी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9:15 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसमें तीन औषधि केंद्र दो आगरा मंडल, एक झांसी मंडल में भी उस दिन इनॉग्रेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से लखनऊ की दूरी वंदे भारत से अब सिर्फ तीन घंटे में तय की जा सकेगी।

**▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेलवे को देंगे बड़ी सौगात**

### प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने गई छात्रा अगवा

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** बाघराय के शकरदहा गांव की एक किशोरी घर से प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने को कहकर निकली, लेकिन देरशाम तक वापस नही लौटी। ऐसे में परिजन परेशान हो उठे और उसकी खोजबीन शुरू कर दिए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। खोजबीन के दौरान घर वालों को पता चला कि उसकी बेटी को दो युवक उठा ले गए है। मामले में छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने हथिगंवा के बलीपुर गांव निवासी शुभम पुत्र अशोक व विनोद के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही किशोरी की तलाश कर ली जाएगी।


## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2. (संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।
3. 1. रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2. घमंड, अभिमान।
4. 1. तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2. (अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।
6. 1. देहरहित 2. आकृतिविहीन।
7. 1. तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2. उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3. प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4. शीघ्रता, जल्दी 5. दक्षता, होशियारी 6. अधिक चंचलता या चपलता 7. चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8. उत्साह; जोश।
8. 1. काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2. गोदने की स्याही रखने का पात्र।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनंत 2. पूरा, समूचा, मुकम्मल 3. अपार 4. असंख्य।
2. हर हाल में।
5. 1. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।
6. 1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | 2 स | ना | | | | 3 फ़ |
| | ह | | 4 सू | बे | दा | री |
| | जा | | बे | | | द |
| | ति | | दा | | 5 हि | |
| 6 इ | क | रा | र | ना | मा | |
| षु | | | | | ल | |
| | | 7 अ | वि | धे | य | |

## सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

### सुडोकू -84 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23 .02 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कर्क** — आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीनवसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

**सिंह** — आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।

**कन्या** — आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।

**तुला** — आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** — आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** — आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

**कुंभ** — आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा,लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।

**मीन** — आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मजाल — सुबह : 10 .49
आज का रावण — रात : 07 .10

**SONY MAX**
1942 : ए लव स्टोरी — सुबह : 10 .17
रॉकी हैंडसम — रात : 10 .07

**SONY PIX**
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.16
सिसु — रात : 07 .40

**ZEE CINEMA**
सत्याग्रह — सुबह : 10 .30
लॉस्ट — शाम : 04 .30

**colors CINEPLEX**
सनम बेवफा — सुबह : 11.50
अग्निपथ — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात 10 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

## एक नजर

### गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

### ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

**मुंबई।** पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है संकल्प

## महतारी वंदन योजना की शुरुआत कर मोदी बोले-डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण

**रायपुर, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'महतारी वंदन' योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है।

मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा, ''छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली 'महतारी वंदन योजना' को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। हवाई अड्डा परिचालक डायल के अनुसार, सभी प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने की प्रणाली (डिजी यात्रा), 20 ऑटोमेटेड ट्रे रीट्राइवल सिस्टम्स (एटीआरएस), इंडीविजुअल कैरियर सिस्टम (आईसीएस), 108 कॉमन यूजेज सेल्फ सर्विस (सीयूएसएस) और 100 चेक-इन काउंटर हैं, जिनमें 36 सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) कियोस्क शामिल हैं।

### ग्वालियर, जबलपुर व पुणे, कोल्हापुर हवाई अड्डों की इमारतों का उद्घाटन

**भोपाल/ पुणे।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सीएम यादव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर नए हवाई अड्डे का उद्घाटन बदलते भारत के विकास का एक नया कीर्तिमान है।

# दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति 15 मार्च तक होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी**

चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले ही गोयल ने शुक्रवार सुबह चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव प्राधिकरण के एकमात्र सदस्य रह गये हैं। पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी। इस समिति में गृह सचिव और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव शामिल होंगे। बाद में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे, चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए दो व्यक्तियों का नाम तय करेगी। इसके बाद नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है और नियुक्तियां 15 मार्च तक होने की संभावना है।

## संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

**करवार (कर्नाटक)।** भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

**जयपुर, एजेंसी**

**राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

## तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक श्रृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। ● एजेंसी

## राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**तापी (गुजरात)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा- कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

# एसबीआई की अर्जी पर आज सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**चुनावी बॉण्ड मामला**

- **याचिका में एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का किया गया है अनुरोध**



उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। कोर्ट ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

### अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी: कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को ''बचकाना'' करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि ''कोई किसी को बचाना चाहता है।'' सिब्बल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए वीडियो साक्षात्कार में कहा कि यह स्पष्ट है कि एसबीआई का इरादा सरकार का बचाव करना है, अन्यथा बैंक ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि 30 जून तक बढ़ाए जाने का ऐसे समय में अनुरोध नहीं किया होता जब अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं।



## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 .6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625 .6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 .97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619 .07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6 .04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554 .2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56 .9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .42 अरब डॉलर हो गया।

### इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

**चेन्नई।** केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। इंडियन बैंक ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने नौ मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 4/1(8) के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह को तीन साल के लिए इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया है।" इलाहाबाद कृषि संस्थान से कृषि स्नातक सिंह के पास बैंकिंग क्षेत्र में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

# अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

## भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा- एफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

### करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।


### समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

# भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत**



भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

### कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

### एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

# मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ**



भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।

# टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर 1, तीनों प्रारूप में शीर्ष पर

## भारत ने 5 मैच की शृंखला 4-1 से जीतकर आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान किया हासिल

**दुबई, एजेंसी**

भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर 5 मैच की शृंखला 4-1 से जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान पर अब भारत है। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर रहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी शृंखला में 1-0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से 5 अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की शृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

**टेस्ट**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 122 |
| ऑस्ट्रेलिया | 117 |
| इंग्लैंड | 111 |
| न्यूज़ीलैंड | 101 |
| दक्षिण अफ्रीका | 99 |
| पाकिस्तान | 89 |
| वेस्ट इंडीज | 81 |
| श्रीलंका | 79 |
| बांग्लादेश | 51 |
| ज़िम्बाब्वे | 32 |

**वन-डे**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 121 |
| ऑस्ट्रेलिया | 118 |
| दक्षिण अफ्रीका | 110 |
| पाकिस्तान | 109 |
| न्यूज़ीलैंड | 102 |
| इंग्लैंड | 96 |
| श्रीलंका | 91 |
| बांग्लादेश | 87 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 81 |
| वेस्ट इंडीज | 71 |

**टी-20**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 266 |
| इंग्लैंड | 256 |
| ऑस्ट्रेलिया | 255 |
| न्यूज़ीलैंड | 254 |
| पाकिस्तान | 249 |
| दक्षिण अफ्रीका | 249 |
| वेस्ट इंडीज | 245 |
| श्रीलंका | 233 |
| बांग्लादेश | 228 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 218 |

### हमें इस शब्द 'बैजबॉल' ने भ्रमित कर दिया: नासिर हुसैन



**धर्मशाला।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ टेस्ट शृंखला में हार पर निराशा व्यक्त करते हुए टीम के बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर काम करने और 'बैजबॉल' के प्रति जुनून छोड़ने की सलाह दी। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल शैली को अपनाया लेकिन भारत के खिलाफ यह रणनीति नहीं चली और उसे हार मिली। बैजबॉल शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से लिया गया है। हुसैन ने कहा कि हम इस शब्द बैजबॉल से भ्रमित हो गए। टीम और टीम प्रबंधन को बैजबॉल रास नहीं आ रहा है। उन्हें अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्षी टीम को देखिए। उन्होंने जिंदगी के हर पहलू की तरह प्रयास किया और उनसे सीख ली। फिर हमारा पतन क्यों हुआ। जैक क्रॉली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में क्यों नहीं बदल पाए। बेन डकेट ने तब आक्रामक रवैया अपनाया जब गेंद काफी नई थी। बेन स्टोक्स पूरी शृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## जिस दिन लगेगा अच्छा नहीं खेल पा रहा हूं, संन्यास ले लूंगा : रोहित

**धर्मशाला, एजेंसी**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह अच्छा नहीं खेल पा रहे, वह तुरंत खेल को अलविदा कह देंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से हराकर शृंखला 4-1 से जीत ली। रोहित ने मैच के बाद जियो सिनेमा से कहा कि एक दिन जब मैं सुबह उठूंगा और मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं खेल सकता तो मैं तुरंत रिटायर हो जाऊंगा, लेकिन पिछले कुछ साल से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित ने 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि रोहित इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे। शृंखला जीतने का श्रेय टीम को देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप इस तरह टेस्ट जीतते हैं तो सब कुछ सही हो जाता है। एक समय पर लोग जाएंगे और आएंगे, यह हम जानते हैं। इन युवा खिलाड़ियों के पास भले ही अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है और मैंने देखा है कि दबाव का बखूबी सामना किया है। जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है।

### मुझे नहीं लगता रोहित बेहतर कप्तान थे, उनके गेंदबाजों ने कमाल किया: स्वान



इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि टेस्ट शृंखला में रोहित शर्मा की कप्तानी बेन स्टोक्स से बेहतर नहीं थी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने कमाल किया जिससे भारत ने जीत दर्ज की। शुरू से लेकर अंत तक स्टोक्स की नेतृत्व शैली ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन रोहित की अगुवाई वाली टीम 4 मैच जीतकर बड़े अंतर से शृंखला नाम की। स्वान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक कप्तान के रूप में वह बेहतर थे क्योंकि उनके गेंदबाजों ने कमाल किया। उनके पास अच्छी मारक क्षमता थी। मुझे गलत मत समझो, रोहित अच्छा कप्तान है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप इस संदर्भ में कहते हैं कि स्टोक्स ने खराब कप्तानी की तो मुझे लगता है कि आप गलत कह रहे हैं। पहले मैच में वे नहीं चल पाए लेकिन अंतिम 4 मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करके कप्तान का काम आसान किया।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक्लेस्टोन, नवगिरे पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बयान के अनुसार, सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

### एनसीएए चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय एथलीट परवेज खान बोस्टन में अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में एक मील ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। परवेज एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। फाइनल में उन्होंने 4 मिनट 03.05 सेकेंड का समय लिया और उन्हें सातवें स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। इस एथलीट ने इससे पहले प्रारंभिक दौड़ में 3 मिनट 57.126 सेकेंड में तीसरा स्थान पाया था। परवेज इस प्रतियोगिता में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। हरियाणा के परवेज ने 2022 के राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण जीता था।

### नीरज चोपड़ा ने किया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इसके तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा कि हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा।


### सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन का युगल खिताब किया अपने नाम



**पेरिस, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 में इस खिताब को जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता। भारतीय जोड़ी इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

## बजरंग, रवि ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर

**सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी**



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर से मुश्किल से जीत पाए थे। अगर रविंदर ने चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही बाहर हो गए होते। हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा कराए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीता था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स का अधिकार नहीं है। पुरुष 57 किग्रा (नोर्डिक प्रारूप में) हमेशा मुश्किल वर्ग रहा है जिसमें तोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अमन सेहरावत दौड़ में थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले पहले मुकाबले में अमन से 13-14 से और अगले मुकाबले में उदित से हार गए।

## रोमांचक मैच में आरसीबी को एक रन से हराकर दिल्ली प्लेऑफ में

### जेमिमा ने अर्धशतक बनाकर एलिस के साथ 97 रन की साझेदारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**






दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स (58) के 26 गेंद में बनाए अर्धशतक और एलिस कैप्से (48) के साथ तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी से रविवार को डब्ल्यूपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को एक रन से मात देकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

दिल्ली की यह पांचवीं जीत थी, जिससे टीम 10 अंक से शीर्ष पर है। दिल्ली ने 5 विकेट पर 181 रन का स्कोर बनाया और आरसीबी ने 7 विकेट गंवाकर 180 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आरसीबी को जीत के करीब पहुंचा था लेकिन भाग्य ने साथ नहीं दिया और वह अंतिम गेंद पर रन आउट हो गई जब एक गेंद में दो रन की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले ऋचा ने 29 गेंद में 4 चौके और 3 छक्कों से 51 रन बनाए। आरसीबी के लिए एलिस पैरी ने 49, सोफी मोलिनेक्स ने 33 और सोफी डेविने ने 26 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना (5) का विकेट दूसरे ओवर में गिरा, लेकिन सोफी और एलिस ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। पैरी के बाद मोलिनेक्स भी आउट हो गई। सोफी डेविने (26) और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 49 रन बनाकर टीम की उम्मीद कायम रखी। डेविन के आउट होने से सभी की निगाहें ऋचा पर थीं। जेस जोनासेन के अंतिम ओवर में आरसीबी को 17 रन बनाने थे। ऋचा ने पहली गेंद पर छक्का जड़ा, अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर दिशा कसात रन आउट हुईं। चौथी गेंद पर ऋचा ने 2 रन लिए और अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर गगनचुंबी छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। पर अंतिम गेंद में शेफाली और जोनासेन ने ऋचा को आउट कर आरसीबी को झटका दिया। इससे पहले आरसीबी की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने 26 रन देकर 4 विकेट लिए। दिल्ली के लिए रोड्रिग्स ने 34 गेंद में 58 रन बनाए जिसमें 8 चौके और 1 छक्का था। उन्होंने और कैप्से ने तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की। कप्तान मेग लैनिंग (29) और शेफाली (23) ने पहले विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। रोड्रिग्स ने जॉर्जिया वारेहैम पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। रोड्रिग्स ऑफ स्पिनर श्रेयंका की गेंद पर पैडल स्वीप खेलने में बोल्ड हो गई। कैप्से भी श्रेयंका की गेंद पर बोल्ड हुईं।

## शार्दुल के खेल से विदर्भ के खिलाफ मुंबई का पलटवार

**रणजी फाइनल**



शार्दुल ठाकुर

75 रन
69 गेंद
5 चौके
3 छक्के

**मुंबई, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के खेल के दम पर मुंबई फाइनल के शुरुआती दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाए, जिससे 111 रन पर 6 विकेट गंवाने वाली मुंबई ने 224 रन बनाए।

शार्दुल ने गेंदबाजी कर विदर्भ के ध्रुव शोरे को पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने 3 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय अथर्व तायडे (21) और रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे क्रीज पर थे। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने अमन मोखाडे (8) और करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मुंबई का दबदबा बनाया। मुंबई ने बिना नुकसान के 81 रन बना लिए थे, लेकिन लंच के पहले और बाद में टीम 111 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। राहणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के पृथ्वी साव (46) और भूपेन लालवानी (37) ने रन बनाए। इस गेंदबाज ने लंच के बाद अय्यर का विकेट लिया। 20वें ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर (54 रन पर 3 विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। साव वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर 3 विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गए। मुशीर खान (6) हर्ष की फिरकी से पगबाधा हो गए। महज 30 रन के अंदर 6 विकेट मुंबई ने गवां दिए। क्रीज पर आए शार्दुल ने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।



# बॉलीवुड हलचल

## पृथ्वीराज की 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है। पृथ्वीराज ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक 'द गोट लाइफ' अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है। एआर रहमान जैसे उस्ताद को संगीत को जीवंत करते देखना सम्मान की बात है।

### ऐश्वर्या, प्रियंका और दीपिका से मिलती है आलिया भट्ट को प्रेरणा



मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। आलिया ने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा हैं।

## फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी



**मुंबई, एजेंसी।** बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी) के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू हो गई है। बड़े घर की बेटी में अंजना सिंह और यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग चल रही है। बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वहीं फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की हैं, लेकिन यह फिल्म उन सभी से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे। यामिनी सिंह ने कहा कि अलग-अलग तरह की कहानी के किरदार को जीना मेरी प्राथमिकता रही है। उम्मीद है यह फिल्म भी दर्शकों को बेहद पसंद आए। फिल्म बड़े घर की बेटी का कथा संवाद अरविंद तिवारी ने लिखा है और कला अंजनी तिवारी का है। डीओपी विजय मंडल का है। नृत्य कानू मुखर्जी, सोनू प्रीतम, संगीत साजन मिश्रा और गीत प्यारेलाल यादव, अरबिंद तिवारी का है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी हैं इस फिल्म में अंजना सिंह, यामिनी सिंह, अविनाश साही राकेश बाबू, संतोष श्रीवास्तव, प्रेम दुबे, कंचन मिश्रा, सोनाली मि मिश्रा मिश्रा, भूपेंद्र सिंह बीना पांडे मुख्य भूमिका में हैं।

## भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड का एतराज




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें न्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से एक कॉल आया था, जिसमें पहले लीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने से फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि मुझसे रवि नाम के किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था, जिसने मेरी फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया था। रोशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती की स्क्रीनिंग हो चुकी है, और हमें यूए प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया। जो बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बाबत जानकारी के लिए सेंसर बोर्ड कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि आपका मामला सेंसर बोर्ड अध्यक्ष के कार्यालय से लंबित है। जो ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। मैंने 5 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी चाही मगर कारण क्या है अभी तक बताया नही जा रहा है और 8 मार्च को मुझे फोन कर फिल्म का शिर्षक बदलने का अनुरोध किया गया।

### अंकुश राजा का होली गाना रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायक अंकुश राजा का गाना देवरे से डलवाईब रिलीज हो गया है। गाना देवरे से डलवाईब का थीम होली के दौरान भाभी के साथ देवर की ठिठोली का है, जिसे अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाना देवरे से डलवाईब वाई आर म्यूजिक फैक्ट्री के ऑफिशियल ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अंकुश राजा ने कहा कि होली के गानों की अपनी विधा है, जो हमारे यहां लोक संस्कृति में व्याप्त है। इस गाने में भी हुआ ऑडियंस को देखने को मिल रहा है और लोग इसे कनेक्ट भी कर पा रहे हैं तभी इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरे से डलवाईब गाना के म्यूजिक वीडियो में अंकुश राजा, रक्षा गुप्ता के नजर आए हैं। देवरे से डलवाईब के गीतकार छोटू यादव हैं और संगीतकार विकी बॉक्स हैं। डायरेक्टर संदीप राज हैं और कोरियोग्राफर योगेश हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लॉन्च



**दोहा।** दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस कतर एयरवेज ने लॉन्च कर दी है। कंपनी ने दुनिया की पहली डिजिटल ह्यूमन केबिन क्रू आईटीबी बर्लिन 2024 के दौरान पेश की है। इसका नाम समा है।

कंपनी ने एआई बेस्ड एयर होस्टेस का डेमो कतर वेब समिट के दौरान दिया था। ये केबिन क्रू ह्यूमन एयर होस्टेस को रिप्लेस नहीं करेगा। इसे बतौर फ्लाइट अटेंडेंट ट्रेनिंग दी गई है। यह खुद को अपडेट करती रहती

## लापता मछुआरों की खोज के लिए पाकिस्तान भारत से मांगेगा मदद

इस्लामाबाद, एजेंसी

- हिजामक्रो क्रीक में नाव पलटने से पांच मार्च को हुआ था हादसा, अब तक 31 लोगों के शव बरामद

पाकिस्तान सरकार 14 मछुआरों के शव बरामद करने के लिए भारत से मदद मांग सकती है, जो नाव पलटने के बाद से लापता हैं। सिंध के गांव इब्राहिम हैदर के 45 मछुआरे मछली पकड़ने गए थे, लेकिन पांच मार्च को थट्टा में केटी बंदर के पास हिजामक्रो क्रीक में नाव पलट गई। 31 मछुआरों को बचा लिया गया, जबकि 14 लापता हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाकिस्तानी नौसेना, समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन 14 लापता मछुआरों का पता नहीं चल सका। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के विधायक आगा रफीउल्ला ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से बात की थी और उनसे भारतीय अधिकारियों से संपर्क करने और लापता मछुआरों का पता लगाने के लिए उनकी मदद लेने को कहा था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सरकार मामले को भारतीय अधिकारियों के साथ उठाएगी, क्योंकि ऐसी आशंका है कि ज्वार की लहरें मछुआरों को भारत की क्षेत्रीय सीमा तक ले गई होंगी। रफीउल्ला ने कहा कि लापता मछुआरे के रिश्तेदारों के संपर्क में हैं।

## अमेरिकाः एडल्ट स्टार सोफिया लियोन का निधन

**वाशिंगटन।** एडल्ट फिल्म स्टार सोफिया लियोन का निधन हो गया है। 26 साल की सोफिया इस महीने की शुरुआत में अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनके निधन की पुष्टि की है। फिलहाल मौत का कारण सामने नहीं आया है। सोफिया की मौत के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पिछले तीन महीने में ये तीसरा मामला है जब किसी एडल्ट स्टार की मौत हुई है। सौतेले पिता ने गोफंडमी पर उनके मेमोरियल के लिए पैसे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोफिया एक मार्च को अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।



## स्मिशिंग से यूजर्स को फांस रहे साइबर ठग, संदिग्ध लिंक से बचें

भारत समेत दुनिया में एसएमएस धोखाधड़ी बढ़ रही है। इसे 'स्मिशिंग' कहा जाता है। साइबर सुरक्षा कंपनी प्रूफपॉइंट के अनुसार, दुनिया में रोज 4 लाख एसएमएस हमले होते हैं। साइबर लुटेरों के फैलाए इस जाल में फंसकर लोग अपने बैंक खातों से पैसा गंवा रहे हैं। जानते हैं 'स्मिशिंग' क्या है और इससे कैसे बचें...

**4** लाख एसएमएस हमले करके दुनिया में रोज साइबर लुटेरों लोगों को फंसा रहे

### स्मिशिंग, ईमेल ठगी से भी ज्यादा खतरनाक

स्मिशिंग ईमेल ठगी से अधिक खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान करना मुश्किल होती है। जबकि, पीड़ितों को लगता है कि उनके नंबर का उपयोग केवल ज्ञात लोग ही कर सकते हैं।



### क्या है स्मिशिंग ठगी



स्मिशिंग साइबर हमला है, जो मोबाइल टेक्स्ट मैसेज भेजकर किया जाता है। इसे एसएमएस फिशिंग भी कहते हैं। इससे लोगों और कंपनियों दोनों को निशाना बनाया जाता है। ठग लोगों को भ्रामक संदेश भेजता है, जिसे पढ़कर लगता है कि किसी भरोसेमंद स्रोत से भेजा गया है। इनमें अक्सर एक लिंक होता है, जो यूजर को फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है। जब यूजर अपनी जानकारी (पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल आदि) डालता है, तो ठग इसे चुरा लेता है। कुछ मामलों में मैसेज में मैलवेयर भेजा जाता है। पिछले साल 39% यूजर को कम से कम ठगी का एक मैसेज आया है।

### ठगी से कैसे बचें

अनचाहे संदेशों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करे। बैंक से जुड़ा संदिग्ध मैसेज मिले तो बैंक से संपर्क करें। निजी लेनदेन के लिए अलग ईमेल का इस्तेमाल करें। ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि संबंधित मामले में बचा जा सके।

### ऑनलाइन शिकायत दर्ज कैसे करें

चक्षु पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर उपलब्ध है। सरकार चक्षु के लिए एक एप बनाने पर काम कर रही है। अगर आपके पास धोखाधड़ी के इरादे से कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। शिकायत में कॉल या एसएमएस आने का समय, तारीख और इससे जुड़ी सभी जानकारियां देनी होती हैं। रिकॉर्ड के तौर पर ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी देना होगा। अगर साइबर ठगी का शिकार हो चुका है तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

## एक नजर

### नरसंहार से नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहेः बाइडन

**विलमिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडन ने कहा- इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग खो सकता है। उनकी ताजा टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण होते संबंधों की ओर इशारा करती है। बाइडन ने गाजा में लोगों के बड़ी संख्या में मारे जाने पर बात की।

### पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा, उत्तरी वजीरिस्तान जिले में खुफिया-आधारित अभियान चलाया। सेना कहा- पहले ऑपरेशन में आतंकवादियों के बीच झड़प में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि अनुवर्ती सफाया अभियान के दौरान चार और आतंकवादी ढेर कर दिए गए। आईएसपीआर ने कहा कि एक अलग ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश में दो आतंकियों की मौत हुई है, जबकि पांच को हिरासत में लिया गया है।

### पश्चिम बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषिणा की है। शनिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है। बंगाल में हमेशा से दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन और बाढ़ से 19 की मौत, सात लापता

**पदांग (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लापता हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बताया है कि शुक्रवार देर रात कई टन मिट्टी, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ एक पहाड़ से लुढ़ककर एक नदी तक पहुंच गए। एजेंसी ने कहा इस आपदा में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचानक आई बाढ़ से कम से कम दो ग्रामीण घायल हो गए और बचावकर्मी ऐसे सात लोगों की तलाश कर रहे हैं जो र अब भी लापता हैं। एजेंसी ने कहा- राहत बचाव कार्य जारी है।

# टिकटॉक से प्रचार कर रहे बाइडन ट्रंप महिलाओं की आजादी के विरोधी

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप विरोधी नारों के बीच युवाओं को लुभाने में जुटे हैं राष्ट्रपति

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव लगभग तय हो गया है कि जो बाइडन का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। भले ही हाल के कई सर्वे में बाइडन की उम्र (81 वर्ष) को लोगों ने बड़ा मुद्दा माना हो, लेकिन बाइडन ने जेन-जी युवाओं को लुभाने में ताकत लगा दी है। इसके लिए बाइडन अपने प्रचार में ट्रंप के भूलने की समस्या का जिक्र करते हैं।


ट्रंप को महिलाओं की आजादी का विरोधी बताते हैं। गर्भपात कानून का जिक्र करते हैं। इजराइल-फिलीस्तीन मुद्दे पर युद्ध- विराम के अपने प्रशासन के प्रयासों को बताते हैं। बॉर्डर पर दीवार का विरोध करते रहे हैं। युवाओं तक पहुंच बनाने के लिए टिकटोंक पर भी प्रचार अभियान शुरू किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन को बहस की चुनौती दी है। ट्रंप ने कहा कि यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।

### अमेरिका में 20 फीसदी युवा मतदाता चुनाव में करेंगे खेला



20 साल से कम के 20% वोटर जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए युवा मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। कुल अमेरिकी वोटरों में 18 से 19 साल तक युवा मतदाता करीब 20 फीसदी हैं। ये चुनाव के नतीजे को बना या बिगाड़ सकते हैं। वहीं, युवाओं के संगठन सनराइज मूवमेंट ने बाइडन लिए एक रोडमैप पेश किया है। इसमें 2035 तक ग्रीन एनर्जी अपनाने, आपदा प्रभावित त लोगों को मुफ्त इलाज और सस्ता आवास देने की मांग की गई है। गाजा-वेस्ट बैंक में स्थायी और तुरंत युद्धविराम तथा इजराइल को सैन्य और हथियार मदद रोकने की मांग शामिल है।

### बाइडन-ट्रंप में आरोप-प्रत्यारोप



राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदारों में 81 वर्षीय बाइडन और 77 वर्षीय ट्रंप आरोप-प्रत्यारोप से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकप्रियता में कमी के बावजूद पार्टियों पर पकड़ बनाए हुए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हमें बाइडन को हराना ही होगा। वह (बाइडन) इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, यदि हम ये चुनाव हारते हैं तो आपको एक फिर डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के साथ जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं करूंगाः एलन



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार को पैसा दान करने की उनकी कोई योजना नहीं है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे।

## चीनी एप पर अमेरिका लगाएगा पाबंदी, पेश किया विधेयक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रूस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दखल दिया था। स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट मुलर ने 2018 में पेश आरोप पत्र में बताया कि किस तरह रूसियों ने सोशल मीडिया पर हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ और डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में प्रचार किया था।

अब 2024 के राष्ट्रपति चुनाव पर ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई विशेषज्ञ चीनी कंपनी बाइटडांस के एप टिकटॉक को गंभीरता से लेने की सलाह दे रहे हैं। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग 17 करोड़ मासिक यूजर्स हैं। यह युवाओं में ज्यादा पॉपुलर है। खासकर कॉलेजों में इसके जरिये राजनीतिक प्रचार हुआ है। इसे ध्यान में रखकर 5 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी के माइक गैलागर और डेमोक्रेटिक पार्टी के राजा कृष्णमूर्ति सहित 18 अन्य सांसदों ने बाइटडांस से संबंध नहीं तोड़ने की स्थिति में टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का विधेयक प्रतिनिधि सदन में पेश किया है। विधेयक पास होने पर टिकटॉक बैन हो जाएगा। भारत ने 2020 में टिकटोंक पर प्रतिबंध लगाया था, अब अमेरिका तैयारी कर रहा है।

## एआई से बन रहे सबसे ज्यादा चुनावी फेक फोटो और वीडियो

वाशिंगटन, एजेंसी

- टेक वॉचडॉग की रिपोर्ट में खुलासा सॉफ्टवेयर से सबसे ज्यादा चुनावी कंटेंट किए जा रहे तैयार




अगले कुछ महीनों में भारत-अमेरिका समेत दुनिया के दर्जन भर से ज्यादा देशों में होने जा रहे चुनाव इस बार मुद्दों से ज्यादा एआई से लड़े जाएंगे। इसके लिए एआई के जरिए फेक न्यूज और फेक फोटोज क्रिएट किए जा रहे हैं। टेक वॉचडॉग सेंटर फॉर डिजिटल हेट की रिपोर्ट के अनुसार, एआई इमेज क्रिएटर इस वक्त सबसे ज्यादा फेक पॉलिटिकल इमेज जेनरेट कर रहे हैं।

इनके जरिए चुनाव से संबंधित फेक इमेज सबसे ज्यादा तैयार किए जा रहे हैं। मिडजर्नी, स्टैबिलिटी एआई की ड्रीम स्टूडियो, ओपेन एआई की चैट जीपीटी प्लस, माइक्रोसॉफ्ट इमेज क्रिएटर जैसे एआई इमेज जेनरेटर भ्रम पैदा करने वाले इमेज तैयार कर रहे हैं। इनमें ज्यादातर अमेरिका के चुनाव या वोटिंग सुरक्षा को लेकर हैं। यह हाल तब है, जब इन कंपनियों ने यह वादा किया है कि उन्होंने अपने एआई सॉफ्टवेयर में पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम किया है और इनसे फेक फोटोज नहीं बनाई जा सकेंगी। सेंटर फॉर डिजिटल हेट ने कहा- इन एआई सॉफ्टवेयर में कुछ टूल्स हैं, जो फेक इमेज तैयार करने से रोकते हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं।

### वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार सम्मानित

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत्त जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया।

### उग्र छात्रों ने घेरा संसद...





**एथेंस :** ग्रीस के छात्रों ने निजी विश्वविद्यालयों की योजनाबद्ध शुरुआत के खिलाफ एथेंस में प्रदर्शन किया। करीब 20 हजार छात्रों ने संसद का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें रोकने की कोशिश। इससे छात्र हिंसा पर उतर आए। उन्होंने पुलिस पर पेट्रोल बम, पटाखे फेंके और जवानों से भिड़ गए। जनवरी से ही सरकार के निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की मंजूरी से जुड़ा प्रस्ताव आने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। ● एजेंसी

## इजराइल ने बेन डेविड की हत्या का लिया बदला, आतंकी ढेर

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने उस आतंकवादी को हवाई हमले में मार गिराया है, जिसने गाजा में एक रिजर्व अधिकारी की हत्या की थी। रविवार सुबह इजराइल रक्षा बलों ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ सैनिकों ने मेजर (रेस.) अमीशर बेन डेविड की हत्या के बदले में मारा है।

43 वर्षीय बेन डेविड कमांडो ब्रिगेड प्रमुख की फॉरवर्ड कमांड टीम के प्रमुख थे। वह शुक्रवार को दक्षिणी गाजा में मारे गए थे। बेन डेविड को रविवार दोपहर यरुशलम के माउंट हर्जल सैन्य कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस बीच, मध्य गाजा में, इजरायली बलों ने पिछले दिन विमान और लड़ाकू जेट, स्नाइपर फायर और टैंक फायर के माध्यम से 13 आतंकवादियों को मार गिराया है।

## ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज, 100 करोड़ जब्त

लंदन, एजेंसी



- सुनक सरकार का एक्शन कनाडा सहित कई देशों में ट्रांजेक्शन ट्रैक

ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सीज कर लगभग सौ करोड़ रुपये की रकम जब्त की है। टास्क फोर्स ने इन सभी बैंक खाते से कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया था।

टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले साल गठित टीम की वॉच लिस्ट में पांच हजार से ज्यादा बैंक खाता हैं। टास्क फोर्स ने इन खातों को दो तरह से बांटा है। पहला- वो खाता जो सीधे तौर पर घोषित खालिस्तानी नेताओं के हैं और दूसरा- वे खाते जो खालिस्तान समर्थकों के हैं। बैंक अकाउंट से एक बार में 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेनदेन होने पर जानकारी निकलवाई जाती है।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के अमेरिका में नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए जांच एजेंसी एफबीआई से भी संपर्क साधा है। टास्क फोर्स के एक अफसर ने बताया कि भारत में प्रतिबंधित संगठनों के अमेरिका में बसे नेताओं की फंडिंग को रोकने के लिए एक दल अगले महीने अमेरिका जाएगा। बैंक अकाउंट सीज होने की कार्रवाई तेज होने पर आशंका है कि हवाला के जरिए फंडिंग हो सकती है।

## एक साल के भीतर तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे दहल

काठमांडू, एजेंसी

- मंत्रिमंडल का किया विस्तार, 13 को सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य का लिया फैसला



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस बार सत्ता में आने के बाद 15 महीने के भीतर तीसरी बार 13 मार्च को संसद में विश्वासमत हासिल करने की योजना बना रहे हैं। 25 दिसंबर 2022 को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने हाल ही में नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया।

प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर की संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को अपने सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी करने का फैसला लिया गया। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की 13 मार्च के सत्र की बैठक बुलाई गई है। नेपाली मीडिया के अनुसार, नए गठबंधन के पास संसद में 275 सदस्य हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। वरिष्ठ मधेसी नेता और जनता समाजवादी पार्टी के चेयरमैन उपेंद्र यादव को जनसंख्या एवं स्वास्थ्य और उन्हीं की पार्टी के किशोर शाह को वन मंत्री बनाया है। इसके साथ ही प्रचंड मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है।

**अध्ययन** हालिया सर्वे में सामने आए आंकड़े, इसकी बड़ी वजह बाकी कर्मीयों के मुकाबले अधिक कामगर होना

## विश्व में मैनेजर लेवल जॉब के लिए भारतीय कर्मी पहली पसंद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कामगार न केवल भारत में बल्कि देश के बाहर भी परचम लहरा रहे हैं। इनकी डिमांड अब देश के बाहर भी बड़े पैमाने पर हो रही है। हालिया एक सर्वे में सामने आया है कि दुनियाभर की कंपनियों में मैनेजर स्तर की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं।

इसके पीछे की बड़ी वजह इन्हें बाकियों के मुकाबले अधिक कामगर होना है। इसके अलावा भारतीय कर्मचारी का कल्चरली सेंसेटिव होना है, जिस वजह से यह ऑफिस में कल्चरली आसानी से घुल-मिल जाते हैं। इसके साथ ही भारतीय कर्मचारी काफी विनम्र होते हैं और काम करने के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। पिडिलाइट के डायरेक्टर भरत पुरी,जो पहले कैडबरी और मॉडेलेज के साथ काम कर चुके हैं। वे कहते हैं, पिडिलाइट के एशिया-पैसिफिक के तमाम रिजनल ऑफिस में एक-तिहाई मैनेजर भारतीय हैं। वो कहते हैं कि भारतीय मैनेजर यूरोपीय समकक्षों की तुलना में विदेश में नौकरी के लिए जल्दी और अच्छी तरह से तैयार होते हैं।

पूरी कहते हैं कि 20 साल पहले किसी मल्टीनेशनल कंपनी में भारतीयों की संख्या एक या दो होती थी, लेकिन यह संख्या अब 60-70 हो चुकी है। लग्जरियस फैशन ब्रांड शनैल की सीईओ लीना नायर कहती हैं कि हालिया दौर में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है उस दौर में भारतीय अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारतीय मैनेजर्स की विविधता और कौशल को देखकर मैं भी प्रभावित होती हूं। बता दें कि बाहर नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया सोर्स उस देश की एंबेसी की वेबसाइट खोज कर ज्यादातर भारतीय है।

वहां से पता किस तरह की जॉब मिल सकती हैं, वीजा के लिए कैसे अप्लाई करना है, बगैर-बगैरा जानकारी आसानी से मिल जाती है। इनके अलावा ईमेल आईडी पर कम्यूनिकेशन कर लेते हैं। देशों की वेबसाइट्स और वहां मौजूद जॉब जब आप किसी भी देश की वेबसाइट पर जाएंगे तो वहां ऊपर ही वीजा के लिए आवेदन करने जैसे ऑप्शन होते हैं।

### सीईओ में भी भारतीय पहली पसंद बन रहे



न केवल मैनेजर लेवल की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं बल्कि सीईओ के रूप में भी दुनियाभर की कंपनियों के लिए भारतीय पहली पसंद हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, यूट्यूब के नील मोहन, एडोब के शांतनू नारायण, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन और आइबीएम के अरविंद कृष्णा सभी भारतीय मूल के हैं।

## लेह में 'सरगर्मी' तेज, माइनस 15 डिग्री में उपवास पर बैठे वांगचुक



लेह, एजेंसी

- लद्दाख को मिले राज्य का दर्जा केंद्र सरकार को दी चेतावनी अनिश्चितकालीन चलेगा आंदोलन

लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर मशहूर इनोवेटर सोनम वांगचुक लेह में माइनस 15 डिग्री की हाड़ कंपाने वाली सर्दी में खुले आसमान के नीचे 21 दिनों के उपवास पर बैठ गए हैं।

वांगचुक की मांग है कि केंद्र जल्द से जल्द लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दे या इसे विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश बनाए। इसके अलावा छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग हो रही है। उन्होंने ने चेताया कि यदि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं करती तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा। बता दें कि लद्दाख, पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था, अब इसको अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्ज दे दिया गया है।